# शुभम संदेश

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 30 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 112 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



## आवेदन फॉर्म नि:शुल्क

**किसे मिलेगा लाभ...**

- झारखण्ड की निवासी
- 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम आयु
- आधार से जुड़ा सिंगल (एकल) बैंक खाता
- जिनका बैंक खाता आधार से जुड़ा नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर-2024 तक उठा सकती हैं, उसके पश्चात बैंक खाता को आधार से जुड़वाना जरूरी है
- मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड
- झारखण्ड राज्य के राशन कार्डधारी परिवार*
  - पीला राशन कार्ड (अंत्योदय अन्न योजना)
  - गुलाबी राशन कार्ड (पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड)
  - सफेद राशन कार्ड (K-Oil राशन कार्ड)
  - हरा राशन कार्ड



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

अधिक जानकारी के लिए
1800-890-0215
टोल फ्री नंबर

फॉर्म डाउनलोड करने के लिए
स्कैन करें

https://www.jharkhand.gov.in/wcd

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार

### खुशियों का उपहार

21 से 50 वर्ष तक की उम्र की बहनों को हर महीने ₹1000 की सम्मान राशि

हर महीने की 15 तारीख तक बैंक खाते में राशि

आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका द्वारा घर-घर जाकर आवेदन फॉर्म नि:शुल्क दिया जायेगा

**3 से 10 अगस्त तक विहित प्रपत्र में आवेदन जमा करने हेतु विशेष कैम्प का आयोजन:**

- ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत भवन
- शहरी क्षेत्र में संबंधित जिला उपायुक्त द्वारा चयनित केंद्र



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशेष कैंप के बाद भी अपना आवेदन नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में कभी भी जमा कर सकते हैं

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# मॉनसून सत्र: सदन के अंदर और बाहर पोस्टर वार

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन घुसपैठ, आदिवासी छात्रों पर लाठी चार्ज को लेकर विपक्ष हमलावर रहा. इसके बाद सत्ता पक्ष ने भी पलटवार किया. सोमवार को सदन के अंदर और बाहर बयानों के साथ पोस्टर वार भी चलता रहा. विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष ने भी सदन के बाहर प्रदर्शन किया. तख्ती पंपलेट के जरिए झामुमो विधायकों ने भाजपा विरोधी नारे लगाए. तख्ती में लिखा था कि संताल वीरों धरती है, जब अंग्रेजों को नहीं छोड़ा, तो तुम्हारी क्या हस्ती है. दूसरी तख्ती में लिखा था कि झारखंडी झुक कर जोहार करता है, अस्तित्व की बात आए, तो हूल के साथ वार करता है. एक और तख्ती में लिखा था कि हेमंत को झुका न सके तो झारखंड तोड़ने चल पड़े, मिट जाओगे. कैसे लिया झारखंड, लड़ के लिया झारखंड के स्लोगन के जरिए सत्ता पक्ष ने विपक्ष को जवाब दिया. साथ ही तख्ती के जरिए कांग्रेस और झामुमो विधायकों ने निशिकांत दुबे के बयान का भी विरोध किया.

### खास बातें

- विपक्ष ने बदलती डेमोग्राफी को बनाया मुद्दा
- सत्ता पक्ष ने कहा, बाहरियों को बसा रही है भाजपा






**भाजपा का काउंटर अटैक, मुस्लिम आबादी बढ़ाना बंद करो**

इस बीच विपक्ष ने भी तख्तियों के जरिए काउंटर अटैक किया. तख्ती में लिखा था कि वोट बैंक की राजनीति के लिए मुस्लिम आबादी बढ़ाना बंद करो, आदिवासी बहन बेटियों के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने वाली हेमंत सरकार शर्म करो. नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि हम सदन के अंदर और बाहर जनता के मुद्दों पर सरकार का जवाब चाहते हैं. लेकिन हमें जवाब नहीं मिल रहा है. सरकार के अब गिनती के दिन बचे हैं. सरकार अपने पांच साल के कार्यकाल का हिसाब दे या फिर राज्य की जनता से माफी मांगे.

## ब्रीफ खबरें

### आदिवासियों के अस्तित्व को मिटा रहे हैं : मरांडी

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर कहा है कि सोमवार को झारखंड विधानसभा परिसर में भाजपा विधायकों ने बांग्लादेशी घुसपैठ के विरुद्ध प्रदर्शन किया. सत्ता के लालच में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देकर हेमंत सरकार झारखंड में आदिवासियों के अस्तित्व को मिटाने का प्रयास कर रही है. भारतीय जनता पार्टी इस हमले को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी. वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने ट्वीट कर कहा है कि झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार झारखंड में दलितों का हकमारी खुलेआम कर रही है. उन्होंने झारखंड में सार्वजनिक राशन वितरण दुकानों के आवंटन का उदाहरण देते हुए ट्वीट में लिखा है कि दुकान का आवंटन जिन मुस्लिम परिवारों को हुआ है, उनका कास्ट एससी बताया गया है.

### नागर विमान सोसाइटी को किया गया भंग

**रांची।** झारखंड में 12 साल पहले बनी नागर विमान सोसाइटी को राज्य सरकार ने भंग कर दिया है. इस सोसाइटी का गठन 2012 में हुआ था. पिछले कई सालों से यह सोसाइटी काम नहीं कर रही थी. विमानन क्षेत्र में ट्रेनिंग के लिए इस सोसाइटी का गठन किया गया था. इनके कर्मियों का समायोजन नागर विमानन विभाग में किया जाएगा.

**क्यों भंग करनी पड़ी सोसाइटी :** नागर विमानन सोसाइटी को भंग करने की सबसे बड़ी वजह यह रही कि राज्य सरकार ने दो साल पहले झारखंड फ्लाइंग संस्थान के गठन को स्वीकृति दी थी. इस संस्थान के जरिए ग्लाइडिंग, एयरोमॉडलिंग और विमानन से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इस संबंध में नागर विमानन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है.

### कैपेसिटी बिल्डिंग पर प्रशिक्षण आयोजित

**रांची।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट रांची, कोल इंडिया के वित्त विभाग के अधिकारियों के कैपेसिटी बिल्डिंग एंड नॉलेज शेयरिंग के लिए दो दिवसीय मैराथन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. क्षमता निर्माण पर आईआईसीम में चल रही श्रृंखला के हिस्से के रूप में सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों के वित्त अधिकारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य वित्त पेशेवरों के ज्ञान को बढ़ाना और उन्हें उनके क्षेत्र में नवीनतम विकास पर अद्यतन करना है. कार्यक्रम का उद्घाटन सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा ने किया. अपने उद्घाटन भाषण में वित्त पेशेवरों के लिए क्षमता निर्माण के महत्व पर जोर दिया.

## झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र : दूसरे दिन भी पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

# बांग्लादेशी घुसपैठ पर हंगामा

शुभम किशोर। रांची

झारखंड विधानसभा मॉनसून सत्र का दूसरा दिन था और दूसरा दिन हंगामे के साथ शुरू हुआ. सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से सदन के बाहर हंगामा किया गया . जहां एक तरफ सत्ता पक्ष के विधायक निशिकांत दुबे के संसद में दिए गए बयान पर बीजेपी को घेरते नजर आई, तो वही दूसरी तरफ बीजेपी के विधायक बदलती डेमोग्राफी और पाकुड़ की घटना को लेकर हमलावर दिखाई दिए. सदन के बाहर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से जमकर नारेबाजी हुई और धरना दिया गया. भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कांग्रेस विधायक नेहा शिल्पी तिर्की के बयान पर कहा कि इसका सबसे अच्छा जवाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर हैं, जो बिहार से आते हैं इसका मतलब वह घुसपैठिया हैं. मंत्री रामेश्वर उरांव भी बिहार से ही हैं, तो उनको भी घुसपैठिया कह देंगे. मुझे शर्म आती है कांग्रेस की सोच पर. मैं इस बयान की घोर निंदा करता हूं .

वही विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि जहां-जहां इंडिया गठबंधन की सरकारें हैं, वहां पर ये लोग बांग्लादेश की सीमा को खोल देते हैं. इनको वोट बैंक बढ़ाना है. सारठ विधानसभा क्षेत्र में अब बांग्लादेश के लोग भर चुके हैं. पूरे संथाल की डेमोग्राफी चेंज करने में यहां की सरकार लगी हुई है. वहां पर केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करके जल्द से जल्द नियम लागू करने चाहिए. कांग्रेस पार्टी हमेशा से झारखंड बिहार के लोगों को अलग करने का काम करती रही हैं. कांग्रेस विधायक ने ऐसा बयान देकर कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाया है. अगर बिहार से पर अन्य प्रदेशों से लोग यहां आते हैं और नागरिक हैं तो उनका वोट भी चाहिए कांग्रेस को और उनको ही गाली भी देंगे.

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 26 जुलाई की रात को पाकुड़ में पुलिस ने केकेएम कॉलेज के छात्र को बेरहमी से पिता और उन्हें लहूलुहान कर दिया. उसका केवल एक ही कारण था क्योंकि कॉलेज के लड़के और ट्राइबल ऑर्गेनाइजेशन हैं संतान में यह सब मिलकर 27 जुलाई को धरना पर बैठने वाले थे. जिस तरह से संताल में डेमोग्राफी बदल रही है और खासकर की आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है. उससे आदिवासी लोग प्रताड़ित हो रहे हैं. मामले को दबाने के लिए पुलिस ने देर रात जाकर छात्रों को पीटा. निशिकांत दुबे के बयान पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वह उनका व्यक्तिगत बयान है पार्टी का नहीं. किसी के भी मन में कुछ आता है, तो वह उसका व्यक्तिगत बयान होता है पार्टी का नहीं. पूरे झारखंड की डेमोग्राफी बदली है. संथाल परगना थोड़ा ज्यादा प्रभावित हुआ है .

इसका जवाब देते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि संथाल परगना को सिर्फ चुनाव को प्रभावित करने के लिए आधार बना रहे हैं . हम भी देखना चाहते हैं कि बांग्लादेशी कैसे होते हैं. अभी तक हमने एक भी बांग्लादेशी झारखंड में नहीं देखा. बिहारी घुसपैठ कैसे होगी. पहले झारखंड बिहार का हिस्सा था उसे वक्त हर कोई बिहारी था जब हमारा जन्म हुआ तब हम भी बिहारी थे.

वहीं कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने कहा बीजेपी शुरू से ही डिवाइड एंड रूल की पॉलिसी पर विश्वास करती है. झारखंड में भी वह डिवाइड रूल की पॉलिसी को लाना चाहती है. राजेश कच्छप ने आरोप लगाते हुए कहा की भाजपा का मानसिकता ही है, 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भी उनके पूर्वजों ने भी अंग्रेजों का साथ दिया था और गुलामी किया था. उस समय के भी स्वतंत्रता सेनानी को भी डिवाइड एंड रूल से बांटने की कोशिश की थी. सेम पॉलिसी बीजेपी देश और झारखंड में करना चाहती है. विधायक राजेश कच्छप ने कहा की घुसपैठ वाला मुद्दा बीजेपी का इस बार प्रमुख मुद्दा है. राजेश कच्छप ने कहा हमारा बस यही कहना है की बीजेपी वाले अमित शाह को क्यों गाली दे रहे हैं. अमित शाह पर झारखंड के विधायक और सांसद को विश्वास नहीं है क्या. जब अमित शाह के जिम्मे बॉर्डर की सुरक्षा है, अमित शाह का पूरा फोर्स वहां लगा हुआ है. जिसके नाम पर वो राजनीति करते हैं, बांग्लादेश का नाम सामने आ रहा है और अगर आप बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात कर रहे है तो आप अमित शाह पर सवाल उठा रहें है. आखिर विदेशी बिना परमिशन कैसे आ रहे है. आप अमित शाह से सवाल कीजिए, आप झारखंड में हल्ला क्यों कर रहे हैं.

### विधानसभा के बाहर भी गरमाया रहा माहौल



### अल्पसूचित प्रशन: सदन में उठा फायर स्टेशन स्थापित करने का मामला

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन अल्पसूचित प्रशन के तहत विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने पूछा कि मांडर विधानसभा के अंतर्गत चानेहो मांडर, बेड़ो, इटकी और लापुंग प्रखंड वन अच्छादित होने के कारण आगलगी का खतरा बना रहता है. इन क्षेत्रों में फायर स्टेशन नहीं है, इस प्रभारी मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि अग्निशमन विभाग त्वरित कार्रवाई करता है. समय पर दमकल वहां पहुंच जाता है.

**चिल्ड्रेन एजुकेशन अलाउंस का मामला भी :** विधाक भूषण तिर्की ने अल्पसूचित प्रशन के तहत चिल्ड्रन एजुकेशन अलाउंस का मामला सदन में उठाया. कहा कि केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य के सरकारी कर्मियों के अधिकतम दो संतान को चिल्ड्रेन एजुकेशन अलाउंस का लाभ नहीं मिल रहा है. इस पर प्रभारी मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि सरकार के कर्मियों के बच्चों के लिए फिलहाल चिल्ड्रेन एजुकेशन अलाउंस अनुमान्य करना राज्य सरकार का नीतिगत फैसला है. इसके वित्तीय पहलू और अन्य राज्यों में प्रभावी नियमों का अध्ययन किया जा रहा है.

### सहारा के जमाकर्ताओं का मामला भी उठा

**रांची।** गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने मानसून सत्र के दूसरे दिन सहारा इंडिया में निवेश व जमा की राशि का भुगतान करने का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि राज्य भर के लाखों उपभोक्ताओं के द्वारा सहारा इंडिया में लगभग 500 अरब रुपए से ज्यादा का निवेश व जमा किया गया. जिसकी परिपक्वता अवधि पूरी होने के बावजूद सहारा इंडिया के द्वारा राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है. उन्होंने राज्य सरकार से निवेशकों की जमा की राशि का भुगतान कराने के लिए कदम उठाने पर जोर दिया.

# बच्चा सिंह के निधन पर सीएम व राजेश ठाकुर ने शोक जताया

विशेष संवाददाता। रांची

पूर्व मंत्री बच्चा सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा शोक प्रकट किया है. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री और झरिया विधानसभा के पूर्व विधायक आदरणीय बच्चा सिंह के निधन के दुखद समाचार मिला. वे हमेशा मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे. परमात्मा दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे.



### युवा नेता के एक कालखंड का अंत : ठाकुर

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है . ठाकुर ने कहा कि स्व .बच्चा सिंह का निधन ना सिर्फ बोकारो बल्कि पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है . उन्होंने झारखंड निर्माण के साथ अपने कार्यकाल में नागरीय विकास के लिए योजना तैयार की, अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई कार्य किये . आम जनता के साथ उनके व्यवहार ने ही उन्हें लोकप्रिय बनाकर रखा . अपने राजनीतिक विरोधियों की भी मदद करने में वह पीछे नहीं रहते थे, जिसके कारण आम लोगों के साथ-साथ समाज के हर दायरे लोकप्रिय थे . मजदूर और युवाओं के हितैषी स्व . सिंह का जाना एक कालखंड का अंत है .

## कोर्ट की खबरें

# लैंड स्कैम: छवि रंजन व विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर 12 अगस्त को सुनवाई

संवाददाता। रांची

चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार की सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि निर्धारित की है. दरअसल रांची के बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था.

### प्रेम प्रकाश की बेल पर सुरक्षित रखा फैसला

**रांची।** चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी और पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार को ईडी और प्रेम प्रकाश की ओर से बहस सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की खंडपीठ में प्रेम प्रकाश की बेल पर सुनवाई हुई.

### कोर्ट ने 24 लाख देने का दिया आदेश

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में दोषी दिए गए अमित कुमार सोनी को एक वर्ष की सजा और 24 लाख का जुर्माना लगाया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि उस पीड़ित को दी जाएगी, जिसे अमित सोनी ने चेक दिया था. यह राशि उस चेक के बदले देय होगी, जो बाउंस हो गया. दरअसल अमित सोनी ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के 19 लाख 85 हजार के दो अलग अलग चेक दिए थे. जो बाउंस कर गए थे.

## जानकारी | नए मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर चलेगा अभियान

# 1.24 लाख लोगों को ट्रैफिक नियम बताएंगे

संवाददाता। रांची

नए मोटर व्हीकल एक्ट को लेकर लोगों के भारी भरकम चालान काटे जा रहे हैं. वहीं अब झारखंड में लोगों को ट्रैफिक नियम बताने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. पिछले दो महीने के दौरान झारखंड के सभी 24 जिले में 1.24 लाख लोगों को ट्रैफिक नियम को लेकर जागरूक किया गया है. पुलिस ने जनता से अपील की है वे यातायात नियमों का अनुपालन करें, वाहनों को खतरनाक ढंग से ना चलाएं और सड़क पर वाहन चलाते हुए अपनी और दूसरे की जीवन की सुरक्षा करें.

### जाने किस जिले में कितने लोगों को किया गया जागरूक



| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची | 6773 | कोडरमा | 1211 |
| गुमला | 8182 | चतरा | 9536 |
| लोहरदगा | 1443 | गिरिडीह | 8495 |
| सिमडेगा | 855 | धनबाद | 975 |
| खूंटी | 5611 | बोकारो | 1803 |
| जमशेदपुर | 5715 | दुमका | 9341 |
| चाईबासा | 3068 | देवघर | 1681 |
| सराइकेला | 12833 | जामताड़ा | 2180 |
| पलामू | 5539 | गोड्डा | 3869 |
| गढ़वा | 8000 | पाकुड | 4744 |
| लातेहार | 6622 | साहिबगंज | 7196 |
| हजारीबाग | 4289 | **कुल** | **124466** |
| रामगढ़ | 4505 | | |



## क्लासिफाइड
























मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 33.1 | 27.3 |
| जमशेदपुर | 31.0 | 26.3 |
| डालटनगंज | 34.4 | 27.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, मंगलवार 30 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 112

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## विधानसभा सदन में आमने-सामने हो गए सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य, वेल में घुसे, की जम कर नारेबाजी

# मॉनसून सत्रः हंगामे के बीच 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को जोरदार हंगामे के बीच वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने 4833.39 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया. इससे पहले सुबह 11 बजकर 9 मिनट में जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई. विपक्ष का हंगामा शुरू हो गया. विपक्ष ने बांग्लादेशी घुसपैठ, पाकुड़ में आदिवासी छात्रों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर नारेबाजी की. वेल में घुस कर विपक्ष ने जम कर नारेबाजी की.

हंगामा होता देख स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक के लिए स्थगित कर दी. इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू होते ही घुसपैठ मामने में सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हो गए. दोनों पक्षों ने वेल में आकर एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की. इस पर स्पीकर ने कहा कि अंतिम सत्र है. चार दिन बाकी हैं. आप लोग सदन की शोभा हैं. सदन की कार्यवाही को चलने दीजिए. इसके बाद भी हंगामा होता रहा. हंगामा होता देख स्पीकर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.




## विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामा न थमता देख कार्यवाही पूरे दिन के लिए की स्थगित

### घुसपैठियों को बाहर भगाया जाएः अमर बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि यह आखिरी सत्र है. सभी घुसपैठिए को चिन्हित कर बाहर भगाया जाए. जिन लोगों ने लाठी चार्ज किया है, उन पर कार्रवाई हो. जमीन लूटने वालों के खिलाफ आदिवासी छात्रों ने आंदोलन किया, पुलिस लाठी चार्ज कर उल्टे उनके ऊपर केस कर रही है. दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए. यह आखिरी सत्र है.

### राज्य के अस्तित्व को मिटाना चाहती है भाजपाः प्रदीप यादव



हंगामे के बीच कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा झारखंड के अस्तित्व को मिटाना चाहती है. टुकड़ो में विभक्त करना चाहती है. 20 साल तक भाजपा सत्ता में रही लेकिन कभी भी आदिवासियों के बारे में नहीं बोली, न ही जनता के हित में कुछ बोली. इन लोगों को जनता भी समझ गई, चुनाव में जवाब देगी.

### एसआईटी से जांच कराए राज्य सरकारः बाबूलाल




बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले की एसआईटी का गठन कर राज्य सरकार जांच कराए. पूरे राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों ने पैठ बढ़ा ली है. संथाल परगना में तो ये साफ-साफ दिख रहा है. पूरे संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल गई है. आंकड़े बताते हैं कि राज्य में मुस्लिमों की आबादी अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है.

### राज्य को अराजकता की ओर ढकेलना चाहते हैंः सुदिव्य



झामुमो विधायक सुदिव्य सोनू ने कहा कि भाजपा राज्य को अराजकता की ओर ढकेलना चाहती है. बॉर्डर के 15 किलोमीटर के दायरे में बीएसएफ का कानून चलता है. रांची में बाहरियों को बसा रहे हैं. झारखंड के आदिवासियों को बर्बाद कर रहे हैं. जनता आनेवाले चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगी.

### अनुपूरक बजट में सबसे अधिक महिला बाल विकास को 1114 करोड़ का प्रावधान



राज्य सरकार ने अनुपूरक बजट में सबसे अधिक महिला बाल विकास पर फोकस किया है. इसके लिए 1114 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया है. इसके बाद पंचायती राज को 756 करोड़ से अधिक बजट का प्रावधान किया गया है. ऊर्जा विभाग को 260 करोड़ से अधिक, स्वास्थ्य को 221 करोड़ से अधिक और गृह विभाग को 494 करोड़ से अधिक के बजट का प्रावधान किया है. – शेष पेज 11 पर

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 64,500 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

## ब्रीफ खबरें

### अफजाल की सजा रद्द, सांसद बने रहेंगे

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी के गाजीपुर की एक अदालत द्वारा गैंगस्टर कानून के एक मामले में सांसद अफजाल अंसारी की दोषसिद्धि और उन्हें सुनाई गई चार साल की सजा को सोमवार को रद्द कर दिया है. इससे उनकी सांसदी बच गई है.

### आरक्षण पर हाईकोर्ट का फैसला बरकरार

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया, जिसके तहत बिहार में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 50 फीसदी से बढ़ा कर 65 फीसदी करने वाले संशोधित आरक्षण कानूनों को रद्द कर दिया गया था.

### केजरीवाल के खिलाफ अंतिम आरोप पत्र दाखिल

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में जांच पूरी करते हुए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पांच अन्य के खिलाफ सोमवार को अपना अंतिम आरोप पत्र दाखिल किया. सीबीआई ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ उसके पास पर्याप्त सबूत हैं. -पेज 12 भी देखें

### भारत ने अर्जेंटीना को 1-1 के ड्रॉ पर रोका

**पेरिस।** आखिरी क्षणों में पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने पेरिस ओलंपिक पुरुष हॉकी में पूल बी के मैच में अर्जेंटीना को 1.1 से ड्रॉ पर रोका. भारत को इस मैच में मिले दसवें पेनल्टी कॉर्नर पर यह पहला गोल आया जो सारी कहानी खुद कहता ह. पिछले मैच में भी 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर हरमनप्रीत के गोल की बदौलत ही भारत ने न्यूजीलैंड को 3.2 से हराया था. - पेज 10 भी देखें

# राहुल गांधी का चक्रव्यूह

## किसान, पेपरलीक, अग्निवीर, टैक्स, देश में फैले डर और ए1-ए2 पर मोदी सरकार को जम कर घेरा

## सरकार ने अभिमन्यु की तरह हिंदुस्तान को चक्रव्यूह में फंसाया, इंडिया गठबंधन ही चक्रव्यूह को तोड़ेगा

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सत्ता पक्ष को चक्रव्यूह में घेरने की कोशिश की. किसान, पेपर लीक, देश में फैले डर, बजट और टैक्स से जुड़े तमाम मुद्दों पर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरा. राहुल ने बजट पर चर्चा पर बोलते हुए कहा कि देश में डर का माहौल है, यह डर पूरे देश में फैला हुआ है. भाजपा के अंदर लोग डरे हुए हैं, मंत्री डरे हुए हैं और देश के किसान डरे हुए हैं. राहुल गांधी ने इसके बाद अभिमन्यु से जड़ी प्राचीन घटना का जिक्र करते हुए सरकार पर निशाना साधा. बजट पर अपने भाषण की शुरुआत उन्होंने महाभारत और कुरुक्षेत्र की लड़ाई में अभिमन्यु को चक्रव्यूह में फंसा कर मारने की घटना का जिक्र करते हुए किया. राहुल गांधी ने कहा, अभिमन्यु को छह लोगों (द्रोणाचार्य, कर्ण, कृपाचार्य, कृतवर्मा, अश्वश्थामा और शकुनी) ने चक्रव्यूह में फंसा करके मारा था.

चक्रव्यूह में डर होता है, हिंसा होती है. उन्होंने चक्रव्यूह का दूसरा नाम बताते हुए कहा, पदमव्यूह, कमल के आकार का. 21वीं सदी में नया चक्रव्यूह तैयार हुआ है. लोटस का चिन्ह होता है. वही लोटस, जिसे प्रधानमंत्री अपने सीने पर लगाते हैं. चक्रव्यूह में जो अभिमन्यु के साथ किया गया, वही काम हिन्दुस्तान के लोगों के साथ किया गया. आज भी चक्रव्यूह को छह लोग कंट्रोल कर रहे हैं, नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजीत डोभाल, अडानी और अंबानी. इस पर सत्ता पक्ष की तरफ से आपत्ति की गई. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी सदन के बाहर के व्यक्ति का नाम लेने से रोका. तब राहुल गांधी ने कहा कि आप कहें, तो अडानी-अंबानी का नाम निकाल देते हैं. इसके बाद अडानी-अंबानी का नाम ए1, ए2 कह कर संबोधित किया. राहुल गांधी ने दूसरे चक्रव्यूह का जिक्र करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान के युवाओं को अग्निवीर के चक्रव्यूह में फंसा दिया गया है. किसानों का जिक्र करते हुए कहा, बजट में उनके लिए कुछ नहीं किया गया. वह सिर्फ एक चीज मांग रहे हैं, वह यह कि एमएसपी का कानून बनाया जाए. सरकार ने उनसे बात तक नहीं की. उन्हें तीसरे चक्रव्यूह में फंसा दिया गया. हम इसी सदन में चक्रव्यूह को तोड़ कर एमएसपी को कानून का दर्जा देंगे.




### पहले पैर तोड़े और अब बैंडेज लगा रहे हैं

राहुल गांधी ने कहा कि बजट में आपने इंटर्नशिप प्रोग्राम की बात की और कहा कि इंटर्नशिप प्रोग्राम हिंदुस्तान की पांच सबसे बड़ी कंपनियों में होगा. तो हमारे देश के 99 फीसदी युवाओं को इससे कोई फायदा होने वाला नहीं है. बजट स्पीच का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेपर लीक के बारे में कुछ नहीं कहा और एजुकेशन सेक्टर के लिए इस बार कम पैसा दिया. युवाओं के लिए पेपर लीक सबसे जरूरी मुद्दा है, उन्होंने इसके बारे में एक शब्द नहीं कहा. आपने एक तरफ पेपरलीक चक्रव्यूह और दूसरी तरफ बेरोजगारी चक्रव्यूह बना दिया. 20 साल में शिक्षा पर सबसे कम बजट (2.5 फीसदी) है. टैक्स टेररिज्म को रोकने के लिए बजट में सरकार ने कुछ नहीं किया. कोविड के समय में आपने छोटे बिजनेस को खत्म किया, इसकी वजह से बेरोजगारी है. वित्त मंत्री सामने बैठी हैं, आपने युवाओं के लिए बजट में क्या किया. आपने इंटर्नशिप प्रोग्राम की बात की. ये शायद एक मजाक है. आपने कहा कि ये हिंदुस्तान की 500 कंपनियों में है. पहले आपने पैर तोड़ दिए और अब बैंडेज लगाने की कोशिश कर रहे हैं. –शेष पेज 11 पर

### मिडिल क्लास को कहीं का नहीं छोड़ा

राहुल गांधी ने मिडिल क्लास को चक्रव्यूह में फंसाने की भी बात की. उन्होंने कहा कि इंडक्सेशन खत्म करके और कैपिटल गेन में बढ़ोतरी करके उन्हें नुकसान में ला दिया गया है. व्यवसायियों को चक्रव्यूह में फंसाने का जिक्र करते हुए कहा कि जीएसटी ने छोटे उद्योग को समाप्त कर दिया. कोरोना के वक्त सरकार ने बड़े उद्योगों को मदद की, छोटे उद्योगों को छोड़ दिया. बड़े उद्योगों ने रोजगार के लिए कुछ भी नहीं किया. युवाओं के लिए सरकार ने बेरोजगारी व पेपर लीक का चक्रव्यूह बना दिया. नेता प्रतिपक्ष ने कहा, मिडिल क्लास शायद इस बजट से पहले पीएम को सपोर्ट करता था. जब पीएम ने कोविड के वक्त थाली बजवाई थी, तो उन्होंने खूब बजाई. उसके बाद पीएम ने उसी मिडिल क्लास से मोबाइल फोन की लाइट जलवाई. अब इस बजट में आपने उसी मिडिल क्लास के पीठ और छाती में छुरा मारा. आपने जो इंडेक्सेशन कैंसिल की वो पीठ में छुरा था और कैपिटल गेन्स टैक्स आपने बढ़ाया, वो छाती में छुरा था. राहुल ने कहा कि सेना के जवानों को अग्निवीर के चक्रव्यूह में फंसाया गया. इस बजट में अग्निवीरों के पेंशन के लिए एक रुपया नहीं है. आप खुद को देशभक्त कहते हो, लेकिन जवानों की पेंशन के लिए आपने एक रुपया नहीं दिया.

### निशिकांत ने उठाई झारखंड में राष्ट्रपति शासन की मांग

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की. भाजपा के निशिकांत दुबे ने शून्यकाल में आरोप लगाया कि गत 27 जुलाई को झारखंड के पांकुड़ में कुछ आदिवासी छात्र अपनी समस्याओं को लेकर आंदोलन करना चाह रहे थे, लेकिन राज्य पुलिस ने छात्रावासों में छात्रों को 'बर्बरतापूर्ण' तरीके से पीटा. उन्होंने कहा, राज्य सरकार बांग्लादेशियों को बसाने के लिए आदिवासियों को बर्बाद कर रही है. उन्होंने दावा किया कि पुलिस की पिटाई के बाद दो छात्र मरणासन्न अवस्था में हैं, और 11 अन्य छात्र गंभीर हालत में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं. झारखंड में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए. सांसद दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने घटना का संज्ञान भी लिया है.



### 'राहुल को ट्यूशन लेने की जरूरत'

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सोमवार को लोकसभा में भाषण के बाद मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर राहुल गांधी पर पलटवार किया है. प्रधान ने लिखा, नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर चर्चा के समय का इस्तेमाल फिर अपनी नकारात्मक राजनीति के लिए किया. कांग्रेस पार्टी इरादतन बार-बार सदन की गरिमा को गिराने का काम कर रही है.

उन्होंने लिखा, नेता प्रतिपक्ष होने के नाते पहले राहुल गांधी को सदन की मर्यादा में रहकर कैसे वक्तव्य दिया जाता है, इसका ट्यूशन लेने की जरूरत है. चुनावी सभा और संसद में भाषण देने में अंतर होता है, फिर राहुल गांधी की अपरिपक्वता देश के सामने उजागर हुई है. पोस्ट में धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा, चाहे देश के दलितों की बात हो, गरीबों की बात हो, किसानों की बात हो, छात्रों की बात हो, खिलाड़ियों की बात हो, मध्यम वर्गीय परिवारों की बात हो, कांग्रेस की इनके प्रति क्या सोच रही है, उसे देश भली-भांति जानता है.

# हेमंत की बेल रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

## ईडी की याचिका को किया खारिज

संवाददाता। रांची

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से मिली बेल को रद्द करने की मांग वाली ईडी की याचिका को खारिज कर दी है. सोमवार को हुई सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट के आदेश में किसी तरह की त्रुटि नहीं है. लिहाजा इसमें किसी तरह की हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है. सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत मिली है.

जानकारी के मुताबिक 18 जून को हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दी थी. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि जिस केस में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया, शायद उस केस में वह मुजरिम नहीं है. इस आदेश के बाद हेमंत सोरेन जेल से जमानत पर बाहर आ सके. जिसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. ईडी ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी. सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन की खंडपीठ में ईडी की याचिका पर सुनवाई हुई. पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट का 28 जून का आदेश 'बेहद तर्कपूर्ण' था. हम संबंधित आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं.

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि हेमंत सोरेन का मामला 8.86 एकड़ जमीन का मामला है. आरोप है कि उन्होंने सरकारी दस्तावेज व रेवन्यू रिकॉर्ड में टेंपरिंग किया है. वो रिकॉर्ड जो हेमंत सोरेन के पोजेशन में नहीं थे. किसी डाक्यूमेंट में, कहीं पर भी, किसी से भी मिला है, उसमें हेमंत सोरेन या उनके परिवार के किसी सदस्य का नाम नहीं है. एक महिला का बयान, एक व्यक्ति संतोष मुंडा, जिसने कहा- मंत्री जी जमीन के मालिक है, एक अमीन, जो कह रहा है आई केम टू नो, कि हेमंत सोरेन की प्रॉपर्टी है. वो भानु प्रसाद, जो इस पूरे केस का किंग पिन है, उसने अपने सबसिक्वेंट स्टेटमेंट में हेमंत सोरेन का नाम नहीं लिया. इस तरह हाईकोर्ट इस नतीजे पर पहुंची थी कि जिस कथित जमीन घोटाले के मामले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया, शायद वह इसमें मुजरिम नहीं हैं. झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने मामले में ईडी द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किए जाने से कुछ समय पहले ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था.

बता दें कि ईडी ने दावा किया था कि जांच के दौरान हेमंत सोरेन के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने स्वीकार किया कि झामुमो नेता ने उन्हें भूखंड के स्वामित्व विवरण को बदलने के लिए आधिकारिक रिकॉर्ड में हेरफेर करने का निर्देश दिया था. एजेंसी ने यह भी दावा किया कि जमीन के मूल मालिक राज कुमार पाहन ने अपनी जमीन हड़पे जाने की शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की थी, लेकिन उस पर कभी कार्रवाई नहीं की गई. सोरेन को ईडी ने कई बार तलब किया गया, जिसके बाद उनसे उनके आवास पर पूछताछ की गई और फिर 31 जनवरी को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था.



- हाईकोर्ट का फैसला बेहद तर्कपूर्ण, हम हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं
- सुप्रीम कोर्ट के फैसले से झामुमो नेता को बड़ी राहत, ईडी को झटका

### परिवार का कीमती समय जाया किया गया

सुप्रीम कोर्ट से ईडी की अपील याचिका खारिज होने के बाद हेमंत सोरेन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार पर बहुत तरीके से लांछन लगे और मेरा कीमती समय भी इन लोगों ने जाया किया. न्यायालय सर्वोपरि है. यहां अंधकार नहीं होता. लेकिन कुछ समूह ऐसे हैं जो न्यायालय के समय को बर्बाद करते हैं और बेवजह समाज में काम करने वाले लोगों की आवाज़ को बंद करने का प्रयास कर रहे हैं, अपनी शक्तियों का दुरूपयोग कर रहे हैं. न्यायालय के आदेश से ये बाद साबित हो गया.

# अच्छे दिन-बुरे दिन

सुरजीत सिंह

"अच्छे दिन". दस साल पहले यह नारा हमने सुना था. पांच साल पहले इसके विपरीत भी एक नारा आया. वह था- "बुरे दिन." पर, क्या आपको पता है किनके अच्छे दिन आए और किनके बुरे दिन ? पिछले हफ्ते भारत सरकार द्वारा पेश आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के कुछ आंकड़ों से इस सवाल का जवाब मिलता है कि किनके अच्छे दिन और किनके बुरे दिन आए. रिपोर्ट यह कहती है कि भारतीय कंपनियां इस वक्त अब तक के सबसे अच्छे दौर में हैं और भारत के युवा अब तक के सबसे बुरे दौर में. इसके साथ ही देश में खपत की स्थिति भी सबसे खराब दौर में है. आंकड़ों के मुताबिक भारतीय कंपनियों का मुनाफा पिछले 15 साल में सबसे बेहतर स्थिति में है. इसके विपरीत युवाओं के लिए रोजगार की स्थिति सबसे खराब दौर में.

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट हमें बताती है कि वर्ष 2020-23 के दौरान देश की 33000 कंपनियों का मुनाफा चार गुना बढ़ गया. इनमें से 500 बड़ी कंपनियों का मुनाफा 30 प्रतिशत की दर से बढ़ा है. यह बढ़ोतरी देश की जीडीपी की बढ़ोतरी की दर से तीन गुना अधिक है. इसमें से करीब डेढ़-दो साल कोरोना का वक्त था और इन तीन सालों में देश में बेरोजगारी बढ़ती चली गई. नौकरियों में छंटनी और वेतन कट का दौर शुरू हुआ, जो अब भी जारी है. कंपनियों का मुनाफा तो बढ़ता चला गया, लेकिन न ही नई कंपनियां लगीं और न ही रोजगार के नए अवसर खुले. हां, इस दौरान महंगाई तेजी से बढ़ी. बाजार में हर सामान के दाम डेढ़ से दो गुना तक बढ़ गए.

आखिर कंपनियों का मुनाफा चार गुना कैसे बढ़ गया? क्या सिर्फ सामान महंगे होने से बढ़ा ? संभव है महंगाई की वजह से मुनाफा बढ़ोतरी में थोड़ी-बहुत मदद मिली हो. लेकिन असली वजह वर्ष 2019 में केंद्र सरकार द्वारा कारपोरेट टैक्स में कमी किया जाना है. कारपोरेट टैक्स में कमी से कंपनियों को सालाना करीब 1.45 लाख करोड़ रुपए का फायदा हुआ. पांच साल में कंपनियों को 8.79 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा कारपोरेट टैक्स में कमी की वजह से हुआ है. सरकार ने कारपोरेट टैक्स में छूट देते वक्त यह बताया था कि कंपनियां इस छूट का इस्तेमाल निवेश में करेंगी. नई कंपनियां स्थापित होंगी और रोजगार बढ़ेगा. पर, कंपनियों ने तो रोजगार बढ़ाये ही नहीं. कंपनियों का तो सिर्फ मुनाफा बढ़ता चला गया. निजी कंपनियों जैसी स्थिति ही बैंकों की है. पिछले पांच सालों में बैंकों ने नई-नई तरह की फीस लगानी शुरू कर दी. इसका असर बैंकों के मुनाफे पर पड़ा. बैंकों का मुनाफा रिकॉर्ड स्तर पर है. पर, बैंकों ने भी नौकरियों अवसर पैदा नहीं किए. उल्टे अब तो बैंकों में बड़े पैमाने पर छंटनी की बात चल रही है.

# झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह नहीं रहे

## खामोश हो गई मजदूरों की आवाज, बनारस में आज अंतिम संस्कार

संवाददाता। धनबाद

कोयलांचल में मजदूरों की एक आवाज सोमवार को खामोश हो गई. ये आवाज थी बच्चा सिंह की. बीमार चल रहे बच्चा बाबू ने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली.



हाल ही में बाथरूम में गिरने से उनके कूल्हे की हड्डी टूटी थी. रविवार को अस्पताल में भर्ती बच्चा बाबू का सोमवार को 12:20 बजे निधन हो गया. उनके निधन की खबर मिलते ही तक लोगों का जुटान हो गया. संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा.

मंगलवार को बनारस में उनका अंतिम संस्कार होगा, जिसमें परिजनों के अलावा करीबी लोग जुटेंगे. एक समय में बच्चा बाबू सिंह मेंशन के स्तंभ थे. बच्चा बाबू 2000 में झरिया से पहली बार विधायक बने थे.इसके बाद बाबूलाल मरांडी की सरकार में मंत्री बनाए गए. जनता मजदूर संघ के दोनों गुटों को उन्होंने प्रतिनिधित्व किया.

### सूर्यदेव सिंह के थे छोटे भाई

बच्चा सिंह के बड़े भाई सूर्यदेव सिंह भी झरिया से चार बार विधायक रहे. बच्चा बाबू भी 2000 में झरिया से विधायक बने. और बाबूबाल मरांडी सरकार में मंत्री बने. अभी झरिया से बच्चा बाबू के भाई की बहू पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक है. बच्चा सिंह कोयलांचल के बेताज बादशाह सूर्यदेव सिंह के छोटे भाई थे. विक्रमा, सूर्यदेव सिंह, बच्चा सिंह, राजन सिंह और रामधीर सिंह, इन पांचों भाइयों में बच्चा सिंह तीसरे स्थान पर थे.

### ब्रीफ खबरें

## एमपीएल में जेआरडी टाटा की जयंती मनी

**मैथन।** एमपीएल में सोमवार को भारत रत्न जेआरडी टाटा की जयंती धूमधाम से मनायी गयी. जेआरडी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद सीईओ विजयंत रंजन ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए क उन्हें मानवता के हितैषी, सदाचारी एवं कर्तव्यनिष्ठ बताया. कहा कि देश हित में जेआरडी के सर्वांगीण योगदान को भुलाया नहीं जा सकता. उनके हर काम उत्कृष्ट और अनुकरणीय हैं. आर्थिक क्षेत्र में टाटा के नेतृत्व ने नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया. उनकी जयंती पर हम सभी देशवासियों का कर्तव्य है कि उनकी विरासत का सम्मान करते हुए आगे बढ़ाएं. सीईओ ने कहा कि हम सभी को नाज है कि एमपीएल टाटा परिवार का हिस्सा है.

## मुखिया ने पेंशन स्वीकृति पत्र का किया वितरण

**महुदा।** झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को पंचायत सचिवालय तेलमच्चो में महिलाओं के बीच पेंन्शन स्वीकृति पत्र का वितरण मुखिया मीरा कुमारी ने किया. कुल 81 महिलाएं इससे लाभाविन्त हुई. मौके पर मुखिया ने पेंशन लाभ से वंचित महिलाओं को शीघ्र संपर्क करने को कहा. साथ ही यह भी कहा कि पेंशन का कागजात बनाने में बिचौलिए के चक्कर में न पड़ें. कोई पैसे की मांग करें तो तत्काल मुझे सूचित करें. उसके खिलाफ कार्रवाई होगी. मौके पर मुखिया मीरा कुमारी, पंचायत सचिव योगेश्वर प्रसाद साव, मुखिया प्रतिनिधि शिबू महतो, उप मुखिया यार मोहम्मद अंसारी, वार्ड सदस्य गौतम कुमार मोदक, नरेश मोदक, कन्हाई रजक, गीता देवी, संगीता देवी, शबनम आरा, मकसूद आलम समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे.

## दुर्गा मंदिर प्रांगण में पौधरोपण

**कतरास।** कतरास बाजार डॉक्टरपाड़ा कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्थानीय लोगों ने सोमवार को पौधारोपण किया. इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में सभी लोगों ने शिवलिंग पर जलार्पण कर पूजा-अर्चना की. इसके बाद पांच पौधे लगाए गए. समाजसेवी राजेश स्वर्णकार ने बताया कि हमलोगों ने पांच सौ पौधे लगाने का निर्णय लिया है. शहर के आसपास खुले जगहों पर पौधरोपण किया जाएगा. मौके पर सूर्यदेव मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, संतोष प्रमाणिक, सतीलाल नियोगी, लालू राय, अभिजीत सेनगुप्ता, पिंटू जायसवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## एमडीओ के खिलाफ मजदूरों ने किया विरोध प्रदर्शन

**मधुबन।** खरखरी कोलियरी की भूमिगत खदान के समीप सोमवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले मजदूरों ने एमडीओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया. बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी भी की. प्रदर्शन से पूर्व मजदूर नारेबाजी करते हुए खरखरी कोलियरी से जुलूस की शक्ल में खरखरी बस्ती के रास्ते नावागढ़ होते हुए खरखरी कोलियरी कार्यालय पहुंचे, जहां जुलूस विरोध प्रदर्शन में तब्दील हो गया. प्रदर्शकारी मजदूरों को संबोधित करते हुए बीसीकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम ने कहा कि प्रबंधन साजिश के तहत खरखरी कोलियरी को एमडीओ के माध्यम गुपचुप तरीके से निजीकरण करना चाहती है.

# डोमिसाइल पर मंत्री होकर भी किया था अपनी सरकार का विरोध



## मजदूर राजनीति में एक बड़ा नाम थे बच्चा बाबू

संवाददाता । धनबाद

जब पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डोमिसाइल नीति लेकर आए थे तो 2002 में सबसे पहले अपनी ही सरकार से बगावत करने वाले बच्चा बाबू थे. तब वे नगर विकास मंत्री हुआ करते थे. अपनी ही सरकार में मंत्री होते हुए विरोध करने का दम दिखाने वाले बच्चा सिंह ने कोयलांचल में अपना अलग ही नाम बनाया था. धनबाद के मजदूरों के सवाल पर संघर्ष और आंदोलन में सबसे अग्रणी भूमिका निभाते रहे.उनके निधन से कोयलांचल के मजदूरों और राजनीतिक क्षेत्र में एक बड़ा नुकसान हुआ है. क्योंकि कोयलांचल के सक्रिय मजूदर राजनीति में भी उन्होंने दशकों तक राज किया. मजूदर वर्ग का एक बड़ा हिस्सा इनके नाम का झंडा उठाता था, बच्चा बाबू की धमक बीसीसीएल अधिकारियों के बीच भी गजब की थी. बच्चा सिंह के पहुंचने मात्र से ही मजदूरों को लगता था कि अब उनका काम होना तय है.

# 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन 3 से 10 अगस्त तक लगेगा शिविर

- हर पंचायत में होगा शिविर का आयोजन

संवाददाता । धनबाद

महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी. प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी. योजना को लेकर सोमवार को उपविकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया. डीडीसी ने कहा कि योजना से लाभुकों को जोड़ने के लिए आगामी 3 से 10 अगस्त तक पंचायत स्तरीय शिविरों का आयोजन होना है. शिविरों के सफल संचालन के लिए सभी जरूरी कार्य समय पर निष्पादित और योजना का व्यापक प्रचार – प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है. योजना का लाभ लेने से एक भी योग्य महिला नहीं छुटे तथा शिविर सुचारू रूप से चले इसलिए कार्यशाला का आयोजन कर सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं. साथ ही सीएससी मैनेजर को डाटा इंट्री का प्रशिक्षण और उसका डेमो देने, शिविरों में पर्याप्त संख्या में वीएलई की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है. वहीं, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद ने कहा कि योजना के लिए आंगनबाड़ी के माध्यम से निःशुल्क आवेदन पत्र उपलब्ध कराया जाएगा. इसका वितरण, जमा करने एवं स्वीकृति तक की सारी कार्रवाई निःशुल्क होगी. आंगनबाड़ी सहायिका, सेविका अपने - अपने क्षेत्र के घर - घर जाकर 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को चिन्हित कर आवेदन उपलब्ध कराएंगे.



### पंचायत स्तरीय लगेगा शिविर

**लाभुकों को आवेदन जमा करने के लिए पंचायतों में लगने वाले शिविर में आना होगा. आवेदनों को पोर्टल में इंट्री करने के लिए वीएलई रहेंगे. आवेदन के स्वीकृति पदाधिकारी के रूप में अधिकृत बीडीओ/सीओ आवेदनों का सत्यापन तीन दिनों के अंदर करके स्वीकृति प्रदान करेंगे.**

### ये है योजना

**झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए सरकार का एक कारगर कदम है. इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए 1000 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी. प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी.**

### ऐसे मिलेगा लाभ

लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है. आवेदिका झारखण्ड की निवासी हों, उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम हो. आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो. जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है वे भी योजना का लाभ दिसम्बर - 2024 तक उठा सकतीं हैं. मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो. आवेदिका का परिवार झारखण्ड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला राशन कार्ड), पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी राशन कार्ड)/केरोसिन ओइल राशन कार्ड (सफेद राशन कार्ड)/हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो.

बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार, सीएससी मैनेजर अंजार हुसैन के अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग के कर्मी इत्यादि मौजूद थे.

## दो सगे भाइयों के घर से 7 लाख की चोरी

**केंदुआ।** गोधर 26 नंबर दास बस्ती में रविवार की रात चोरों ने चारदिवारी फांदकर विकाश रविदास एवं राजन रविदास दो सगे भाइयों के दो अलग-अलग कमरों का ताला तोड़कर नगदी सहित लगभग 7 लाख रूपये मूल्य से सोने चांदी के कीमती जेवरात की चोरी कर ली. घटना की जानकारी मिलने पर केंदुआडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर चोरी की घटना की जांच पड़ताल की. इस दौरान विकास रविदास और घर की महिलाओं ने पुलिस को बताया चोरों ने राजन रविदास के कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने अलमारी से 12 हजार नगद,सोने का चैन,सोने की अंगूठी,सोने का दो लॉकेट और सहित चांदी का 15 छोटा बाली चांदी का चार चैन आदि की चोरी कर ली. चोरों ने विकास रविदास के कमरे से लगभग 12 हजार नगदी सोने का हार,सोने का मंगलसूत्र सोने का झुमका,सोने का बाला, सोने का लॉकेट आदि की चोरी कर ली. विकाश रविदास और स्वजनों के अनुसार राजन रविदास शनिवार को ही देवघर बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने बोल बम गया हुआ है. जबकि उसकी पत्नी अपने मायके गयी हुई थी. परिवार के सभी महिला पुरुष सदस्य बगल के कमरे में सोये हुए थे. इसी दौरान चोरों ने चहारदिवारी फांदकर आंगन के रास्ते बंद दो कमरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया. इस दौरान चोरों ने दोनों भाईयो के कमरे की अलमारी में रखे कपड़ों और सामानों को तितर बितर कर दिया था.

## दो साइबर अपराधी पुटकी से गिरफ्तार

संवाददाता । पुटकी

जामताड़ा के रहने वाले दो चचेरे भाईयों को पुटकी पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है. पकड़े गए दीपेश कुमार यादव व नीलेश यादव दोनों साइबर अपराधी हैं. ये दोनों जामताड़ा जिले के तेलक्यारी गांव के रहनेवाले हैं. अपराधियों को पकड़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. दोनों अपराधी पुटकी थाना क्षेत्र के शिव शंकर नगर में बहन के घर पिछले तीन-चार दिनों से रुक कर महाराष्ट्र व अन्य प्रदेश के लोगों को बिजली बिल व गैस कनेक्शन के नाम पर एटीएम कार्ड के नंबर व ओटीपी मांग ठगी कर रहे थे. पुलिस ने इनके पास से छह मोबाइल जब्त किया है.दोनों अपराधी पिछले करीब सात-आठ सालों से धंधे को अंजाम दे रहे थे. दीपेश को करमाटांड़ पुलिस वर्ष 2017 में एक साइबर अपराध में जेल भेज चुकी है. पिछले चार दिनों में अपराधी चार पांच लोगों से करीब 25 हजार रुपये ठग चुके थे. इन्हीं में से महाराष्ट्र के किसी व्यक्ति ने तुरंत साइबर कंट्रोल को सूचना दी. महाराष्ट्र से मिली सूचना पर झारखंड की इंडियन साइबर क्राइम कन्ट्रोल टीम सक्रिय हो गयी. अपराधियों का मोबाइल नम्बर कन्ट्रोल रूम के कम्प्यूटर में ब्लिंक करने लगा. सायबर की कन्ट्रोल टीम ने बिना समय गंवाये पुटकी थाना के सब इंस्पेक्टर गौरव सिंह व दिलीप पाल के साथ शिव शंकर नगर में ऑटो चालक महेंद्र यादव के घर पर छापा मार दोनो को रंगेहाथ पकड़ लिया. दोनों अपराधी पूजा में नैहर गयी बहन को छोड़ने पुटकी आये थे. जहां पिछले चार दिनों से ठगी को अंजाम दे रहे थे.अपराधी ठगी को अंजाम देकर सिम को एक से डेढ़ सप्ताह में फेंक देते थे।गांव में कमरे या जंगल मे जाकर धंधा करते थे. इनके गांव के निकट कासीटांड़, जागाडीह, इंद्राटांड़, केराडीह में 50 से ज्यादा अपराधी सक्रिय है.

## झामुमो जिला संगठन की रांची में क्लास

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद जिला समिति की रांची में क्लास हुई. केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी जुट जाने का निर्देश दिया. इसके साथ ही झामुमो के सदस्यों को सरकार की योजनाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया. सोमवार को धनबाद जिला एवं प्रखंड समिति के पदाधिकारियों का रांची बुलावा हुआ. रांची के सोहराय भवन में विनोद पांडेय की अध्यक्षता में प्रशिक्षण बैठक हुई. जिसमे सभी को निर्देश दिया गया कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य युद्धस्तर पर करें. सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ योजना से वंचित लोगों को दिलाएं. झामुमो को महिलाओं के लिए शुरू की गई पेंशन योजना से काफी उम्मीदें हैं. इस योजना के सहारे झामुमो हर घर- हर परिवार तक पहुंचना चाहता है. जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में इसका लाभ मिल सके. रांची में आयोजित प्रशिक्षण बैठक में विनोद पांडेय ने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार की योजनाओं के सहारे प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे. जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने बताया कि मंगलवार को निशिकांत दुबे के झारखंड विरोधी दिए बयान के खिलाफ उनका पुतला दहन किया जाएगा. बुधवार से पार्टी का हर एक कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को लेकर आम लोगों तक जाना शुरू कर देगा. **संगठन को मजबूत करने का दिया निर्देश :** महासचिव विनोद पांडेय ने जिलाध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द संगठन का विस्तार करें. इसके साथ ही सभी छह विधानसभा में बूथ कमिटी बना कर सूची उपलब्ध कराए. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आपसी सहयोग बनाकर संगठन के सभी विंग एवं सभी मोर्चा को मजबूत करें. रिक्त पदों पर जल्द से जल्द उपयुक्त कार्यकर्ताओं को मनोनीत करें.

## 21 छात्र नियोजन को लेकर बेंगलुरु रवाना

**मैथन।** झारखंड सरकार के प्रेझा फाउंडेशन की ओर से संचालित कल्याण गुरुकुल मैथन में सोमवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया. समारोह में संस्थान के 21 प्रशिक्षित छात्रों को बेंगलुरु की फोटेशिया कंपनी में नियोजन को लेकर रवाना किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि लीड सेवक और एरिया ऑपरेशन इंचार्ज मौजूद थे. इस अवसर पर छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित थे. कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि अभी तक लगभग आठ सौ छात्रों को प्रशिक्षण देकर नियोजन दिलाया जा चुका है. आगे भी प्रयास जारी रहेगा. 1 अगस्त से नए बैच के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. इच्छुक छात्र नामांकन करा सकते हैं. मौके पर निर्मल विश्वकर्मा, मितेन चंद्र सेन, अमित कुमार बारिक, जयदेव डे, अभय कुमार, विनय कुमार सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे.

## उर्जा संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन

**धनबाद :** झारखंड अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (जरेडा) और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन 29 जुलाई 2024 को होटल ईडन ब्लू धनबाद में खुदरा विक्रेताओं के लिए ऊर्जा संरक्षण तथा स्टैंडर्ड एवं लेबलिंग कार्यक्रम पर एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया. कार्यक्रम में 65 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इस कार्यक्रम में विक्रेताओं को स्टार लेबल के बारे में प्रशिक्षण जेके व्यास, ऊर्जा विशेषज्ञ द्वारा किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यअतिथि विजय कुमार सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई. कुंदन कुमार उपाध्याय, स्टेट प्रेसिडेंट जेएसटीएसबीईए व अभय दुबे इस कार्यक्रम के अतिथि रहे. उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य को समझाते हुए कम ऊर्जा खपत वाले उपकरण अपनाने व साथ ही ऊर्जा बचाने के अन्य माध्यमों पर ध्यान देने के लिए कहा. उन्होंने सभी रिटेलर्स और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बिजली उपकरणों का उचित उपयोग करने और जागरूक होने को कहा. कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण कैसे हो, स्टार रेटिंग की क्या महत्ता है, एनर्जी कंसर्वेशन बिल्डिंग कोड, एस एंड एल इंस्पेक्शन प्रक्रिया के बारे में सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की.




## दहेज हत्या : पति-देवर को दस साल की कैद

**धनबाद :** दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के एक मामले में सोमवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया.धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी चिरकुंडा निवासी शिबू रविदास (पति) एवं इंद्रदेव रविदास (देवर) को दस दस वर्ष कैद की सजा सुनाई है. प्राथमिकी मृतका के मां की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक उनकी पुत्री की शादी वर्ष 2015 में शिबू के साथ हुई थी. शादी के 3 माह के बाद ही दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था. आरोप था कि 3 जून 2018 को शिबू ने अपने ससुर को फोन कर गाली गलौज किया. कहा कि तुम लोग से मोटरसाइकिल मांग रहे थे, अब तक नहीं दिया. अब तुम्हारा बेटी को मार देंगे, आकर लाश ले जाना. दूसरे दिन पुलिस ने उसे सूचना दी कि उसके बेटी की मौत हो गई है.

# बाबा हेचरी की गंदगी से परेशान महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

### गंदगी से जीना मुहाल, कतरी जोरिया में फेंका जाता है अपशिष्ट पदार्थ

संवाददाता । तोपचांची

सिंहदाहा पंचायत के तेलोडीह स्थित बाबा हेचरी (पोल्ट्री फॉर्म) की गंदगी से परेशान ग्रामीण लगातार आंदोलन कर रहे हैं. आंदोलन का असर हेचरी संचालक पर नहीं पड़ रहा है. सोमवार को फिर तेलोडीह की महिलाएं सिंहदाहा पंचायत स्थित हरि मंदिर के समीप हेचरी संचालक बीरबल मंडल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया.

ग्रामीण महिला प्रीति देवी ने बताया कि बाबा हेचरी की गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं. हेचरी का अपशिष्ट पदार्थ कतरी जोरिया में फेंक दिया जाता है, जिससे जोरिया का पानी प्रदूषित हो गया है.



हेचरी के कारण आसपास दुर्गंध फैल रहा है, जिससे मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है. मच्छर के काटने से लोगों के बीमार पड़ने की आशंका बढ़ गई है. बदबू के कारण ग्रामीणों का रहना मुश्किल हो गया है. हमलोग हेचरी के खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन हमारी बातें नहीं सुनी जा रही है. विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं का कहना है कि स्थानीय मुखिया के पति हरि चरण दास भी हमलोगों का साथ नहीं दे रहे हैं. वहीं हरि चरण दास का कहना है कि मैं ग्रामीणों के साथ हूं. बता दें कि हेचरी के खिलाफ ग्रामीण लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुध लेने नहीं आया है. ग्रामीण कभी थाना तो कभी हेचरी के समीप आन्दोलन करते नजर आते हैं. ग्रामीणों को समर्थन देने कभी-कभार सिर्फ स्थानीय नेता ही आते हैं. सरकारी अधिकारी अभी तक कोई नहीं आए.

**आयकर भवन आगजनी** | 30 साल बाद आया अदालत का फैसला

# रमेश गांधी समेत 3 आरोपी साक्ष्य के अभाव में रिहा

### खास बातें

- कोल किंग सुरेश सिंह भी थे वारदात के आरोपी
- व्हील चेयर पर फैसला सुनने पहुंचे थे आरोपी रमेश गांधी

संवाददाता । धनबाद

धनसार स्थित आयकर कार्यालय आगजनी के 30 वर्ष पुराने मामले में सोमवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने अपना फैसला सुनाया. अदालत ने मामले के नामजद आरोपी रमेश गांधी, राजेश गांधी एवं विजय कुमार को अधिवक्ता एसएन मुखर्जी, सुरेश मिश्रा, सांतनु मुखर्जी, की दलील सुनने के बाद साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सीबीआई आरोपियों के खिलाफ कार्यालय में अवैध तरीके से घुसने, आग लगाने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, साक्ष्य को नष्ट करने का आरोप साबित नहीं कर पाई1 यहां तक कि मामले के



सूचक सीबीआई अधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता ने भी अपने बयान में कहा कि उन्होंने संदेह के अधार पर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी. चूंकि दस्तावेज आरोपियों के प्रतिष्ठान से जब्त किए गए थे और उस पर जांच चल रही थी. सुनवाई के दौरान रमेश गांधी व्हील चेयर पर बैठ कर अदालत आए थे.

एक करोड़ 47 लाख रुपए की संपत्ति को छिपा लेने और उसे आयकर विभाग को नहीं दिखाने के आरोप की जांच सीबीआई की टीम कर रही थी. जांच अधिकारी पीसी गुप्ता ने रमेश गांधी और उससे संबंधित प्रतिष्ठानों से कागजात जब्त किए थे. जिसे धनसार स्थित आयकर कार्यालय में रखा गया था. समय-समय पर गांधी व उनसे संबंधित लोगों को बुलाकर सीबीआई दस्तावेज दिखाती थी और उससे पूछताछ करती थी. 6 मार्च 1993 को आयकर अधिकारी पीके गुप्ता ने पूछताछ के लिए रमेश गांधी, राजेश गांधी, देवाशीष चौधरी एवं विजय कुमार को कार्यालय बुलाया था, पूछताछ के बाद दस्तावेज को अलमारी के ऊपर रखा गया था. 8 एवं 9 मार्च 1993 की रात कार्यालय में रखे अलमीरा को कटर से काटकर उसमें रखे दस्तावेज को निकालकर आग लगा दी गई थी. इससे उक्त कांड के महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं साक्ष्य जल गए थे. सीबीआई अधिकारी पीके गुप्ता की शिकायत पर धनसार थाने में वर्ष 93 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी. बाद में राज्य सरकार के अनुशंसा पर केंद्र सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी. अनुसंधान के बाद सीबीआई ने रमेश गांधी, राजेश गांधी, विजय कुमार, एवं सुरेश सिंह, मो इदरीश के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था. मो इदरीश इस मामले में अब तक फरार है जबकि सीबीआई ने देवाशीष चौधरी को क्लीन चिट दी थी.सुनवाई के दौरान सुरेश सिंह की मौत हो गई थी. सीबीआई ने आरोप लगाया था कि षड्यंत्र के तहत इन लोगों ने कार्यालय में घुसकर दस्तावेज में आग लगा दी थी और साक्ष्य को नष्ट कर दिया था.तीस वर्षों तक चले सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कुल 17 गवाहों का परीक्षण कराया था.

**BEFORE : THE EXECUTIVE MAGISTRATE, DHANBAD**

**AFFIDAVIT**

I, **SHAMIK KUMAR** son of Mithilesh Kumar, aged about 39 years, by faith Hindu by occupation Service, R/O. Flat no. 301, Shrishti Tower, Subhash Nagar, Saraidhella, District- Dhanbad, PIN- 828127, Permanent- Near Referal Hospital Naubatpur District- Patna(Bihar) do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows :-

1) That, SUJATA KUMARI SINGH is my legally married wife and my said wife has blessed me, a female child on 09.05.2019, at Sri Krishna Matri Sadan, Katras.
2) That, in this regard, I have already obtained a BIRTH CERTIFICATE of my said daughter AARYA from the Katras Circle (Dhanbad Municipal Corporation) and issued registration no. B-2020-20-90110-001707 date of Registration 24.09.2020 date of issue 24.09.2020. there in her (i.e. my daughter's name) name recorded as AARYA.
3) That, I wish to change my daughter's name as BHARGAVI SINGH (in place of Aarya).
4) That, I have concealed nothing and there is nothing false statement in it and our (my wife and my said daughter's Photographs) photographs affixed here with for our proper indentification.
5) That, I am swearing this affidavit to submit it before the authority concerned for obtaining a BIRTH CERTIFICATE of my said daughter in which her name should be rectified as BHARGAVI SINGH.

Affidavit No. 18193 Dt. 26.07.24






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, मंगलवार 30 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 112 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# बरवाअड्डा में फिर हादसा, एक की मौत

## बाइक को टक्कर मारने के बाद मजदूरों से भरी वैन पलटी

- एक दर्जन से अधिक जख्मी, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

संवाददाता । बरवाअड्डा









बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मनियाडीह, टुंडी सड़क में तिलैया चौक के समीप सोमवार की दोपहर बाइक संख्या जेएच10एसी-3946 व पिकअप वैन संख्या जेएच10सीपी-2494 की टक्कर में बाइक सवार युवक तिलैया गांव निवासी पिंटू सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. दो युवक रोहित रजवार व शिवम कुमार महतो से घायल हो गये. पिकअप वैन सवार एक दर्जन मजदूर घायल हो गये. घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मजदूरों को लेकर पिकअप वैन तेज गति से डोमनपुर की ओर जा रहा था. इस दौरान सड़क किनारे बाइक लगाकर खडे. पिंटू व उसके दोस्त रोहित व शिवम को जोरदार धक्का मार दिया. इसके बाद पीकअप वैन अंसतुलित हो खेत में जा घुसा. घटना में पिंटू सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. वहीं उसका दोस्त रोहित व शिवम समेत वैन सवार एक दर्जन मजदूर घायल हो गये. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पिकअप वैन से गरीब मजदूरों को कोयला काटने कतरास ले जाया जाता था. वैन में 40 से अधिक मजदूर सवार थे. वैन अंसतुलित होकर खेत में जा घुसी. कई मजदरों को चोट आई है. घटना के बाद ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर डोमनपुर, मनियाडीह सड़क को बांस लगाकर जाम कर दिया. फिर हो-हंगामा करने लगे. ग्रामीण पुलिस से वैन मालिक व चालक पर कार्रवाई कर मृतक के परिजनों को मुआवजे देने की मांग कर रहे थे. ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस पिकअप वैन के मालिक पर कार्रवाई नहीं करती है. जबकि पीकअप वैन में ओवर लोड रहता है. हंगामा व सड़क जाम की सूचना पर इंस्पेक्टर सरस्वती मिंज व थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे. फिर ग्रामीणों को समझाने, बुझाने लगे. लेकिन ग्रामीण पुलिस की कोई बात सुनने को तैयार नहीं थे. चार घंटे तक चले हो- हंगामे के बाद इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी द्वारा दाह संस्कार के लिए 10 हजार रुपये मृतक के परिजनों को देने के बाद शव उठने दिया. फिर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### सेवार्थियों की कार दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**केंदुआ।** कटोरिया ,बांका से बोलबम कांवर ले जा रहे शिव भक्तों की नन्दी सेवा ट्रस्ट की शिविर से सेवा कर लौट रहे सेवार्थियों की मारुति कार गोधर में शाम तीन बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गई . वाहन का अगला चक्का ब्लास्ट हो गया . वाहन का आगे का बैलून खुला पर वो भी ब्लास्ट कर गया . फलस्वरूप घटना में पुटकी स्वामी विवेकानन्द नगर निवासी 65 वर्षीय बलदेव वर्णवाल की मौत हो गयी . उनके शरीर पर कोई जख्म नहीं थे . आशंका है कि कहीं हार्टअटैक तो नहीं हो गया . उनकी 60 वर्षीय पत्नी बसंती देवी को पैर में गम्भीर चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया . मारुति में करीब आधा दर्जन परिवार के सदस्य सवार थे . वाहन में सवार विद्या देवी,दीपक वर्णवाल,सुषमा देवी,आयुष व दिव्यांश को आंशिक चोट आई . कांवरियों की सेवा करने के लिए पूरा परिवार शुक्रवार को पुटकी से रवाना हुआ था . शनिवार व रविवार की रात डाक बम की सेवा कर लौट रहे थे . गोधर में कार के अगला लेफ्ट साइड का चक्का ब्लास्ट के एक पोल से टकरा गया .

# झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह नहीं रहे

- सदा के लिए खामोश हो गई मजदूरों की मजबूत आवाज
- बनारस में आज होगा अंतिम संस्कार

संवाददाता । धनबाद



धनबाद में कोयला मजदूरों की एक दमदार आवाज सोमवार को सदा के लिए खामोश हो गई.

यह आवाज थी पूर्व मंत्री सह झरिया विधायक बच्चा सिंह की. लंबे समय से बीमार चल रहे बच्चा सिंह ने सोमवार को धनबाद के निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर सुनकर समर्थकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी. मंगलवार को बनारस में उनका अंतिम संस्कार होगा, जिसमें परिजनों के अलावा नजदीकी लोग जुटेंगे. जिला प्रशासन के तरफ से उन्हें राजकीय सम्मान दिया गया .

धनबाद में मजदूर राजनीति को अलग पहचान दिलाने वाले विधायक सूर्यदेव सिंह के छोटे भाई बच्चा सिंह एक समय में सिंह मेंशन का स्तंभ हुआ करते थे. पहली बार 1991 में विधानसभा का चुनाव लड़ा लेकिन हार का सामना करना पड़ा. 1995 में भी वह चुनाव हार गए लेकिन 2000 में पहली बार विधायक बने. इसके बाद बाबूलाल मरांडी की सरकार में मंत्री बनाए गए. जनता मजदूर संघ के दोनों गुटों को उन्होंने प्रतिनिधित्व किया.

बच्चा सिंह के बड़े भाई सूर्यदेव सिंह भी झरिया विधानसभा से विधायक रह चुके थे.

फिलहाल झरिया सीट से बच्चा बाबू के भाई की बहू पूर्णिमा नीरज सिंह विधायक है. कोयलांचल के कई उतार-चढ़ाव और कई घटनाओं के बच्चा बाबू गवाह रहे थे. विनोद सिंह हत्याकांड में फिलहाल उनके भाई रामधीर सिंह आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं, लेकिन इसी केस में बच्चा बाबू को कोर्ट ने बेकसूर बताकर रिहा कर दिया था. बच्चा सिंह कोयलांचल के बेताज बादशाह कहे जाने वाले सूर्यदेव सिंह के छोटे भाई थे. विक्रमा सिंह, सूर्यदेव सिंह, बच्चा सिंह, राजन सिंह और रामधीर सिंह, इन पांचों भाइयों में बच्चा सिंह तीसरे स्थान पर थे. अभी हाल ही में बाथरूम में गिरने से उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी. इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया था. दिल्ली से वह धनबाद आ गए थे. इधर तबीयत बिगड़ने के बाद रविवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन सोमवार को 12:45 पर उनका निधन हो गया. उनके निधन की सूचना कोयलांचल में जंगल की आज की तरह फैली. अस्पताल से लेकर निवास तक लोगों का जुटान शुरू हो गया. संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा. पार्थिव शरीर को उनके आवास सूर्यदेव नगर सरायढेला में रखा गया.

# पत्नी की मौत पर पड़ोसी महिला को डायन कहकर किया प्रताड़ित

- पीड़िता ने थाने में दी शिकायत, कहा पूरा परिवार दहशत में
- जोरापोखर के लक्ष्मी कालोनी का मामला छानबीन में जुटी पुलिस

संवाददाता । झरिया

जोरापोखर थाना क्षेत्र के लक्ष्मी कॉलोनी की रहने वाली एक महिला ने पड़ोसी अशोक शर्मा, श्रवण शर्मा, लालू शर्मा, बिल्ला शर्मा तथा इनके परिजन द्वारा डायन-पिशाच बताकर प्रताड़ित तथा जान से मारने की धमकी की देने की शिकायत थाने में की है. पीड़ित महिला ने लिखित शिकायत जोड़ापोखर थाना में देकर अपने तथा परिवार को बचाने की गुहार लगाई है. काजल देवी ने कहा कि अशोक शर्मा की पत्नी का लम्बी बीमारी के कारण अस्पताल में शनिवार को निधन हो गया था, उसका दाह संस्कार रविवार को करने के बाद अशोक शर्मा, श्रवण शर्मा, लालू शर्मा, बिल्ला शर्मा तथा इनके परिजन द्वारा शनिवार से लगातार उस पर डायन पिशाच कह कर इलजाम लगा रहे हैं. उन लोगों का कहना है कि अशोक की पत्नी को जादू टोना करके मारा है. उस दिन से ही उन्हें डायन कहकर मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है. साथ ही मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे जा रही है. इस कारण उनके पूरे परिवार का जीना मुश्किल हो गया है. अशोक शर्मा तथा श्रवण शर्मा मोहल्ले से भाग जाने की बात कह रहे हैं.

## सुखाड़ योजना के नाम पर साइबर ठगी, गिरफ्तार

**धनबाद :** धनबाद साइबर थाना की पुलिस ने निरसा के रहने वाले युवक विमल को गिरफ्तार किया है. उसके खिलाफ साइबर ठगी के मामले दर्ज हैं. साइबर थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने बताया कि विमल पिछले कुछ दिनों से सुखाड़ योजना में राहत दिलाने के नाम पर लोगों से बैंक खाता खुलवा रहा था. इन खातों में साइबर ठगी की रकम मांगता था. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाकर उसे मैथन के पास से दबोच लिया. उसके पास से 28000 रुपए नकद, एक बुलेट बाइक, एक मोबाइल, तीन सिम कार्ड बरामद किए गए हैं.

## आरपीएफ ने किया आधा दर्जन बच्चों का रेस्क्यू

- धनबाद स्टेशन में गिरोह सक्रिय, जांच के लिए बनी कमिटी

संवाददाता । धनबाद

नाबालिग बच्चों के रेस्क्यू के लिए आरपीएफ नन्हें फरिश्ते मिशन चला रही है. इस मिशन के तहत सोमवार को धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 8, 5 एवं 4 से आधा दर्जन बच्चों का रेस्क्यू किया गया. आरपीएफ इन्स्पेक्टर पंकज कुमार ने बताया कि इनमें से चार बच्चे पांडरपाला के हैं. एक पांच साल का बच्चा बरवाअड्डा का है एवं एक बच्चा बिहार का है. दो दिनों में धनबाद आरपीएफ ने दस बच्चों का रेस्क्यू किया है. पांच साल का बच्चा जो बरवाअड्डा का रहने वाला है. सूत्रों की मानें तो बच्चों के पीछे के गिरोह की जांच करने के लिए सीडब्ल्यूसी ने एक जांच कमिटी बनाई है. पूरे मामले को सीडब्ल्यूसी ने गंभीरता से लिया है. वहीं स्टेशन से मिले बच्चों में चार को पांडरपाला भेज दिया गया है. बाकी दो अभी स्टेशन में ही रखा गया है. सीडब्ल्यूसी बिहार के बच्चे के परिवार से संपर्क करने की कोशिश कर रही है.

## वारदात को अंजाम देते ग्रामीणों ने सुपारी किलर को पकड़ा

# बहू को मारने के लिए सास ने दी 10 हजार की सुपारी

संवाददाता । बेरमो



सास ने अपनी बहू की हत्या करने के लिए जिस सुपारी किलर को सुपारी दी गई थी उसे ग्रामीणों एवं राहगीरों ने पकड़कर ना सिर्फ जमकर पिटाई की बल्कि बोकारो थर्मल थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया.घटना सोमवार अपराह्न चार बजे की है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि हजारीबाग जिला के टाटी झरिया थाना अंतर्गत कोल्हू गांव निवासी गौतम कुमार की पत्नी कंचन कुमारी को गौतम की मां मानती देवी ने टाटीझरिया के ही सुपारी किलर शिव शंकर कुमार महतो, पिता कृष्णा सिंह को मारने की सुपारी दी थी. कंचन कुमारी को खासमहाल के जंगल में वह गला दबा रहा था. ग्रामीणों एवं राहगीरों ने यह देख लिया और हत्या की कोशिश कर रहे युवक को पकड़ कर जमकर पीटा . इसकी सूचना बोकारो थर्मल थाना को दी. थाना के अनि बिरेंद्र हांसदा दल-बल के साथ खासमहल जंगल पहुंचे और शिव शंकर को गिरफ्तार कर लिया. साथ ही पुलिस ने महिला को डीवीसी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, इलाज के बाद महिला सुरक्षित है.

पुलिस के समक्ष अपने फर्द बयान में शिव शंकर महतो ने कहा कि कंचन कुमारी की हत्या करने के लिए उसकी सास मानती देवी ने दस हजार की सुपारी दी थी. सोमवार को उसके सहिया भाई दीपक कुमार ने शिवशंकर के साथ बाइक पर कंचन को टाटीझरिया स्थित एक स्कूल के समीप बैठाकर कहा कि इसे विष्णुगढ़ मोड़ पर छोड़ देना तो यह वहां से दूसरी गाड़ी पकड़कर अपने मायका गिरिडीह जिला अंतर्गत सरिया के नगर केसरवारी गांव चली जाएगी. बाद में कंचन को बाइक पर बैठाकर खासमहल जंगल ले आए, जहां इसकी हत्या करने के लिए कंचन कुमारी का गला दबा रहा था कि ग्रामीणों ने पकड़ लिया. इसके बाद सूचना पाकर पुलिस पहुंच गयी. थाना प्रमारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला सत्य प्रतीत हो रहा है, लेकिन यह मामला टाटीझरिया थाना से जुड़ा है. गिरफ्तार आरोपी व महिला को टाटीझरिया पुलिस को सुपुर्द किया जाएगा.

Jharkhand Tourism — Nature's hidden jewel

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM

NCHMCT

INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT
CATERING TECHNOLOGY AND APPLIED NUTRITION
होटल प्रबंधन खानपान तकनीक एवं पोषण आहार संस्थान
(An Autonomous Institutions under Department of Tourism, Art Culture, Sport and Youth Affairs, Govt. of Jharkhand)
(Affiliated to National Council of Hotel Management & Catering Technology, Ministry of Tourism, Govt. of India)
BRAMBE, RANCHI-835205
Phone:-9162724666, 9162336888 | Email: ihmranchi@gmail.com | Website: www.ihmranchi.in

On behalf of National Council for Hotel Management and Catering Technology, Noida, **INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT, RANCHI** calls for application, from the eligible candidates to get admission in to 1st year of 3-Years B.Sc.-HHA (Hospitality & Hotel Administration) program with the following eligibility criteria against the residual vacancies at **IHM RANCHI** which is an affiliated of NCHMCT:

1. Candidate must have passed 12th Exam with minimum of 40% marks (in aggregate, in 10+2 system from a recognized board, either of any stream (Science/Arts/Commerce/ Vocational).
2. English should be one of the compulsory subjects in 12th level and have passed the subject.
3. There is No Age bar
4. The program recognized by **Jawaharlal Nehru University** to award the final degree.
5. Reservation as per government rules

Interested candidate must apply to the Institute by attaching the copies of testimonials latest by 31st July, 2024 either in person/by posts or vide email at admission@ihmranchi.in. Admission form and other details are available on the website www.ihmranchi.in
Admission helpline numbers: 9162724666.

Admission will be offered on the basis of a written test to be conducted shortly by NCHMCT for residual vacancies for which the dates will be intimated to the eligible applicants. Candidates may follow institute website for information on the written test schedule.

Sd/-
Director

PR 330930(Tourism, Art, Culture Sports and Youth Affairs)24-25

# श्रावण मास की दूसरी सोमवारी पर शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

## पुलिस प्रशासन की ओर से शिवभक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की गश्ती बढ़ी



सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर

बराकर। श्रावण मास की दूसरी सोमवारी को बराकर के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया. सावन के पावन महीने में शिवभक्त शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं. रविवार देर शाम को शिवभक्त बेगुनिया मोड़ से डिसरगढ़ की ओर रवाना हो जाते हैं और मध्य रात्रि के पश्चात डीसरगढ़ स्थित त्रिवेणी संगम के दामोदर नदी घाट पर स्नान आदि करके जल उठाकर बोल बम का नारा लगाते हुए बराकर शहर के बेगुनिया स्थित सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर पहुंचते हैं और कतरबंद तरीके से मंदिर में प्रवेश कर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करते हैं. क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से शिव भक्त महिला पुरुष जल अभिषेक करने पहुंचते हैं. स्थानीय सेवा संगठनों द्वारा शिवभक्तों का सहयोग करने के लिए तत्पर रहते हैं और कई शिविरों के माध्यम से सेवा संगठन के सदस्य शिव भक्तों के लिए चाय, बिस्कुट जलपान आदि की व्यवस्था बनाए रखते हैं. पुलिस प्रशासन की ओर से शिव भक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की गश्ती बढ़ा दी जाती है.

### बराकर में बजरंग दल कांवरिया का हुआ जोरदार स्वागत



बराकर । बराकर रेलवे स्टेशन पर निरसा प्रखंड के बजरंग दल कांवरिया भाइयों का स्वागत किया गया. सावन के पावन महीने में क्षेत्र के कोने-कोने से शिवभक्त देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ को जलाभिषेक करने के लिए रवाना हो रहे हैं. निरसा प्रखंड के बजरंग दल के सदस्य बराकर पहुंचे, जहां कुल्टी बजरंग दल के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया. निरसा बजरंग दल के सदस्य किशोर रवानी, बंटी रवानी, मंगल रवानी, पार्थो तथा सत्यम यादव सहित अन्य सदस्य मौजूद थे.

कुल्टी प्रखंड के बजरंग दल प्रमुख ने मंगल कामना के साथ किया विदा

## ब्रीफ खबरें

### सीएमपीएफ में त्रिपक्षीय समन्वय समिति की बैठक

**जामुड़िया:** ईसीएल के कुनुस्तोड़िया क्षेत्रीय कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में सोमवार को कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) की त्रिपक्षीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में सीएमपीएफ, कुनुस्तोड़िया क्षेत्रीय प्रबंधन और यूनियन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. बैठक का उद्देश्य भविष्य निधि और पेंशन से संबंधित जटिल मामलों का त्वरित निबटान और यथोचित प्रक्रिया का अनुपालन कर लाभुक को उसका प्राप्य सहज तरीके से पहुंचाना था. बैठक के दौरान गंभीर विचार-विमर्श कर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक सुझाव आये और व्यावहारिक रूप से कई लंबित मामलों पर चर्चा-परिचर्चा कर इसके यथाशीघ्र निबटान हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये. बैठक में सीएमपीएफ के क्षेत्रीय आयुक्त सौमेन चौधरी अतिथि के रूप में मौजूद रहे. उनके साथ सीएमपीएफ के अन्य प्रतिनिधियों के रूप में पुलक मुखोपाध्याय, तपन फौजदार और सूरज कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे.

### टास्क फोर्स टीम ने किया बाजार का दौरा

**बराकर।** आलू की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर नियंत्रण रखने के लिए आसनसोल टास्क फोर्स की टीम ने नियामतपुर बाजार का दौरा किया. पिछले कुछ दिनों से आलू, प्याज और अन्य सब्जियों की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है, जिस पर नियंत्रण बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने भी कमर कस ली है और टास्क फोर्स की सहायता से बाजारों का दौरा कर आलू, प्याज आदि की कीमतों पर नजर रखी जा रही है. इसी क्रम में, जिला प्रशासन के निर्देशानुसार टास्क फोर्स के सदस्यों ने सोमवार को नियामतपुर बाजार में खुदरा तथा थोक आलू, प्याज के दुकानों में पहुंचकर कीमतों का जायजा लिया. इस दौरान यह भी देखा गया कि खुदरा दुकानदार किसी भी कीमत पर आलू और प्याज की बिक्री कर रहे हैं, ताकि ग्राहकों को कोई परेशानी न हो.

### नितुरिया में टेंपो पलटने से चालक की मौत

**नितुरिया।** नितुरिया थाना क्षेत्र के पारबेलिया हाट तला में रविवार की देर संध्या को एक टेंपो के पलटने से 32 वर्षीय चालक अजय रजक की मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे ईसीएल के सांकतोड़िया अस्पताल और फिर आसनसोल जिला अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार, रविवार की देर शाम करीब 8 बजे पारबेलिया से टेंपो चालक अजय रजक अपने घर लौट रहा था, तभी पारबेलिया सड़क पर टेंपो अनियंत्रित हो गया और पलटने से टेंपो चालक टेंपो के नीचे आ गया, जिससे उसके सिर पर गहरी चोटें आईं. घटना के बाद उसे सांकतोड़िया अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए आसनसोल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई.

### दुर्गापूजा आयोजन को लेकर बैठक

**जामुड़िया।** ईस्ट केंदा दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार शाम को दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया. इस दौरान 35 सदस्यों के साथ ईस्ट केंदा सार्वजनिक दुर्गापूजा की नई कमिटी का गठन किया गया. बैठक में सर्वसम्मति से नई कमिटी के अध्यक्ष नरेश यादव, सचिव सरोवर राम और कोषाध्यक्ष अशोक राम को चुना गया. नव निर्वाचित सचिव सरोवर राम ने कहा कि ईस्ट केंदा दुर्गा पूजा कमिटी प्रत्येक वर्ष भव्य और आकर्षक दुर्गा पूजा का आयोजन करती है और इस वर्ष भी काफी धूमधाम से दुर्गापूजा का आयोजन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी भव्य पंडाल, आकर्षक मूर्ति और विधुत सजावट के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा.

# हेतेडोबा से चुनाव दस्तावेज बरामद

## तृणमूल का चुनाव में धांधली का है प्रमाण : छोटन चक्रवर्ती



इलाके में सियासी संग्राम शुरू



**खास बातें**

- प्रशासन ने शुरू किया जांच, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का दिया आश्वासन
- भाजपा की शिकायत बेबुनियाद है : सुजीत

संवाददाता । पांडवेश्वर

पांडवेश्वर में वोटर कार्ड और चुनाव दस्तावेज बरामद होने से हड़कंप मच गया है. सोमवार की सुबह दुर्गापुर फरीदपुर ब्लॉक के इच्छापुर पंचायत के हेतेडोबा इलाके में परित्यक्त सरकारी कचरा निपटान परियोजना क्षेत्र में बड़ी संख्या में वोटर कार्ड, चुनाव संबंधी दस्तावेज और विभिन्न राजनीतिक दलों के झंडे पाए गए. पुलिस ने मौके से वोटर कार्ड और चुनाव से संबंधित दस्तावेज बरामद किए. भाजपा नेता छोटन चक्रवर्ती ने कहा कि यह घटना तृणमूल द्वारा चुनाव में धांधली का प्रमाण है. उन्होंने दावा किया कि तृणमूल ने चुनाव के दौरान विपक्षी मतदाताओं के वोटर कार्ड जब्त कर लिए थे, ताकि वे वोट न कर सकें. तृणमूल नेता सुजीत मुखोपाध्याय ने कहा कि भाजपा की शिकायत बेबुनियाद है और प्रशासन जांच करेगा. उन्होंने कहा कि भाजपा को चुनाव में हार का डर सता रहा है, इसलिए वे ऐसे हंगामे कर रहे हैं. बीडीओ अर्घ्य मुखोपाध्याय ने कहा कि बरामद वोटर कार्ड और दस्तावेजों की जांच शुरू हो गई है. उन्होंने कहा कि जांच से साबित होगा कि यह घटना किसने और क्यों की है. इस घटना के बाद से इलाके में सियासी संग्राम शुरू हो गया है. भाजपा और तृणमूल दोनों दल एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं. प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है.

# जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन, 65 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

## सभी खेलों का अलग-अलग इंडोर हॉल बनाए गए

**खास बातें**

- महासचिव मनोज शर्मा, सौरभ खेतान, जयप्रकाश मुरारका ने खिलाड़ियों को दिया प्रोत्साहन

संवाददाता । रानीगंज

स्पोर्ट्स असेंबली द्वारा आयोजित जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पश्चिम बर्दवान जिले के विभिन्न स्थानों से 65 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता में छह ग्रुप - बिगिनर्स, अंडर 13, अंडर 15, अंडर 17, अंडर 19 और मेन्स ग्रुप में प्रतिभागियों ने भाग लिया. स्पोर्ट्स असेंबली के अध्यक्ष कमलनयन झुनझुनवाला ने कहा कि जिले स्तर का टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर होता है, जिससे युवाओं को खेल के प्रति जागरूक किया जा सके. उन्होंने बताया कि विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं और सभी खेलों की अलग-अलग इंडोर हॉल बनाए गए हैं. महासचिव मनोज शर्मा, सौरभ खेतान, जयप्रकाश मुरारका ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया. स्पोर्ट्स असेंबली की महिला सदस्य मीनू गोरीई ने कहा कि टेबल टेनिस प्रतियोगिता में बच्चे काफी उत्साहित हैं और सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया. उन्होंने बताया कि शिलपांचाल का सबसे सर्वश्रेष्ठ क्लब रानीगंज स्पोर्ट्स असेंबली अपनी पहचान बन चुका है.



# रानीगंज डीएवी स्कूल में सीबीएसई 'शिक्षा सप्ताह' समारोह का आयोजन



**रानीगंज:** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में सीबीएसई द्वारा आयोजित शिक्षा सप्ताह (22-28 जुलाई, 2024) के अनुपालन के भाग के रूप में रानीगंज लायंस डीएवी स्कूल में मनाया गया. इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें एलजी के छात्रों के लिए हाथ से पेंटिंग, कक्षा दसवीं के लिए समाचार-पत्र पढ़ना, एफएलएन के उद्देश्य को समझने और इसके महत्व के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए फिल्म को स्क्रीन में दिखाना, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए खेल आयोजन, एकता और विविधता की भावना पैदा करने के लिए छात्रों द्वारा पारंपरिक कला और शिल्प की प्रस्तुति, मिट्टी के बर्तन बनाने का कौशल, पौधरोपण अभियान और विद्यार्थी एवं माता की भागीदारी शामिल थीं. इस सप्ताह के दौरान विद्यालय अपने शिक्षण विधियों और पाठ्यक्रम के प्रभावशीलता का मूल्यांकन करते हैं और आवश्यक सुधारों की पहचान करते हैं. शिक्षण में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए अनुसंधान और प्रयोग परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया. इस सप्ताह के दौरान किए गए प्रयासों का उद्देश्य शिक्षा के मानकों को ऊँचा उठाना और शैक्षिक वातावरण को अनुकूल बनाना होता है.

# रेलवे ने बोर्ड से गलत जानकारी को हटाया

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

संवाददाता । आसनसोल

आसनसोल रेल मंडल के सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन पर यात्री सुविधा के लिए लगाया गया प्लेटफार्म परिचय सूची बोर्ड में प्लेटफार्म के अंदर यात्री सुविधा जानकारी में अनियमितता की बात मीडिया में समाचार प्रकाशित होने के बाद आनन-फानन में हटा दिया गया. एससीसी कमिटी के सदस्य टिंकू वर्मा के कहने के बाद मीडिया में प्रकाशित होने पर सीतारामपुर के रेल अधिकारियों ने 15 फुट के बोर्ड को सोमवार की सुबह हटा दिया गया. यह खबर का असर था. बताया जाता है कि सीतारामपुर चीफ यार्ड मास्टर की अनदेखी सीतारामपुर रेलवे यात्रियों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है. इस संदर्भ में एससीसी कमिटी के सदस्य टिंकू वर्मा ने कहा कि सीतारामपुर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन से भारतीय रेल मंत्रालय ने सम्मान दिया गया है, उसी समय रेलवे बोर्ड की ओर से आसनसोल रेल मंडल ने एससीसी कमिटी के सदस्य मुझे बनाया गया है. वर्मा ने कहा कि 5 जुलाई को लगा यह 15 फुट का परिचय बोर्ड यात्रियों को सुविधा के बदले उल्टे जानकारी ज्यादा ही दे रहा था. सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन के अमृत भारत स्टेशन की घोषणा के बाद से गति शक्ति की ओर से कार्य तेज गति में किया गया है. विगत चार दिन पहले ही एडीआरएम ने सीतारामपुर जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण किया था, उनके समक्ष भी यह 15 फुट का परिचय बोर्ड लगा रहा, उसके बाद भी सीतारामपुर चीफ यार्ड मास्टर की लापरवाही देखिए, उसके बाद भी बोर्ड लगा रहा.

# कुल्टी में लगेगा सोलर प्रोजेक्ट

## एनटीपीसी और सेल की संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

**खास बातें**

- प्लांट के लगने से कुल्टी में युवाओं को मिलेगा रोजगार

संवाददाता । कुल्टी



- कुल्टी कारखाना से ईस्ट टाउन-वर्णपुर आईएसपी तक जाने वाली रेल लाइन को होगा चालू

एनटीपीसी और सेल के संयुक्त उपक्रम एनएसपीसीएल दुर्गापुर के महाप्रबंधक के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने कुल्टी इंदिरा गांधी कॉलोनी का दौरा किया. टीम ने सेल की जमीन पर सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए निरीक्षण किया. दुर्गापुर सेल के अधिकारी शांतनु बसु ने बताया कि कुल्टी में सेल की जमीन पर 25 मेगावाट सोलर पावर प्लांट लगाने के लिए निरीक्षण किया गया. इसके अलावा कुल्टी कारखाना से ईस्ट टाउन होते हुए वर्णपुर आईएसपी तक जाने वाली रेल लाइन को पुनः चालू करने के लिए निरीक्षण किया गया. सेल ग्रोथ वर्क्स कुल्टी के मुख्य महाप्रबंधक शुभाशीष सेन गुप्ता ने बताया कि इस प्लांट के लगने से कुल्टी में युवाओं को रोजगार मिलेगा. उन्होंने कहा कि बीते कई वर्ष पूर्व कुल्टी कारखाना से उत्पादन किया गया माल कुल्टी ईस्ट टाउन से वर्णपुर तक बनी रेल लाइन के द्वारा जाता था. पुनः उस मार्ग से रेल लाइन लगाने के लिए निरीक्षण किया गया. उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में कुल्टी में उत्पादन बढ़ेगा, जिससे लोगों को रोजगार मिलने के अवसर बढ़ेंगे.

## न्यूज अपडेट

### दो गुटो में मारपीट, दो युवक हिरासत में

**बराकर।** कुल्टी कॉलेज में नामांकन को लेकर छात्र यूनियन सदस्यों और बाहरी युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई. दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है. जानकारी के मुताबिक, सोमवार की दोपहर को दो युवक कुल्टी रेलपार से कुल्टी कॉलेज पहुंचे और तृणमूल छात्र परिषद के सदस्यों के साथ झड़प हुई. इसके बाद उन्होंने छात्र नेता जतिन गुप्ता के साथ मारपीट शुरू की, जिस पर कॉलेज के छात्रों ने दोनों युवकों की पिटाई की. कॉलेज के प्राचार्य ने पुलिस को सूचित किया, जिसने दोनों युवकों को हिरासत में लिया. प्राचार्य ने इस घटना को लेकर पुलिस को लिखित शिकायत भी दी. घटना के बाद तृणमूल की ओर से मामले को रफा दफा करने के प्रयास जारी है. कुल्टी कॉलेज के छात्र नेता जतिन गुप्ता ने बताया कि नामांकन के लिए शैक्षणिक योग्यता से संबंधित पेपर लाना होगा और कॉलेज प्रशासन से बातचीत करनी होगी. उन्होंने कहा कि बाहर से आए युवकों ने नामांकन का बहाना बनाकर छात्र संगठन के सदस्यों के साथ मारपीट करना चाहते थे.

### जामुड़िया में पानी जमाव की समस्या का समाधान



**जामुड़िया।** जामुड़िया विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 32 के बोगड़ा मोड़ से निचू धौड़ा इलाके में बनाई गई ढलाई सड़क पर पानी जमाव की समस्या का समाधान हो गया है. स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को हो रही परेशानी के बाद वार्ड पार्षद भोला हेला ने इंजीनियर और ठीकेदार के साथ मिलकर समस्या का समाधान किया. वार्ड पार्षद भोला हेला ने कहा कि दुकानदारों ने मुझसे शिकायत की थी कि सड़क पर पानी जमा होने से उनके दुकानों में पानी घुस जाता है. मैंने इंजीनियर और ठीकेदार को बुलाकर समस्या का समाधान करने को कहा. हमने सड़क के एक किनारे से पानी को निकालने का रास्ता बनाया और सड़क को ऊंचा किया ताकि वहां पानी अब जमा न हो सके. उन्होंने कहा कि हम जनता के सेवक हैं और जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है.

### यौन शोषण के आरोप में सीपीआईएम नेता गिरफ्तार



**दुर्गापुर।** सीपीआईएम के कृषक सभा नेता पर शादी का झांसा देकर साली के साथ यौन संबंध बनाने और सोने के गहने लेने का आरोप लगा है. पुलिस ने आरोपी नेता को गिरफ्तार कर लिया है. आरोप है कि नेता ने अपनी साली को शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और घर की मरम्मत के नाम पर सोने के गहने ले लिए. जब साली ने शादी की मांग कि तो नेता ने उसके साथ मारपीट की और गहने वापस नहीं किए. पुलिस ने आरोपी नेता को रविवार रात गिरफ्तार किया और सोमवार को अदालत में पेश किया. नेता ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि उन्हें राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया है.

**विरोध** पीएफ का बकाया पैसा, ईएसआई सेवाएं देने की मांग को लेकर

# सफाई कर्मियों का धरना जारी, 43 वार्डों में सेवा ठप



**खास बातें**

- कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे : निगम प्रशासक

संवाददाता । दुर्गापुर

सफाई कर्मियों की भूख हड़ताल व सामूहिक धरना से 43 वार्डों में सेवा ठप हो गयी. कांग्रेस श्रमिक संगठन के जिला अध्यक्ष सुभाष साहा कांग्रेस श्रमिक संगठन नेतृत्व के साथ दुर्गापुर नगर निगम के समक्ष अस्थायी सफाई कर्मियों के साथ आंदोलन में शामिल हुए. दुर्गापुर नगर निगम के 2400 अस्थायी सफाई कर्मचारियों ने सोमवार सुबह गांधी मोड़ से मार्च रैली निकालकर दुर्गापुर नगर निगम के सामने सत्याग्रह उपवास और सामूहिक धरना में हिस्सा लिया. यह बुधवार तक जारी रहेगा. अस्थायी सफाई कर्मियों की शिकायत है कि आसनसोल नगर पालिका के सफाई कर्मियों की दैनिक मजदूरी 347 रुपए है, लेकिन दुर्गापुर नगर निगम के सफाई कर्मियों की दैनिक मजदूरी 202 रुपए है. वैन महिला स्वच्छता कार्यकर्ताओं द्वारा चलायी जाती हैं. पीएफ का बकाया पैसा, चिकित्सा उपचार के लिए ईएसआई सेवाओं से विभिन्न तरीकों से इनकार किया जा रहा है. दुर्गापुर नगर निगम ने उस मांग की जानकारी दी है, लेकिन कोई महत्व नहीं दे रहा है. यदि जल्द ही मांगें पूरी नहीं की गईं तो यह सत्याग्रह भूख हड़ताल और सार्वजनिक धरना जारी रहेगा.

कांग्रेस श्रमिक संगठन के जिला अध्यक्ष सुभाष साहा ने कहा कि हमने इस मांग को कई बार दुर्गापुर नगर निगम के अधिकारियों को बताया है, लेकिन कुछ नहीं किया गया. पिछले साल हमने 8 सूत्री मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया था. कुछ दिन पहले, हमने एक विरोध मार्च निकाला और मांग उठाई. लेकिन काम नहीं हुआ. दुर्गापुर नगर निगम का कहना है कि क्षेत्र में पर्याप्त पैसा नहीं है विभिन्न कार्यों पर खर्च किया जा रहा है. अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं तो हम आंदोलन जारी रखेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### रेल कर्मी के आवास से पांच लाख की चोरी

**बोकारो।** बोकारो लोको रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर संख्या डीएस/।।/40 डी में सोमवार सुबह अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े लाखों का जेवरात उड़ा ले गये. जानकारी के अनुसार गृहणी रीना देवी सावन के दूसरी सोमवारी को अपने परिवार व बाल-बच्चों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना लेकर भगवान भोलेनाथ के मंदिर में गई थी. सुबह करीब दस बजे क्वार्टर में ताला लगा कर निकली. 11 बजे मंदिर से पूजा-अर्चना कर लौटी. इस बीच चोर उसके घर से जेवरात, पांच हजार नगद, एटीएम, आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि करीब 5-6 लाख का सामग्री लेकर जा चुका था. रीना देवी ने बालीडीह थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. इस बीच रीना देवी का पति रेलवे कर्मी सनोज कुमार अपने ड्यूटी पर थे.

### बोक्सा ने विद्यालय को दिए पंखे और ट्यूबलाइट

**बोकारो।** बोकारो ओल्ड जेवेरियन एलुमनी ट्रस्ट की ओर से राजकीय मध्य विद्यालय सेक्टर दो सी में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 15 पंखे व ट्यूब लाइट दिया गया. ट्रस्ट के व्यवस्थापक अरविंद चोपड़ा ने कहा कि इस विद्यालय से चोरो ने पंखा की चोरी कर ली थी. इसलिए गर्मी के दिनों में यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था. स्कूल के कक्ष में ट्यूब लाइट भी नहीं थी. इसलिए विद्यालय प्रबंधन को पंखा व ट्यूब लाइट उपलब्ध कराया गया. ताकि विद्यार्थियों को गर्मी से राहत मिल सके. विद्यार्थी बेहतर माहौल में पढ़ाई कर सकें.

### उपायुक्त ने की जन्म-मृत्यु निबंधन संबंधी बैठक

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जन्म-मृत्यु निबंधन एवं सांख्यिकी संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई. उपायुक्त के द्वारा जन्म-मृत्यु निबंधन एवं सांख्यिकी संबंधी कार्यों की समीक्षा क्रमबद्ध रूप से की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए. मृत्यु के रजिस्ट्रेशन में काफी कम रजिस्ट्रेशन हुए हैं. उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए अगस्त के अंतिम सप्ताह जन्म-मृत्यु निबंधन के रूप में मनाने को कहा. जिनमें सभी प्रखण्ड में कैंप लगाकर जन्म-मृत्यु निबंधन किया जाएगा. इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अरविंद कुमार, जिला संख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, नगर पंचायत पदाधिकारी स्मिता किरण, डॉ रंजन कुमार एवं अन्य मौजूद थे.

### डॉ.राजीव रंजन ने मां की पुण्यतिथि पर बांटे पौधे

**देवघर।** देवघर के जाने-माने दंत चिकित्सक डॉ.राजीव रंजन ने अपनी मां माधुरी देवी की पुण्यतिथि पर आज अपने देवघर डेंटल क्लिनिक में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया. डॉ. राजीव रंजन ने अपने शुभचिंतकों के साथ सर्वप्रथम अपनी दिवंगत माता का पुण्य स्मरण किया और उनके उदार व्यक्तित्व के प्रति अपनी श्रद्धा ज्ञापित की. डॉ.राजीव रंजन ने बताया कि आज अपनी मां की पुण्यतिथि और मिशन 'चलो गांव की ओर' के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार विद्यार्थी के आह्वान पर उन्होंने करीब 50 लोगों के बीच आम, अमरूद, केला, जामुन जैसे फलदार पौधे बांटे. साथ ही उनसे इनकी समुचित देखभाल का वचन भी लिया. उन्होंने अपने मरीजों को भी फलों एवं फूलों के पौधे भेंट किए. इस अवसर पर अस्पताल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे.

### अबुआ आवास चयन को लेकर हुई ग्रामसभा

**गांडेय (गिरिडीह)।** आबुआ आवास के लाभुकों के चयन को लेकर गांडेय प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में सोमवार को ग्रामसभा आयोजित की गई. ग्रामसभा डोकीडीह, चंपापुर, बुधुडीह, अहिल्यापुर, बड़कीटांड, बरमसिया, फुलची, पंडरी, मेदनीसारे, बक्कीकला व गांडेय में हुई. इसमें मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य व ग्रामीणों ने भाग लिया. ग्रामसभा में वैसे लाभुकों का चयन किया गया, जो आबुवा आवास लेने की अर्हता रखते हैं. इससे पूर्व ग्रामसभा में मुखिया अकबर अंसारी ने सभी वार्डों को सूची के आधार पर वैसे लाभुकों का चयन करने को कहा, जिन्हें इंदिरा व प्रधानमंत्री आवास का लाभ कभी नहीं मिला है. आदि कोई व्यक्ति आबुआ आवास के नाम पर पैसे की मांग करता है, तो उसके खिलाफ कर्रवाई की जाएगी.

#### वैज्ञानिक नवाचार मामले में डीपीएस बोकारो बना झारखंड का पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

# एआई, रोबोटिक्स का गहन अध्ययन कर सकेंगे छात्रः गंगवार

**खास बातें**

- लगातार दो वर्षों से छात्र राज्य में अव्वल स्थान पर रहे
- इस वर्ष विद्यालय की छात्रा अंकिता साक्षी थी स्टेट टॉपर

संवाददाता। बोकारो



शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो का प्रयास एक बार पुनः रंग लाया है. विद्यालय को नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म (कैम्प) का उत्कृष्टता केन्द्र (सेंटर आफ एक्सीलेंस) बनाया गया है. डीपीएस बोकारो यह उपलब्धि अर्जित करने वाला झारखंड का पहला विद्यालय बन गया है. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत सीएसआईआर (काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) तथा एनआईएसपीआर (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन पॉलिसी रिसर्च) की महत्वपूर्ण पहल कैम्प (नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म) के तहत होने वाली परीक्षाओं में इस विद्यालय से विद्यार्थियों की उत्कृष्ट सफलता व वैज्ञानिक क्षमता को देखते हुए विभागीय स्तर पर इसे सीओई (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में मान्यता दी गई है. विदित हो कि कैम्प में पूरे झारखंड में डीपीएस बोकारो से सर्वाधिक सक्रिय भागीदारी रही है और लगातार दो वर्षों से इसी स्कूल के विद्यार्थी पूरे राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त कर रहे हैं. इस वर्ष जहां विद्यालय की छात्रा अंकिता साक्षी स्टेट टॉपर रहीं, वहीं विगत वर्ष छात्र कृष क्रेजिया ने झारखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया था.

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने डीपीएस बोकारो को उत्कृष्टता केन्द्र बनाया जाना न केवल बोकारो, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक गर्व का विषय बताया. प्राचार्य ने कहा कि सीओई के उद्देश्य काफी महत्वपूर्ण हैं. इसके उद्देश्यों में छात्रों में गणितीय सोच और वैज्ञानिक मानसिकता के विकास को प्रोत्साहित करना, स्कूलों और वैज्ञानिक समुदाय के बीच की खाई को पाटने के अवसर प्रदान करना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों की प्रासंगिकता और प्रभाव को रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करना, छात्रों की रचनात्मक, खोजपूर्ण और अविष्कारशील क्षमता पोषित करने वाला वातावरण तैयार करना है.

डीपीएस बोकारो में झारखंड का प्रथम कैम्प सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाने की चास के अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने भी सराहना की.

#### अबुआ आवास आवंटन के नाम पर चल रहा है पैसे का खेल

# मुखिया के खिलाफ भुंइयाडीह के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

- मुखिया पर लगा आरोप, पैसा देने पर मिलेगा अबुआ आवास

संवाददाता। देवघर



स्थानीय प्रखंड अंतर्गत संग्राम लोढ़िया पंचायत के संग्राम लोढ़िया गांव भुंइयाडीह के ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि अबुआ आवास में घोर अनियमितता की जा रही है. उचित लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है. वनिस्पत जो पूर्व से आर्थिक रूप से मजबूत हैं और सरकार से पूर्व में भी आवास ले लिया है, उन सभी को पुनः मानक प्रक्रिया की अनदेखी कर आवास आवंटन किया जा रहा है. खासकर बहुत से ऐसे लोग हैं, जिनका कोई आवास नहीं है. किसी प्रकार अपना और अपने परिवार का सर छुपा पाते हैं, उनलोगों को आवास आवंटन नहीं किया गया है. जिससे स्थानीय ग्रामीणों में काफी रोष देखा जा रहा है.

वहीं मौके पर जुटे संग्राम लोढ़िया भुंइयाडीह के ग्रामीण संजय दास, सुभाष दास, बंगाली दास, कामेश्वर दास, गोबिंद दास, नरेश दास, शकुंतला देवी, कुसमी देबी, कबूतरी देवी, किरण देवी, गुड़िया देवी आदि ने मुखिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुखिया को पैसा देने पर ही आवास मिलता है.

**क्या कहते हैं लाभुक**

मौके पर एक वृद्ध महिला शकुंतला देवी औऱ बंगाली दास ने सीधे आरोप लगाया कि मुखिया को हमलोग दस हज़ार रुपया दिए हैं तब घर मिला है. जब पत्रकार द्वारा पूछा गया कि पैसा क्यों दिए तो, उक्त दोनों लाभुकों ने कहा कि मुखिया कहे थे, पैसा नहीं दोगे तो अबुआ आवास नहीं मिलेगा.

**क्या कहते हैं मुखिया**

वहीं संग्राम लोढ़िया पंचायत के मुखिया रणबीर मंडल ने अपने ऊपर लगे आरोप को लेकर कहा कि अबुआ आवास का चयन ग्राम सभा के माध्यम से होता है, सारा आरोप निराधार है.

### छत से गिरे युवक की ईलाज के दौरान मौत

**कसमार (बोकारो)।** कसमार थाना क्षेत्र के हिसीम निवासी 30 वर्षीय विक्रम महतो की मौत रिम्स में इलाज के दौरान रविवार की देर रात हो गई. सोमवार को घटना की सूचना पाकर गांव में मातम छा गया. मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया. मृतक की मां अर्चना देवी ने बताया कि 26 जुलाई की रात उनका एकलौता पुत्र विक्रम बिजली नहीं रहने के कारण घर की छत पर जाकर सो गया. अचानक देर रात पानी की बूंदा बांदी होने पर वह उठा और छत से नीचे उतरने की कोशिश की तो रात के अंधेरे मे रेलिंग नहीं होने के कारण अचानक छत से फिसल गया और वह नीचे गिर गया. आवाज सुनकर जब मां बाहर निकली तो बेटा नीचे गिरा पड़ा था. हल्ला मचाने के बाद आसपास के लोग जुटे और युवक को अस्पताल पहुंचाया गया. लगातार तीन दिनों के इलाज के बाद रविवार देर रात उसकी मौत हो गई. युवक की पांच साल पहले ही शादी हुई थी. पत्नी घटना के बाद से लगातार बेहोश हो रही थी. मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं. घटना के बाद स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि फणिंद्र कुमार मुंड़ा, पूर्व जिप सदस्य जगदीश महतो, सरोज महतो, सोमर महतो सहित अन्य लोग पहुंच कर घटना पर शोक व्यक्त किया.

## डीसी ने जनता दरबार में ऑन द स्पॉट दर्जनों मामलों का किया निष्पादन



संवाददाता। बोकारो

समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की. आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी. इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 70 से ज्यादा लोगों का क्रमवार समस्याएं, शिकायतों पर सुनवाई की. साथ ही संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया. इसके अलावा दर्जनों मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया.

जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, अबुआ आवास, राजस्व संबंधित विवाद, श्रम विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे.

मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता, जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग पियूष, चास अंचलाधिकारी दिवाकर दुबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे.

## गुणानंद महतो भाजपा छोड़ जेबीकेएसएस में हुए शामिल



संवाददाता। कसमार (बोकारो)

भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुणानंद महतो पार्टी से इस्तीफा देने के बाद जेबीकेएसएस में शामिल हो गए. धनबाद के टाउन हॉल में आयोजित समारोह में गुणानंद महतो ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जेबीकेएसएस की सदस्यता ग्रहण की. केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने माला पहनाकर एवं बुके देकर उनका स्वागत किया. गुणानंद महतो ने कहा कि झारखंड के खतियानधारियों को उनका हक दिलाने की मंशा लेकर वह जेबीकेएसएस में शामिल हुए हैं. उनके लिए पार्टी से अधिक अपनी माटी को प्राथमिकता है. झारखंड अलग राज्य बने 24 साल हो गए, लेकिन झारखंडियों को वाजिब हक व अधिकार नहीं मिला. कहा कि हमारी नौकरियां, कोयला, लोहा, जल, जंगल व जमीन को छीना जा रहा है. इसे बचाने के लिए जयराम महतो का साथ देना जरूरी है. उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह झारखंडियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगे और पार्टी में सच्ची सेवा निष्ठा से काम कर गोमिया विधानसभा में पार्टी को और मजबूत करेंगे.

गुणानंद महतो के साथ पार्टी में शामिल होने वालों में राजेश जायसवाल, मदन महतो, ब्रजेश महराज, विनय कुमार महतो, कार्तिक महतो, रतन चौबे, रामानंद महतो, रामवृक्ष महतो, संतोष महतो, नरेश महतो, सुरेन्द्र कुमार, अजय कुमार, पिन्टु कुमार, सहदेव कुमार, मिथलेश कुमार महतो, रंजीत कुमार, दिलीप कुमार, मनोज कुमार महतो, तेजू प्रजापति, हलधर कुमार महतो, मिश्रिलाल महतो आदि मुख्य हैं.

### सर्पदंश से महिला की मौत

**महगामा।** सर्पदंश से पीड़ित महिला की इलाज के क्रम में मौत हो गई. घटना महगामा थाना अंतर्गत ग्राम खुटहरी की है. चालीस वर्षीया तिलो देवी को सोमवार की सुबह घर के बाहर किसी जहरीले सांप ने काट लिया. सांप काटने के बाद अस्पताल में ले जाने के बजाय ओझागुनी के चक्कर में दूसरे गांव ले जाकर झाड़ फूंक कराया जाने लगा. झाड़ फूंक के क्रम में स्थिति और अधिक बिगड़ जाने के बाद पीड़ित महिला को सदर अस्पताल गोड्डा लाकर भर्ती करवाया गया. जहां इलाज के क्रम में महिला की मौत हो गई.

### महंगाई भत्ते के पुराने फॉर्मूला में बदलाव होः बीएकेएस

**बोकारो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ (बीएकेएस) ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री को पत्र लिखकर उद्योगों (फैक्ट्रियों) के कामगारों के महंगाई भत्ते फॉर्मूले में बदलाव की मांग की है. कहा है कि कर्मियों के लिए 1980 में बने फॉर्मूले को समय का ख्याल रख बदल देना चाहिए. पिछले 44 वर्षो से एआईसीपीएन को संशोधित नहीं किया गया है, जबकि श्रमिकों के उपभोग की प्रकृति में काफी बदलाव आया है. उपभोग की जाने वाली वस्तुओं को श्रम ब्यूरो चंडीगढ़ ने मात्र 6 वर्गों में ही बांटा है. बीएकेएस के कोषाध्यक्ष बीके मिश्र ने इसमें लैपटॉप, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, घरेलू विद्युत उपकरण, वाईफाई, होटल, हवाई यात्रा, ट्रेन यात्रा, शिप/क्रुज यात्रा आदि को जोड़ने की मांग की है.

### 45 वर्ष पूर्व लाइसेंस पाने वालों के नाम नोटिस जारी

**गोड्डा।** हथियार का लाइसेंस निर्गत करने में गोड्डा जिला प्रशासन ने काफी दरियादिली दिखाई है. दिल खोलकर रेवड़ी की तरह शस्त्र अधिनियम के तहत लाइसेंस निर्गत किए गए हैं. समाज के हर तबके सरकारी, गैर सरकारी, नेता, अधिकारी सभी कोई हथियार का लाइसेंस पाने की इस दौड़ में पीछे नहीं रहे. जिसने प्रशासन के समक्ष हाजरी बजाई और सभी की झोली भर दी गई. जिला कप्तान, पुलिस अधिकारी, शिक्षक, पत्रकार, नेता, कर्मचारी आम जनता सभी को हिस्सेदारी दी गई. यहां तक कि एक ही घर में चार-चार लाइसेंस जारी कर दिए गए. लाइसेंस मिलने के बाद हथियार खरीद हुई या नहीं जिला प्रशासन को मालूम नही है. जिस व्यक्ति को वर्ष 1981 में जिला प्रशासन ने हथियार का लाइसेंस जारी किया था, उस लाइसेंसधारी ने लाइसेंस मिलने के बाद अपना हथियार खरीदा या नहीं इसकी जानकारी 45 वर्ष बीतने के बाद भी प्रशासन को नहीं है. अब प्रशासन की नींद खुली है और इससे संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए दैनिक अखबार में विज्ञापन प्रकाशित करवाया है. समाहरणालय गोड्डा द्वारा प्रकाशित नोटिस संख्या 57/24 द्वारा 75 लाइसेंसधारी का नाम, पता और लाइसेंस नंबर देकर यह सूचित किया गया है कि वो अपना स्पष्टीकरण 23 जुलाई तक नियम 18 के तहत सारी वांछित सूचना विभाग में देकर बताएं अन्यथा अनुज्ञप्ति को रद्द कर दिया जाएगा.

### मारपीट कर 87 हजार की लूट

**देवघर।** चितरा थाना क्षेत्र के तलझारी गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार सिंह ने अपने गांव के तीन नामजद सहित चार अज्ञात व्यक्तियों पर जान लेवा हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने सहित घर में घुसकर लूटपाट कर देने की लिखित शिकायत वैधनाथधाम ओपी प्रभारी को दी है. जिसमे जिक्र है कि उसका पुत्र प्रभाकर कुमार सिंह जो सारठ बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौट रहा था कि तभी आरोपी बाबूराम सिंह, राजीव सिंह तथा अभिमन्यु सिंह सहित 3-4 अज्ञात हरवे हथियार से लैस होकर अपने घर के पास सभी ने उसे घेर लिया और उसके ऊपर ताबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. हल्ला सुनकर बीच बचाव करने घर वाले पहुंचे तो सभी ने उनलोगों के साथ साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए उनलोगों के ऊपर भी हमला कर उसके घर में घुस गया और करीब 87 हजार रुपये लूट लिया. परिजनों ने घायल को इलाज हेतु सारठ सीएचसी में भर्ती कराया. जहाँ स्थिति गंभीर देखते हुए उसे देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया. जहां उसका इलाज चल रहा हैं. स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना भेज दी गई है. पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है.

### सीएम से मिले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष

**देवघर।** सुप्रीम कोर्ट ने ईडी द्वारा दायर याचिका सोमवार को खारिज कर दिए जाने पर बधाई दी. विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री चेम्बर में देर तक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और देवघर जिला मीडिया प्रभारी राम मोहन चौधरी से मुख्यमंत्री ने बात की. सारठ विधानसभा से बीते लोकसभा चुनाव में वोटरों के जोश और मेहनत की सराहना की एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष को धन्यवाद कहा. क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाए जा रहे सैकड़ों योजनाओं को धरातल पर स्थिति का जायजा लिया. सीएम ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का लाभ शत प्रतिशत महिला को करवाने के लिए विशेष ध्यान देने को कहा. साथ ही राजनीतिक रुप से सतर्क और क्षेत्र में गरीब, पिछड़ा, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक पर विशेष ध्यान देने को कहा. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकता है. कार्यकर्ताओं को तैयार रहने को कहें और लग जाएं. इस अवसर पर झारखंड युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रशांत शेखर भी मौजूद थे.

### रोटरी क्लब चास ने लगाया कांवरिया सेवा शिविर

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ की ओर से सावन की दूसरी सोमवारी पर आमताल में केएमटी वाटर बॉटलिंग प्लांट के सामने कांवरिया सेवा शिविर लगाया गया. रविवार रात से लगे शिविर में चिड़का धाम जाने वाले शिवभक्तों की सेवा की गई. क्लब के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि बड़ी संख्या में कांवरिया रविवार रात से चिड़का धाम में जलार्पण के लिए प्रस्थान करते हैं. उनकी सुविधा का ध्यान रखना सामाजिक संस्थाओं का कर्तव्य है. कार्यक्रम के संयोजक शशांक अग्रवाल ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा एक अवसर है, जो किस्मत से ही प्राप्त होता है. सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि क्लब विगत 20 वर्षों से लगातार सावन के महीने में कांवरियों की सेवा करता आ रहा है. मुकेश ने बताया कि रविवार को लगे शिविर में करीब 1000 भक्तों की सेवा फल, चाय-बिस्कुट, पानी की बोतल, दवाइयां और ग्लूकोज देकर की गई.

### झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की हड़ताल जारी

**गोड्डा।** मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहने की बात पर अड़े कर्मचारियों की हड़ताल आठवें दिन भी जारी रहा. ज्ञात हो कि समाहरणालय लिपिक अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर पिछले 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं. मांगों के समर्थन में कर्मचारी अशोक स्तंभ के पास धरना पर बैठे हैं. झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के जिला मंत्री मुजाहिदुल इस्लाम, उपाध्यक्ष राकेश कुमार झा, आलोक कुमार ने बताया कि हड़ताल के आठवें दिन भी वार्ता हेतु सरकार की ओर से कोई पहल नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति नाराजगी है. उन्होंने बताया कि मंगलवार से आंदोलन को और तेज किया जाएगा. धरनास्थल पर दिनकर ठाकुर, पुष्पा देवी, पूनम मरांडी, जयप्रकाश साह, अनुराधा कुमारी, विनीता कुमारी सहित दर्जनों कर्मी उपस्थित थे.

**जायजा** — प्रखण्ड स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने किया औचक निरीक्षण

# पीडीएस केंद्र निरीक्षण में मिला बंद



**खास बातें**

- जून तक 711 क्विंटल अतिरिक्त राशन भेजा गया
- पकड़े जाने के डर से दुकान बंद कर भागा डीलर

संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)

जमुआ प्रखण्ड में सार्वजनिक जन वितरण प्रणाली की दुकानों की जांच में निकली प्रखण्ड स्तरीय टीम को जरीडीह पंचायत के भानोडीह में माता महिला स्वयं सहायता समूह की दुकान में अजीबोगरीब वाकया देखने को मिला.

प्रखण्ड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष जुनैद आलम, प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव की अगुवाई में बनी प्रखण्ड स्तरीय टीम में उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी, बीस सूत्री सदस्य सच्चिदानन्द सिंह एवं जेएमएम के जमुआ प्रखण्ड अध्यक्ष चीना खान थे.

टीम जब विश्वनाथ वर्मा के पीडीएस दुकान पर तीन बजे पहुंचे तो दुकान को बन्द पाया गया.

ग्रामीणों ने बताया कि अभी अंगूठा लिया जा रहा है. इधर आहार पोर्टल के अनुसार उक्त दुकान को 5533 क्विंटल राशन का आवंटन प्राप्त होता रहा है, लेकिन एक रद्द दुकान के कार्ड धारकों को कुछ दिनों के लिए उक्त दुकान से जोड़ दिया गया था. लेकिन तकनीकी कारणों से अतिरिक्त राशन अबतक प्राप्त हो रहा है. 1054 क्विंटल राशन उसे प्राप्त हुआ. जून तक 711 क्विंटल अतिरिक्त राशन उक्त डीलर के पास गया. चार दिनों पूर्व पांच गाड़ी राशन उक्त डीलर के पास गोदाम से भेजा गया. जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि मात्र 2 गाड़ी अनाज ही गांव आया.

इस बाबत प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने कहा कि जांच का विषय है कि तीन गाड़ी अनाज कहां गया. गोदाम में 711 क्विंटल अतिरिक्त राशन होना चाहिए, लेकिन जांच के डर से डीलर गोदाम बन्द कर फरार है. कार्डधारी रोहन महतो, बन्धु प्रसाद, संगीता देवी, पूनम देवी, कंचन देवी, प्रदीप पान्डेय, कन्हैया पान्डेय ने कहा कि हर बार ढाई से 5 किलोग्राम अनाज काटा जा रहा है.

प्रखण्ड बीस सूत्री कमिटी के अध्यक्ष मो जुनैद एवं जेएमएम के प्रखण्ड अध्यक्ष चीना खान ने कहा कि डीलर के खिलाफ सरकार को पत्र लिखेंगे. वहीं डीलर से सम्पर्क नहीं हो सका.

#### 6 दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन

# शांतनु शर्मा बने मेंस सिंगल के स्टेट चैंपियन



संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह इंडोर स्टेडियम में चल रहे 6 दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का सोमवार को समापन हो गया. मेंस सिंगल में सरायकेला के शांतनु शर्मा स्टेट चैंपियन बने. फाइनल मुकाबले में शांतनु ने पूर्वी सिंहभूम के कीर्तन अग्रवाल को सीधे सेटों में हराया. शांतनु ने कृष्ण को 21-15, 21- 12 से हराया. वहीं महिला एकल में रांची की मनीषा रानी तिर्की ने पश्चिमी सिंहभूम की सारा शर्मा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की. मनीषा ने सारा को 21-13, 21-10 से पराजित कर दिया. मेंस डबल्स में हर्षित राज और विनय कुमार सिंह की जोड़ी ने विनय महतो व सफी अकरम की जोड़ी को 21-16, 21-17 से पराजित कर चैंपियन बने. बॉयज अंडर 19 और गर्ल्स अंडर-19 में पूर्वी सिंहभूम का दबदबा रहा. बॉयज सिंगल में पूर्वी सिंहभूम के कृष्णा दुबे ने रांची के आंसु गोपाल को 15 - 21, 21-18, 21-15 से पराजित किया. दोनों के बीच कांटे का मुकाबला रहा. वहीं गर्ल्स अंडर-19 में पूर्वी सिंहभूम की सारा शर्मा ने रांची की अन्यया सिंह को 21 - 13, 16-2, 21 - 12 से हराया.

## सावधानी की जरुरत

चुनावी लाभ के लिए जिस तरह ध्रुवीकरण की राजनीति को अंजाम दिया जा रहा है, वह सामाजिक सद्भाव और विकास की गति दोनों के लिए खतरनाक प्रवृत्ति है. लोकसभा चुनाव के बाद अचानक भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह जनसंख्या असंतुलन का सवाल खड़ा किया है, उससे कई सवाल पैदा होते हैं. इसका जवाब तो देर सबेर भाजपा और केंद्र सरकार को भी देना होगा. भाजपा के एक सांसद ने केंद्र शासित प्रदेश का सवाल उठा कर झारखंड की दीर्घकालिक एकता और विचार का निषेध करने का प्रयास किया है. पहला सवाल तो यही है कि 24 साल पहले निर्मित हुआ झारखंड यदि अब भी आर्थिक तौर पर पिछड़ा हुआ राज्य ही है, तो इसके लिए जबावदेही किसकी है? झारखंड में शासन करने का सबसे लंबा अनुभव भाजपा के पास ही है. फिर आदिवासी जनसंख्या में कमी की जिस बात को भाजपा उठा रही है, उसके ठोस कारणों के बारे में भी उसे ही बताना चाहिए. ऐसा प्रतीत होता है कि पिछले विधान सभा चुनाव में पराजय का दर्द भाजपा को अब भी साल रहा है.

> झारखंड से संताल परगना को अलग कर बिहार के कुछ क्षेत्रों को मिला कर केंद्र शासित राज्य बनाने की मांग हो या फिर बंगाल को विभाजित कर उसके कुछ हिस्सों को पूर्वोत्तर से जोड़ने की मांग, दोनों ही एक खतरनाक राजनीति का हिस्सा है.

इसके साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव में पांचों आदिवासी आरक्षित सीटों पर मिली हार भी भाजपा के लिए दर्द का कारण बना हुआ है. भाजपा को बताना चाहिए कि यदि बांग्लादेश से घुसपैठ हुए हैं तो वे कब कब हुए हैं और इसकी जिम्मेदारी किसकी है? पिछले चार सालों में ही तो ऐसा नहीं हुआ है. इसके साथ ही आदिवासी महिलाओं का जो विवाह संबंधी सवाल भाजपा उठा रही है, क्या वह बिल्कुल आजकल की बात है? 2011 के बाद से देश में जनगणना नहीं हुई है. निकट भविष्य में इसके होने की संभावना भी नहीं दिख रही है. इसके साथ ही देश के उन राज्यों में जहां भाजपा चुनाव जीत नहीं पा रही है, उसके विभाजन की मांग जिस तरह की जा रही है, उसके संदेश तो स्पष्ट हैं. झारखंड से संताल परगना को अलग कर बिहार के कुछ क्षेत्रों को मिला कर केंद्र शासित राज्य बनाने की मांग हो या फिर बंगाल को विभाजित कर उसके कुछ हिस्सों को पूर्वोत्तर से जोड़ने की मांग, दोनों ही एक खतरनाक राजनीति का हिस्सा है. देश की विवधता, राज्यों के अधिकार और राज्यों के मनोविज्ञान की नासमझी का भी परिणाम है. झारखंड को बनाने के सौ साल लंबे संघर्ष का इतिहास सांस्कृतिक और अस्मिता की चेतना का हिस्सा है. अब इस चेतना के खिलाफ होने वाली मांग का विरोध लाजिमी है. बंगाल में भी तृणमूल कांग्रेस ने एक बार फिर बंगाली जातीयता की एकता का संदर्भ उठाया है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी झारखंडी चेतना, संस्कृति और अस्मिता पर इसे प्रहार बताया है. लोकतंत्र में हार जीत होती रहती है, लेकिन देश बड़ा होता है. उसी तरह किसी राज्य में भी पार्टियों की हार जीत होती रहती है, लेकिन किसी को भी समाजिक एकता और सद्भाव से खेलने की छूट नहीं दी जानी चाहिए. झारखंड के समक्ष अनेक आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां हैं. सत्ता में रह चुके दलों को यह बताना चाहिए कि झारखंड आर्थिक रूप से अब तक एक मजबूत राज्य क्यों नहीं बन सका है. इसकी जिम्मेदारी किसकी है.

### सुभाषित

**येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।**
**ते मर्त्यलोके भूविभारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति॥**

जिस व्यक्ति में न तो विद्या और न ही तप (कठिन परिश्रम कर पाने की योग्यता). न दानशीलता और न ही, शील तो ऐसे गुण तथा धर्म से विहीन व्यक्ति मृत्युलोक (पृथ्वी) पर भार के समान हैं, वह मनुष्य के रूप में पशु ही है.

# श्रमिकों के हिस्से ठोस योजनाएं कम

**प्रशिक्षुओं के संदर्भ में बाकायदा एक कानूनी संरचना है, जिसमें 'अलाउंस' जैसे शब्द का न तो प्रयोग है और न ही मालिकों की ओर से सीएसआर में से भुगतान करने का प्रावधान है. 'द अपैरेंटिस एक्ट, 1961' जो अस्तित्व में आने के बाद से 1973, 1986, 1997, 2007 और 2014 में संशोधित किया गया है, में साफ तौर पर प्रशिक्षण के दौरान मालिक को 'स्टाईपेंड' देने का प्रावधान है. यह एक तरह का वजीफा, अनुदान है, जो उसके आवश्यक जीविका के लिए तय मानदंडों से कम नहीं होना चाहिए.**

• देश-काल



अंजनी कुमार

23 जुलाई, 2024 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब संसद में अपना बजट भाषण पेश कर रही थीं, तब अप्रत्याशित तौर पर उन्होंने 'रोजगार' शब्द का सात बार प्रयोग किया. बजट से पूर्व जारी किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए प्रतिवर्ष 78.5 लाख नौकरी अगले पांच साल तक देने का प्रस्ताव रख चुका था. मोदी 1.0 विकास, 15 लाख रुपये और सबके लिए रोजगार का वादा करते हुए शुरू हुआ था। मोदी 2.0 रोजगार को प्रतिवर्ष एक करोड़ देने के वायदे के साथ आया। मोदी 3.0 इसमें से किसी भी वायदे को दुहराने की बजाय, इसे न्यूनतम स्तर पर हल करने के वायदे के साथ सामने आया है। यह बजट भाषण भारत में भीषण बेरोजगारी का स्वीकरण है, जिसका निदान इस बजट में फिलहाल नहीं दिख रहा है. इस संदर्भ में जो वायदे किये गये हैं, उसमें कुछ ऐसी विसंगितयां हैं जिसका सीधा फायदा युवा मेहनतकशों के हिस्से में आने की बजाय बड़ी कंपनियों के हिस्से में जाएगा.

सरकार रोजगार देने के प्रावधानों में मेहनतकशों को लेकर चिंतित होने की बजाय ज्यादा चिंता मालिकों की करती दिख रही है. इस संदर्भ में एक योजना ऐसी है जिसमें युवा रोजगार के खाते में सीधे 15 हजार रुपये की मदद तीन किस्तों में जाएगी. यह उन नौकरियों में दी जाएगी जिस नौकरी में साल की एक लाख से कम भुगतान किया जा रहा हो. नौकरी करने वाले युवा को जो पहली बार इपीएफओ में नामांकित हो रहे हैं, उन्हें उसका फायदा होगा. अनुमान के आधार पर ऐसे युवाओं की संख्या 2 करोड़ 10 लाख मानी गई है. मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में काम करने वाले युवाओं को भी प्रोत्साहन राशि देने का वादा किया गया है. यह कितना होगा, स्पष्ट नहीं है. लेकिन, एक दूसरी योजना के बारे में भी बात किया गया, जिसमें कार्यरत कर्मचारियों के प्रोविडेंट फंड में मालिकों की हिस्सेदारी में से प्रति महीने 3000 हजार रुपये 2 साल तक सरकार वापस करेगी. ऐसी ही एक और योजना की घोषणा इस बजट भाषण में की गयी.

सरकार ने दावा किया है कि पांच साल में एक करोड़ युवाओं को कौशलयुक्त बनाया जाएगा. इसमें से 25 हजार छात्रों को ऋण और छात्रवृत्ति उपलब्ध कराया जाएगा. इसी योजना में देश का टॉप 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षु के तौर पर भर्ती किया जाएगा. प्रशिक्षुओं की यह संख्या प्रतिवर्ष 20 लाख बनती है. यहां सरकार ने इन



प्रशिक्षुओं को 5000 हजार प्रति महीने 'अलाउंस' देने की घोषणा की है. प्रशिक्षण पर रखने वाली कंपनियां प्रशिक्षुओं पर अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांस्बिलिटी का 10 प्रतिशत हिस्सा खर्च करेगी और उनके प्रशिक्षण का खर्च वहन करेगी. भर्ती के दौरान सरकार 6000 हजार रुपये देगी.

भारतीय श्रम कानूनों में, जिसमें फैक्टरी प्रबंधन और नियोजन भी हिस्सा है, रोजगार की विविध श्रेणियों को वर्गीकृत किये हुए है. इस संदर्भ में, कर्मचारियों को देय भुगतान की श्रेणियां भी तय हैं. प्रशिक्षुओं के संदर्भ में बाकायदा एक कानूनी संरचना है, जिसमें 'अलाउंस' जैसे शब्द का न तो प्रयोग है और न ही मालिकों की ओर से सीएसआर में से भुगतान करने का प्रावधान है. 'द अपैरेंटिस एक्ट, 1961' जो अस्तित्व में आने के बाद से 1973, 1986, 1997, 2007 और 2014 में संशोधित किया गया है, में साफ तौर पर प्रशिक्षण के दौरान मालिक को 'स्टाईपेंड' देने का प्रावधान है. यह एक तरह का वजीफा, अनुदान है, जो उसके आवश्यक जीविका के लिए तय मानदंडों से कम नहीं होना चाहिए. यह अधिनियम तय करता है कि प्रशिक्षु का भुगतान उसके उत्पादन और मुनाफे के आधार पर नहीं होगा. इस अधिनियम पर फैक्टरी एक्ट 1948 के कुछ पक्ष प्रशिक्षु के स्वास्थ्य, जीवन और काम की अवस्थितियां लागू हैं. साथ ही प्रशिक्षु के घायल होने पर मालिक को जिम्मेवारी लेनी होगी और भुगतान करना होगा. प्रशिक्षण के संदर्भ में यह एक्ट मालिकों को यह भी सुनिश्चत करने के लिए प्रावधान रखे हुए है, जिससे कुल कार्यशक्ति के एक हिस्से के तौर पर प्रतिवर्ष प्रशिक्षु रखने और प्रशिक्षण पूरा होने पर सरकार को इसकी जानकारी देना जरूरी माना गया है. यह प्रावधान सिर्फ टॉप 500 कंपनियों के लिए नहीं, अपितु सभी फैक्टरी एक्ट के तहत आने वाली कंपनियों के लिए है. सरकार ने किस आधार पर टॉप 500 कंपनियों का चुनाव किया है, यह स्पष्ट नहीं है. यहां यह बताना जरूरी है भारत की टॉप 500 कंपनियों ने अपने विकास दर में अमेरिकी कंपनियों को भी पीछे छोड़ दिया है. यह सिर्फ श्रम अवदानों के बल पर संभव नहीं है. इसमें निश्चित ही अधिग्रहण और शेयर बाजार से हासिल पूंजीकरण एक बड़ी भूमिका निभा रही है. इस कथित विकास को लेकर पिछले कुछ सालों में राहुल गांधी से लेकर कई विशेषज्ञों ने गंभीर सवाल खड़ा किया है. बजट 2024 को पेश करते हुए कई सारी घोषणाएं भाषणों के माध्यम से हो रही थीं. निश्चित ही इसे प्रिंट माध्यम से आने के बाद ही विस्तार से समझा जा सकेगा. लेकिन, प्रावधान के संदर्भ में घोषणाएं उपयुक्त शब्दावलियों की मांग करती हैं. मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकाल इस संदर्भ में कई तरह की समस्याएं पैदा करती रही हैं. एक बड़ी समस्या आंकड़ों को लेकर है. मोदी सरकार के दौरान या तो आंकड़े आ नहीं रहे हैं, और यदि आ रहे हैं तब उन्हें संदर्भित करना और समझना भी एक दुरूह काम हो गया है. लंबे समय बाद, इस जुलाई की शुरुआत में 'सांख्यिकी और योजना कार्यान्वयन मत्रालय' की ओर से 2021-22 और 2022-23 का वार्षिक सर्वेक्षण जारी किया गया, तब यह साफ हो गया था कि मोदी 3.0 सरकार बरोजगारी और छोटे उद्यम की बर्बादी को एक सीमा तक स्वीकार करने के लिए तैयार हो चुकी है. इस बजट में खेती से जुड़े श्रमिकों के बारें में कुछ खास बात नहीं है. किसानों के लिए पिछले बजटों की तरह आय दुगुनी करने का वादा फिलहाल दिखाई नहीं दिया. सब्सिडी के मद में खर्च अपने न्यूनतम स्तर पर दिखाई दे रहा है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## नश्वरता का बोध

मनुष्य जब सन्मार्ग से विचलित हो जाता है, तब वह यह भूल जाता है कि उसे एक न एक दिन सबकुछ छोड़ कर जाना पड़ेगा. यह धन, यह यौवन, ये भोग विलास, ये सुरा-सुंदरी, कोई काम नहीं आएगा. जब एक डाकू किसी को लूटता है तो वह यह भूला होता है कि जिस धन के लिए वह हत्या और डकैती जैसा अपराध कर रहा है, वह सबकुछ निरर्थक है. अंतकाल में यह सब कुछ भी काम नहीं आनेवाला. जब तक उसे अपनी भूल का एहसास होता है, तबतक समय निकल चुका होता है और लाख चाह कर भी कुछ नहीं कर पाता. अगर समय रहते इसका भान हो जाये तो समझ में आता है कि जिसके पीछे वह दीवाना बना हुआ था, वह आपके किसी काम का नहीं है. इससे संबंधित एक दृष्टांत प्रस्तुत है. एक धनवान व्यक्ति था, बडा विलासी था. हर समय उसके मन में भोग विलास सुरा-सुंदरी के विचार ही छाए रहते थे. वह खुद भी इन विचारों से त्रस्त था, पर आदत से लाचार, वे विचार उसे छोड ही नहीं रहे थे. एक दिन आचानक किसी संत से उसका सम्पर्क हुआ. वह संत से उक्त अशुभ विचारों से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना करने लगा. संत ने कहा- अच्छा, अपना हाथ दिखाओं, हाथ देखकर संत भी चिंता में पड गये. संत बोले- बुरे विचारों से मैं तुम्हारा पिंड तो छुडा देता, पर तुम्हारे पास समय बहुत ही कम है. आज से ठीक एक माह बाद तुम्हारी मृत्यु निश्चित है, इतने कम समय में तुम्हे कुत्सित विचारों से निजात कैसे दिला सकता हूं. और फ़िर तुम्हें भी तो तुम्हारी तैयारियां करनी होगी. वह व्यक्ति चिंता में डूब गया. अब क्या होगा, चलो समय रहते यह मालूम तो हुआ कि मेरे पास समय कम है. वह घर और व्यवसाय को व्यवस्थित व नियोजित करने में लग गया. परलोक के लिए पुण्य अर्जन की योजनाएं बनाने लगा कि कदाचित परलोक हो तो पुण्य काम आएगा. वह सभी से अच्छा व्यवहार करने लगा. जब एक दिन शेष रहा तो उसने विचार किया, चलो एक बार संत के दर्शन कर लें. संत ने देखते ही कहा 'बडे शान्त नजर आ रहे हो, जबकि मात्र एक दिन शेष है. अच्छा बताओ क्या इस अवधि में कोई सुरा-सुंदरी की योजना बनी क्या ? व्यक्ति का उत्तर था, महाराज जब मृत्यु समक्ष हो तो विलास कैसा? संत हंस दिये और कहा- वत्स अशुभ चिंतन से दूर रहने का मात्र एक ही उपाय है "मृत्यु निश्चित है यह चिंतन सदैव सम्मुख रखना चाहिए और उसी ध्येय से प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करना चाहिए".

# आदर्श बजट और दीर्घकालिक लक्ष्य

• बजट

सुबीर राय

हर साल केंद्रीय सरकार पहले आर्थिक सर्वे और फिर बजट प्रस्तुत करती है. सर्वे के जरिये बताया जाता है कि अर्थव्यवस्था की हालत क्या है और बजट के माध्यम से अपनी सोची कार्ययोजना पेश करती है. इनको दो विचारों के मद्देनज़र देखा जाता है. मौजूदा परिस्थिति के परिप्रेक्ष्य में क्या किया जाना चाहिए? और क्या चीज़ें सही दिशा में जाने वाली हैं? किंतु लगता है सरकार इतने में खुश है कि पिछले 10 सालों की सत्ता के दौरान उसकी उपलब्धि क्या रही. वित्तीय वर्ष -2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर 8.2 फीसदी रही, इस तरह भारत दुनियाभर की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती आर्थिकी बना, जबकि वर्ष 2023 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रही. भारत को इस बात पर यकीन है 2024-25 में मुद्रास्फीति 4.5 फीसदी के अंदर रख पाएगा, लेकिन यह दृश्यावली इतनी भी गुलाबी नहीं है. वर्ष 2023-24 के बीच खुदरा महंगाई दर 5.4 प्रतिशत रही. इससे भी अधिक चिंताजनक यह कि खाद्य महंगाई दर 7.5 प्रतिशत जितनी ऊंची रही. कुल मिलाकर, इस क्षेत्र में कारगुजारी बेहतर रहने के साथ, आर्थिक सर्वे में 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के ध्येय की पूर्ति हेतु अगले सालों में वृद्धि दर पाने की रणनीति के बारे में बताया गया है. वृद्धि निरंतर बनी रहे, इसके लिए निजी क्षेत्र को अपनी पूंजी तलाशनी होगी. भारत को हरित ऊर्जा राष्ट्र में तब्दील करने के लिए सार्वजनिक-निजी साझेदारी को बढ़ावा देना होगा. सरकार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग तंत्र में खामियों को दूर करना होगा, ताकि उनकी तरक्की होती रहे. नीतियों को अमलीजामा पहनाने के लिए राजकीय मशीनरी और व्यवस्था के लिए अपनी कामकाजी गति बढ़ाना जरूरी है. यदि यह अगले 25 सालों का दीर्घकालीन ध्येय है तो इसकी शुरुआत अब हम कहां से करें? प्रथम, करदाताओं के लिए अच्छी खबर यह है कि मानक कर कटौती (स्टैंडर्ड टैक्स डिडक्शन) को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया गया है. टैक्स स्लैब में कुछ बदलाव किया गया है ताकि नौकरीपेशा लोगों के हाथ में 17,000 रुपये तक बचत हो पाए. व्यावसायिक लोग कार्यबल का हिस्सा बनें, इसके लिए उन्हें प्रोत्साहन पैकेज मिलेगा. इससे 20 लाख से अधिक युवाओं को फायदा होने की उम्मीद है. न केवल वेतन पाने वालों को बल्कि पूंजी निवेश से लाभ कमाने वालों को भी आमदनी कर में छूट देकर राहत दी गई है.इस प्रकार, यह बजट मध्य वर्ग का मददगार है, क्योंकि उन्हें कर कम चुकाना पड़ेगा. विद्रूपता यह कि सबसे गरीब तबका, जिसे यूं तो आयकर नहीं देना पड़ता, तथापि अपने उपभोग की तमाम उन वस्तुओं पर वह कर

> भारत को हरित ऊर्जा राष्ट्र में तब्दील करने के लिए सार्वजनिक-निजी साझेदारी को बढ़ावा देना होगा. सरकार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग तंत्र में खामियों को दूर करना होगा, ताकि उनकी तरक्की होती रहे. नीतियों को अमलीजामा पहनाने के लिए राजकीय मशीनरी और व्यवस्था के लिए अपनी कामकाजी गति बढ़ाना जरूरी है.

चुकाता है, जो जीएसटी तंत्र के तहत आती हैं. केंद्र एवं राज्य सरकारों को जीएसटी से जुड़े विषयों में सुधार और अधिक किए जाने की जरूरत है, हालांकि इन पर सर्वसम्मति पाना सदा कठिन रहा है. इसके अलावा, यह भी गलत है कि सेस से होने वाली कमाई अकेले केंद्र के हिस्से आए, जिसे वह आगे राज्यों से बांटना नहीं चाहता. उगाहे गए कराधान की जरूरत सूबों को भी उतनी है, ताकि वे अपने विकास ध्येयों को पूरा कर पाएं. मसलन, गरीब छात्रों के लिए शिक्षा सुनिश्चित करना. बज़ट में भाजपा के सहयोगी दल, जैसे कि नीतीश कुमार के जद यू और चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी को खुश करने के लिए कई बड़ी परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है. भाजपा, जिसके पास अपने बूते सरकार बनाने का पूर्ण बहुमत नहीं है, हर हीले-हवाले से केंद्र में अपनी सत्ता कायम रखना चाहेगी. स्वीकृत मुख्य परियोजनाओं में, पटना-पूर्णिया और बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे के अतिरिक्त बिहार के बक्सर जिले में गंगा नदी पर दो लेन वाला पुल बनना है. इसके अलावा, भागलपुर के पीरपैंती में 2400 मेगावाट क्षमता वाला बिजलीघर बनेगा. आंध्र प्रदेश के लिए रेल एवं सड़क मार्ग परियोजनाएं घोषित की गई हैं, इसकी नई बनने वाली राजधानी के लिए 15,000 करोड़ रुपये देना घोषित किया गया है.इस बजट, जो कि राजनीति साधने का उपाय अधिक है, का ध्येय साफ है- यह सुनिश्चित करना कि भाजपा के मुख्य सहयोगी दल- जिनकी बैसाखी के बिना भाजपा सत्ता में नहीं टिक पाएगी-और मध्य वर्ग संतुष्ट रहे. मध्य वर्ग को खुश करने के पीछे मुख्य वजह भाजपा पर हावी व्यापारी वर्ग का धंधा चलाए रखने के आरोप से मुक्ति, क्योंकि, यदि चुनावी आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो छोटे वोट बैंक के तौर पर मध्य वर्ग की हैसियत नहीं है कि चुनाव परिणामों पर फर्क डाल सके. सत्ताधारियों का मनोरथ सदा अपने लोगों को खुश रखना होता है. तात्कालिक में, सरकार के लिए चीज़ें अच्छी नहीं हैं.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# करवट ले रही दुनिया में आगे का रास्ता

• विमर्श

प्रफुल्ल कोलख्यान

इतना तो तय है कि पूरी दुनिया की व्यवस्था में बदलाव की हवा चल रही है. इस हवा में 'बहुत कुछ' नया है. यह अलग बात है कि हर नये में कुछ-न-कुछ पुराना भी बचा होता है. दुनिया की बात अपनी जगह है, फिलहाल तो सवाल यह है कि भारत में गति और परिस्थिति की क्या स्थिति है! भारत में संगठित राजनीतिक दलों का भविष्य अपने संगठन की नई राजनीतिक शैली की मांग कर रही है. पुरानी राजनीतिक शैली की संरचना अब काम नहीं करनेवाली है.नई राजनीतिक शैली पर बात करने के लिए पहले पुरानी राजनीतिक शैली पर बात की जानी चाहिए. सभ्यता की पीरामिडीय संरचना में क्षैतिजीय आकांक्षा बहुत तेजी से बढ़ रही है. श्रेष्ठानुक्रमिकता के निर्धारण के आधार में परिवर्तन हो रहे हैं. भारत में श्रेष्ठानुक्रमिकता के निर्धारण की पुरानी व्यवस्था पर बात की जानी चाहिए.बुद्धिमत्ता ने मनुष्य की सभ्यता के विकास में बहुत योगदान किया है. भावुक सांद्रताओं ने भी मनुष्य के मनुष्य बनने में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है. बुद्धिमत्ता और भावुक सांद्रताओं में टकराव की स्थिति भी उत्पन्न होती रहती है. टकराव की परिस्थिति के साथ सम्मानजनक तरीके से सामंजस्य बैठाने के लिए बुद्धिमत्ता और भावुकता के समानांतर विवेक की सक्रियता जारी रहती है. स्थगित-विवेक के दौर में हर प्रकार का सामंजस्य टूटने लगता है. टूटा हुआ सामंजस्य संसाधनों के न्याय-पूर्ण वितरण का सब से बड़ा बाधक और सामाजिक समरसता का संघातक होता है. भावुकता आदमी को यथार्थ की वास्तविक जमीन से हटाकर काल्पनिक दुनिया में ले उड़ती है. काल्पनिक दुनिया में भूत और भगवान दोनों का निवास होता है. डराने के लिए भूत और डर से मुकाबला के लिए भगवान के सहारे का भरोसा पैदा किया जाता है. इस लोक से कहीं अधिक बेहतर संभावनाओं का द्वार उस लोक में खुलता हुआ दिखाया जाता है. उस लोक की कुंजी अपने पास होने का भ्रामक भरोसा 'पंडा-पुरोहित-ब्राह्मण' दिलाता है. इस लोक से बेहतर उस लोक को बताने की भ्रमोत्पादक व्यवस्था के पूरे इंतजाम को भारत में ब्राह्मण-व्यवस्था या वर्ण-व्यवस्था कहा जाता है. वर्ण-व्यवस्था का संबंध काल्पनिक दुनिया या उस लोक से न होकर इस लोक से होता है. वर्ण-व्यवस्था का संबंध वास्तविक समाज और इस दुनिया से होने के कारण इस में संपर्क और संघर्ष होता रहा है. वर्ण-व्यवस्था भ्रामक श्रेष्ठानुक्रमिकता बनाती है. इस श्रेष्ठानुक्रमिकता के निर्धारण में जन्म-आधारित वास्तविकताओं को ही महत्व दिया जाता है. इस व्यवस्था के संचालन में शारीरिक बल और शारीरिक श्रम को तो

> भावुकता आदमी को यथार्थ की वास्तविक जमीन से हटाकर काल्पनिक दुनिया में ले उड़ती है. काल्पनिक दुनिया में भूत और भगवान दोनों का निवास होता है. डराने के लिए भूत और डर से मुकाबला के लिए भगवान के सहारे का भरोसा पैदा किया जाता है. इस लोक से कहीं अधिक बेहतर संभावनाओं का द्वार उस लोक में खुलता हुआ दिखाया जाता है.

पर्याप्त महत्व दिया जाता है, लेकिन शारीरिक बल रखनेवालों और शारीरिक श्रम करनेवालों को सब-से कम महत्व दिया जाता है. इतना ही नहीं, शारीरिक बल को पशु-बल माना जाता है और शारीरिक श्रम करनेवालों को पशु का दर्जा दिया जाता है. शारीरिक श्रम करनेवालों को वर्ण-व्यवस्था श्रेष्ठानुक्रमिकता के सब-से निचले पायदान पर जगह देती है. गजब है कि शारीरिक श्रम की आनुपातिक न्यूनता श्रेष्ठानुक्रमिकता में श्रेष्ठता की अधिकता का आधार तय करती है. डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को याद करें तो कहना होगा कि यह ठीक ही रेखांकित हुआ है कि वर्ण-व्यवस्था श्रम विभाजन का नहीं, श्रमिक विभाजन का षड़यंत्र है. यह षड़यंत्र तब और अधिक भयानक रूप में प्रकट होता है जब श्रेष्ठानुक्रमिकता सामाजिक और आर्थिक अ-न्याय, भेद-भाव के साथ समाज में घृणा-प्रसार को वैधता प्रदान करने में लगा रहता है. घृणा आंख पर पट्टी बांधकर हिंसा की घाटी में ले जाती है. ध्यान में रहना चाहिए कि हत्या हिंसा की अंतिम परिणति होती है और इसी तक सीमित नहीं रहती है. हिंसा क्या है? समुदाय और समुदाय सदस्य के रूप में व्यक्ति के सामाजिक विकास की नैसर्गिक संभावनाओं को अवरुद्ध करना हिंसा है. गति तो प्रकृति की बुनियाद में है. गति को दिशा देना मनुष्य की संस्कृति का उद्यम है. अपने रास्ते पर चलाने के लिए किसी अन्य के रास्ता को ताकत के इस्तेमाल से रोकना हिंसा है. वर्चस्वशाली लोगों में दूसरों को बलपूर्वक अपने रास्ते पर चलाने और अपनी मान्यताओं के अनुरूप शोषण के अनुकूल बनाने की जबरदस्त प्रवृत्ति होती है.वर्चस्व की प्रवृत्ति हिंसा है. वर्चस्व का विरोध प्रतिहिंसा है. राज-व्यवस्था यदि वर्चस्व की प्रवृत्ति पर लगाम नहीं कसती है और सिर्फ वर्चस्व के प्रतिरोध को राज्य-शक्ति के इस्तेमाल से रोकने के लिए तत्पर रहती है तो वह राज-व्यवस्था हिंसा के पक्ष में बने रहकर प्रतिहिंसा के हिंसात्मक विरोध से हिंसा-मुक्त समाज बनाने का ढोंग करने के अलावा कुछ नहीं करती है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

### मीडिया में अन्यत्र

## रेल प्रणाली में सुधार आवश्यक

**ठीक** सौ साल पहले वर्ष 1924 में देश में प्रथम रेल बजट प्रस्तुत किया गया था. वह ऐसा कालखंड था जब रेल बजट का आकार सामान्य बजट से भी अधिक था. तब से परिस्थितियां बहुत बदल चुकी हैं और भारत में अब अलग से रेल बजट प्रस्तुत करने का चलन समाप्त कर दिया गया है. वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में भारतीय रेल का काफी कम जिक्र किया गया है, जिस पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए. केवल बजट में उल्लेख नहीं होने का यह कतई अभिप्राय नहीं कि भारतीय रेल की अनदेखी हुई है.वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे के लिए पूंजीगत व्यय 2.62 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है, जिनमें सकल बजट सहायता 2.52 लाख करोड़ रुपये है. शेष 10,000 करोड़ रुपये बजट से इतर अन्य स्रोतों से जुटाए जाएंगे. पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस वर्ष बजट में पूंजीगत आवंटन में मात्र 5 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है, परंतु इसे वर्ष 2023-24 के संदर्भ में देखा जाना चाहिए जब पूंजीगत आवंटन उससे पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 51 प्रतिशत अधिक रहा था.इस वर्ष के बजट में रेल संपर्क और औद्योगिक विकास को एक दूसरे से जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया है. इस दिशा में आगे बढ़ते हुए बड़े औद्योगिक गलियारों जैसे विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारा, हैदराबाद-बेंगलूरु गलियारा और अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारा आदि में संपर्क बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है. हालांकि, पूंजीगत आवंटन बढ़ाने के परिणाम मिले-जुले रहे हैं.वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान दर्शाते हैं कि नई रेल पटरियां बिछाने, आमान परिवर्तन, रेल पटरी का दोहरीकरण और रेल मार्गों के नवीकरण पर संचयी व्यय 95,560.57 करोड़ रुपये रहा था. चालू वित्त वर्ष में इन चार मदों में कुल आवंटन घटकर 86,286.42 करोड़ रुपये रह गया.रेल डिब्बों और विद्युतीकरण योजनाओं पर आवंटन में मामूली कमी की गई है. हालांकि, पूंजीगत व्यय बढ़ाने के बाद भी परिचालन क्षमता में सुधार नहीं हुआ है. उदाहरण के लिए वर्ष 2019-20 में परिचालन अनुपात 95 प्रतिशत था, जिसका आशय था कि भारतीय रेल को प्रत्येक 100 रुपये कमाई में 95 रुपये खर्च करने पड़े थे. वर्ष 2023-24 में परिचालन अनुपात बिगड़कर 98.65 प्रतिशत हो गया.पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेल ने 31,180 किलोमीटर से अधिक रेल पटरियां बिछाई हैं. इसी अवधि के दौरान पटरियां बिछाने की गति भी तीन गुना से अधिक हो गई है. देश में जितनी बड़ी लाइन हैं, उनमें लगभग 95 प्रतिशत हिस्से पर विद्युतीकरण कार्य पूरा हो चुका है. अकेले वर्ष 2023-24 में भारतीय रेल ने 7,188 किलोमीटर मार्गों का विद्युतीकरण किया था.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## कच्चा/ कच्छा

**वह** बच्चा है, अक्ल का कच्चा है, लेकिन सच्चा है. कच्चा आम खट्टा होता है. मेरी इकलौती टी-शर्ट पर क़ब्ज़ा जमाए अच्छा रूममेट अपना कच्छा ढूंढ रहा है. इन वाक्यों में कच्चा और कच्छा दो शब्दों का प्रयोग मिलता है. कच्चा जहां विशेषण शब्द है, वहीं कच्छा संज्ञा पुल्लिंग. इन दोनों शब्दों से हर हिंदी भाषी पूरी तरह परिचित है. विभिन्न हिंदी शब्दकोशों के अनुसार कच्चा का सामान्य-सा अर्थ है बिना पका, जो पका न हो. इसके अलावे कच्चा का मतलब है, जो आंच पर पका न हो, जो आंच पर गला न हो या खरा न हो गया हो, जैसे कच्ची रोटी, कच्चा फल, कच्ची दाल, कच्चा घड़ा, जो अपनी पूरी बढ़त को न पहुंचा हो, जो पुष्ट न हुआ हो, अपरिपुष्ट, जैसे कच्ची कली, कच्ची लकड़ी, कच्ची उमर, प्राकृतिक या मूल रूपवाला, अनुभवहीन, अद्र्ध विकसित, अनाड़ी, जिसमें धैर्य, दृढ़ता, साहस आदि का अभाव हो, असुरक्षित, अप्रशिक्षित, जो बन कर तैयार न हुआ हो, जिसके तैयार होने में कसर हो, जिसके संशोधन या संस्कार की प्रक्रिया पूरी न हुई हो, जैसे कच्ची चीनी, कच्चा शोरा, कमजोर, जल्दी टूटने या बिगड़नेवाला, जैसे कच्चा धागा, कच्चा काम, कच्चा रंग. इस शब्द से बने कई मुहावरे प्रचलित हैं. जैसे कच्चा चिट्ठा खोलना यानी असलियत प्रकट करना, कच्चा होना यानी किसी विद्या या हुनर आदि में निपुण न होना. दूर-दूर पर पड़ा हुआ धागे का वह डोभ भी कच्चा कहलाता है, जिसपर दर्जी बखिया करते हैं. यह डोभ पीछे खोल दी जाती है. कच्चा का मतलब ढांचा, खाका, ढड्ढा, मसविदा, कनपटी के पास नीचे ऊपर के जबड़ों का जोड़ भी कच्चा कहलाता है. कच्चा का अंतिम अक्षर छ हो जाये तो शब्द बनता है कच्छा. कच्छा का प्रचलित अर्थ है अंतःवस्त्र, जांघिया, निकर, अंडरवियर, लेकिन उस चौड़ी और बड़ी नाव को कच्छा कहा जाता है, जिसमें दो पतवारें लगती हैं. कई बड़ी नावों को मिला कर बनाया गया बेड़े को भी कच्छा कहते हैं.

# यहां वहां जहां तहां, सभी जगह फर्जी

• तीर-तुक्का

नवेंदु किरण उन्मेष



जब से कलियुग आया है, पूरे संसार में फर्जी लोगों का बोलबाला हो गया है. कोई नकली आइजी बनकर फोन करता है और असली दारोगा को अपना मोबाइल रिचार्ज कराने पर मजबूर कर देता है, लेकिन जब बात में असली को नकली के कमाल का पता चलता है तो वह अपना सिर पीट कर रह जाता है. आपने कई बार अखबारों में प्रकाशित समाचारों को देखा होगा. फर्जी आईएएस बनकर लोगों को डराया-धमकाया और रूपयों की ठगी कर ली. अंत में फर्जी आईएएस गिरफ्तार भी हुआ. आपके घर में फर्जी बिजली अधिकारी आकर छापेमारी करता है और कहता है कि आप बिजली की चोरी कर रहे हैं. आपने फर्जी रुपये निकाले और उसे थमा दिया. वह अधिकारी खुश होकर चला गया. बाजार में रुपये चलाया तो उसे पता चला कि रुपये तो नकली हैं. यहां तक कि राशन कार्ड, डाईविंग लाइसेंस, पेन नंबर भी फर्जी बनते हैं. इन फर्जी कार्ड के आधार पर सरकार की कई योजनाएं चलती हैं. यह अलग बात है कि आधार के आ जाने से विभिन्न प्रकार के फर्जी कार्ड पर अंकुश लगे हैं. अब तो यहां तक कहा जाने लगा है कि देश में फर्जी समाचारों की भी खान है. सोशल मीडिया में डाले जा रहे 65 प्रतिशत समाचार फर्जी हैं. सरकार के सारे तंत्र इन्हें खोजने में लगे हैं. फर्जी समाचार के कारण देश में दंगा भड़कता है. फर्जी समाचार के कारण देश में अपराध होते हैं. नेताओं के फर्जी फोटो डालकर उनका चरित्र हनन किया जाता है. फेसबुक पर लॉग इन कीजिए तो आपको पता चलेगा कि फर्जी प्रेमिकाओं की भी बाढ़ है. आपने किसी लड़की को फेसबुक पर पटा लिया है और खुश हैं तो भ्रम में हैं. बाद में पता चलता है कि वह तो एक लड़का था, जिसे आप एक खूबसूरत लड़की समझ रहे थे. यानी प्यार भी फर्जी है. प्यार करने वाला व्यक्ति भी फर्जी होता है. आप प्यार के मामले में भी ठगे जा रहे हैं. फर्जी लड़की से प्यार करके आप सब कुछ गंवा चुके हैं. आप शादी करना चाहते हैं. कुछ लोगों को कहा कि कोई लड़की मेरे लिए बताना. मैं शादी करना चाहता हूं. एक ने आपको बताया कि मेरे मुहल्ले में एक अच्छी लड़की है. आपको दिखाया गया. आपने अपनी जेब ढीली करके शादी कर ली. लड़की के लिए कीमती जेवर-गहने बनवा दिये. सुहागरात के दिन लड़की गायब हो गयी. आप सोच रहे हैं कहीं वह लड़की फर्जी तो नहीं थी. शादी में उसके माता-पिता बने लोग भी कहीं फर्जी तो नहीं थे. बाद में पुलिस लड़की को गिरफ्तार करती है. पता चलता है कि उसने अपने जीवन में इसी तरह दर्जनभर शादियां की हैं. आप भी ठगी के शिकार हो गये हैं. मतलब साफ है देश फर्जी लोगों के सहारे चल रहा है. जिधर नजर दौड़ाइये फर्जी ही फर्जी की बू आती है.

# कितना स्ट्रॉन्ग है आपका पासवर्ड

पासवर्ड तैयार करना और इसे याद रखना आज एक चुनौती की तरह है. आमतौर पर पासवर्ड या यूजर्स नेम तय करते समय हम अपनी याद रखने की सुविधा का ध्यान रखते हैं. पासवर्ड ऐसा रखते हैं कि इन्हें आसानी से रिकॉल कर सकें. लेकिन हमारी यह सुविधा कई बार सुरक्षा पर भारी पड़ती है. इस तरह ये पासवर्ड कमजोर भी हो सकते हैं और हैकर इनकी कमजोरी का फायदा उठा कर हमारी महत्वपूर्ण व संवेदनशील सामग्री तक पहुंच बना सकते हैं. इसमें कई चीजें शामिल हो सकती हैं. हमारे सोशल मीडिया प्रोफाइल पर वे कब्जा कर सकते हैं. ऑनलाइन बैंकिंग खातों पर डाका डाल सकते हैं. इसलिए हमारे पासवर्ड का मजबूत होना जरूरी है. आइए कुछ ऑनलाइन टूल्स के जरिए जानें कि हमारा पासवर्ड कितना मजबूत है-



## सिक्योरिटी डॉट ऑर्ग

इस वेबसाइट पर अपना पासवर्ड क्वेरी के रूप में लिख सकते हैं. इसे सबमिट नहीं करना होता. जैसे ही हम इस वेबसाइट पर अपना पासवर्ड लिखते हैं, यह टूल बताता है कि कम्प्यूटर को पासवर्ड क्रेक करने में कितना समय लग सकता है. जितना कम वक्त होगा, पासवर्ड उतना ही कमजोर माना जाएगा. और इसमें अपने पासवर्ड की मजबूती परखते समय बेफिक्र रहें क्योंकि इसमें दर्ज किए गए पासवर्ड को स्टोर या शेयर नहीं किया जाता.

## गूगल पासवर्ड मैनेजर

यह सभी ऑनलाइन खातों के लिए मजबूत और यूनिक पासवर्ड का इस्तेमाल करना आसान बनाता है. जब आप गूगल पासवर्ड मैनेजर का उपयोग करते हैं, तो पासवर्ड आपके गूगल खाते में सहेजे जाते हैं. इन पासवर्ड की सुरक्षा के लिए यहां गूगल का इनबिल्ट टूल मिलता है. यह बताता है कि कौन सा पासवर्ड कमजोर है और उसे बदले जाने की तुरंत जरूरत है. यह भी जानकारी देता है कि खाते को कॉम्प्रोमाइज तो नहीं किया गया.

# अंतरिक्ष के ये हादसे



भारत की बेटी और नासा की काबिल एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स इन दिनों पृथ्वी से 360 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं. नासा ने एक्स अकाउंट पर वीडियो पोस्ट किया है जिसमें इसमें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में मौजूद सुनीता व अन्य अंतरिक्ष यात्री जीरो ग्रैविटी में मशाल लिए नजर आ रहे हैं. उनकी कुशलता की सूचना राहत देती है. दरअसल उनके बोइंग कैप्सूल में कुछ दिक्कतें आ गई हैं जिस कारण ये वैज्ञानिक एक महीने से अधिक समय से पृथ्वी वापस नहीं आ पा रहे हैं. उम्मीद है जल्दी ही उनकी वापसी के भी संदेश मिलेंगे. तमाम शोध-सर्तकता के बावजूद अंतरिक्ष में भी हादसे होते रहे हैं. ऐसी घड़ी में अंतरिक्ष के कुछ प्रमुख हादसों की चर्चा...

### दरवाजा नहीं खुल पाया और अंदर ही तड़प कर मर गए सभी

27 जनवरी, 1967 की घटना है यह. अपोलो 1 ट्रायल चल रहा था तभी यान में यात्री नियंत्रण कक्ष से संपर्क टूट गया. इसी दौरान काकपिट में सीओएम लीक हो रही थी. तभी टीवी के मॉनीटर पर दिखा कि एक शख्स यान का दरवाजा खोलने की कोशिश कर रहा था. पर यान के दरवाजे को एयरबैग ने दबाए रखा. अंदर फंसे लोगों को दरवाजा खोलने के लिए तपड़ते हुए देखा गया. वे बारी-बारी से कई बोल्ट खोल रहे थे लेंकिन आक्सीजन का दबाव बढ़ते जा रहा था. आक्सीजन की वजह से आग तेजी से फैली और पल भर में सब कुछ खत्म हो गया. अपोलो 1 लॉन्च हुए बगैर ही जलकर राख हो गया और अंदर ट्रायल कर रहे सभी लोग मारे गए.

### सोयूज 1 : जब रूस की जल्दबाजी से अंतरिक्ष में हुआ हादसा

साल 1967 में सोवियत क्रांति के 50 साल पूरे होने पर रूस ने संभवतः पश्चिमी देशों के साथ प्रतिस्पर्धा और जल्दबाजी में सोयूज 1 यान को व्लादिमिर कोमेरेव के साथ लॉन्च कर दिया. इस घटना के बारे में एक अंतरिक्ष यात्री ने किसी किताब में लिखा है कि जब यान हवा में उड़ा तो इसमें कई तकनीकी खामियां रह गई थीं. इसकारण अंतरिक्ष में स्पेसक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त होकर ध्वस्त हो गया. वापस लौटते वक्त कोमेरोव का पैराशूट भी नहीं खुला और उनकी मौत हो गई. संभवतः यह अंतरिक्ष की पहली बड़ी दुर्घटना थी.

### सोयूज 11 : तीनों अंतरिक्ष यात्रियों की मौत

1971 में एक बार फिर करीब चार साल बाद रुस ने अंतरिक्ष में अपने वैज्ञानिकों को भेजा. रूस ने सोयूज 11 को 3 यात्रियों विक्टर पेत्सयेव, व्लादिस्लेव वोलकोव और ज्यॉर्जी के साथ अंतरिक्ष में भेजा. इस बार पूरी सर्तकता बरती गई, पुरानी गलतियों को नहीं दोहराया गया. इन्हें रूस के पहले स्पेस स्टेशन सेल्यूट 1 पर पहुंचना था और यह यान स्पेस स्टेशन पर एकदम मुकम्मल अंदाज में लैंड भी कर गया. पृथ्वी पर रूस के वैज्ञानिकों की खुशी की सीमा नहीं थी और वे एक दूसरे को बधाई दे रहे थे. नजर स्पेसक्राफ्ट पर टिकी थी जो कुछ समय के बाद भी स्थिर पड़ा था, बिना किसी हलचल के. नीचे वैज्ञानिकों को कुछ शंका हुई तो उन्होंने यान के अंदर लगे कैमरों को देखा. अवाक रह गए धरती पर मौजूद अंतरिक्ष वैज्ञानिक जब उन्होंने तीनों यात्रियों के मुंह-नाक और कान से बेतहाशा खून निकलता देखा. तीनों साथी की मृत्यु हो चुकी थी.

### लॉन्च होने के महज 73 सेकेंड बाद ध्वस्त हुआ नासा का शटल चैलेंजर

28 जनवरी 1986 को अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान भेजा. इसमें स्पेस के लिए सात यात्री रवाना हुए. लॉन्चिंग के अगले ही पल यान के ओ-रिंग ने काम करना बंद कर दिया और वह सबकी आंखों के सामने फट गया. धरती छोड़ने के महज 73 सेकेंड के बाद हुए इस हादसे से सभी भीतर तक हिल गए थे. हादसा ऐसा कि इसके टुकड़ों का अता-पता तक न चला. सभी यात्रियों के चीथड़े उड़ गए. इसका कारण ठंड को बताया गया.

### कल्पना चावला समेत सात अंतरिक्ष यात्रियों की हो गई थी मौत

16 जनवरी 2003 को कोलंबिया स्पेस शटल ने फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी. इसमें कल्पना चावला समेत 7 अंतरिक्ष यात्री सवार थे. अपने मिशन के दौरान पूरे 15 दिन, 22 घंटे और 20 मिनट रहने के बाद 1 फरवरी 2003 को जब यह शटल धरती के वायुमंडल की तरफ बढ़ रहा था. तभी स्पेस शटल सवार अंतरिक्ष यात्रियों को एक जोरदार झटका लगा. उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी और वे बेहोश हो गये. बेहोश होने के बाद उनके शरीर का तापमान बढ़ गया जिससे शरीर में मौजूद खून उबलने लगा और शटल में ब्लास्ट होने से पहले ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई. जिसके बाद यह धरती पर पहुंचने से ही ब्लास्ट हो गया.

# हमारे हेल्थ का ख्याल रखते हैं ये गजेट्स

नीम हकीम खतरे जान की कहावत पुरानी और दुरुस्त है. किसी प्रकार की शारिरिक अस्वस्थता की स्थिति में चिकित्सक के पास ही पहुंचना चाहिए और खुद से गूगल देख कर इलाज करने से बचना चाहिए. लेकिन इन दिनों कुछ ऐसे हेल्थ गजेट्स हैं जो हमारी जरुरत बन गए हैं. चिकित्सक या हेल्थ प्रोफेशनल के पास पहुंचने से पहले ये हमें चेतावनी देते हैं या सजग होने के लिए आगाह कर देते हैं. आइए, आज कुछ ऐसे ही हेल्थ गजेट्स की करें चर्चा-

## ग्लूकोमीटर

अगर आप या आपके परिजन डायबिटीज से पीड़ित हैं, तो ग्लूकोमीटर घर पर रखना ही चाहिए. इस डिवाइस से ब्लड ग्लूकोज लेवल को ट्रैक करना आसान हो जाता है. अगर रीडिंग सामान्य सीमा के भीतर नहीं है, तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए. डायबिटीज का हाई लेवल कई परेशानियों, कई रोगों और कई जटिलटाओं का कारण बन सकता है. डायबिटीज मरीज निरंतर ब्लड शुगर के लेवल पर नजर रख सकते हैं और इसके लिए बार- बार डॉक्टर के पास जाने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी.

**ऐसे करें जांच**

जांच से पहले अपने हाथों को धो कर अच्छे से सुखाएं. फिर ग्लूकोमीटर को साफ कर लैंसेट डिवाइस तैयार करें. लैसेंट छोटी, नुकीली वस्तु होती है, जिनका इस्तेमाल त्वचा को छेदने के लिए किया जाता है. इससे उंगलियों, हथेलियों में छेद कर खून का सेपल लिया जाता है.




**कब करें जांच**

ग्लूकोमीटर से सुबह खाली पेट, खाना खाने से 2 घंटे पहले और खाना खाने के 2 घंटे बाद टेस्ट कर सकते हैं. इसमें एक स्ट्रिप का इस्तेमाल सिर्फ एक बार किया जा सकता है.

**जानिए कीमत**

ग्लूकोमीटर की कीमत आमतौर पर 200 से 3000 रुपए के बीच होती है. इसे ऑनलाइन या ऑफलाइन मेडिकल स्टोर से खरीदा जा सकता है.



## डिजिटल आईआर थर्मामीटर

आमतौर पर थर्मामीटर मुंह या बगल में लगा कर शरीर का तापमान जांचा जाता है. लेकिन इन दिनों आईआर थर्मामीटर से कॉन्टैक्ट लेस तरीके से बॉडी के टेम्परेचर को मापा जा रहा है. इसे आप 1-2 इंच की दूरी से ही जांच कर सकते हैं. ये क्रॉस इंफैक्शन के चांस को कम कर देता है. ऑनलाइन मार्केट में हजार रुपए तक यह उपलब्ध है.

## स्मार्टवॉच



स्मार्ट वॉच एक्सरसाइज और स्वास्थ्य से संबंधित डेटा को ट्रैक करती है. इसके जरिए हार्ट रेट मॉनिटरिंग हो सकती है. हार्ट रेट सेंसर धड़कन को लगातार ट्रैक करती है. यह हमारी स्लीप ट्रैकिंग भी करती है. नींद के पैटर्न को रिकॉर्ड करती है, जैसे कि कितनी देर सोए, गहरी नींद और हल्की नींद आदि. हमारी दैनिक गतिविधियों को भी कदमों की संख्या को ट्रैक कर मॉनिटर कर सकती है. इसके अलावा इसमें कैलोरी ट्रैकिंग फीचर होते हैं. यानि यह दिन भर में हम कितनी कैलोरी बर्न करते हैं.

स्मार्ट वाच में ऑक्सीजन सैचुरेशन ट्रैकिंग फीचर भी होता है. यह फीचर रक्त में ऑक्सीजन के स्तर को मापता है. वहीं दिन भर में हम कितना पानी पीते हैं और गर कम पीते हैं तो अलार्म लगा कर पीने के लिए स्मार्ट वॉच का हाइड्रेशन ट्रैकिंग फीचर मददगार होता है. कुछ खास स्मार्ट वॉच स्ट्रेस मॉनिटरिंग को मापती है. इसके लिए सेंसर लगे होते हैं.

## डिजिटल ब्लड मॉनिटर



एक नॉर्मल ब्लड प्रेशर रेंज 80-120 एमएम एचजी के बीच होता है. ऐसे में आप डिजिटल ब्लड मॉनिटर की मदद से इसे माप कर चेक कर सकते हैं. इसे खरीदते समय पल्स रेट के साथ आने वाले मॉनिटर को खरीदें. इसकी कीमत 1500 से लेकर 3000 रुपये तक होती है.

## पल्स ऑक्सीमीटर

पल्स ऑक्सीमीटर डिजिटल डिस्प्ले वाली एक छोटी मशीन है जो खून में ऑक्सीजन के स्तर की जानकारी देती है. इसे पोर्टेबल पल्स ऑक्सीमीटर (पीपीओ) कहा जाता है. पेपर या क्लोथ क्लिप की तरह इसे पीछे से दबाकर मरीज की अंगुली में फंसाया जाता है फिर इसे ऑन करना होता है. इस डिवाइस की मदद से मरीज की नब्ज और खून में ऑक्सीजन स्तर का पता चलता है. डिस्प्ले में इसकी रीडिंग दिख जाती है. इसके मदद से ऑक्सीजन लेवल चेक कर सकते हैं.

**ऑक्सीजन का स्तर**

एक सामान्य और स्वस्थ व्यक्ति के ब्लड में ऑक्सीजन का सैचुरेशन लेवल 95 से 100 फीसदी के बीच होना चाहिए. 95 फीसदी से कम ऑक्सीजन स्तर इस बात का संकेत है कि उसके फेफड़ों में किसी तरह की परेशानी है. इसलिए ऑक्सीजन सही से नहीं पहुंच रही है. ऑक्सीजन लेवल 92 फीसदी से नीचे आने पर व्यक्ति की स्थिति गंभीर मानी जाती है. ऐसी स्थिति में उसे तुरंत किसी चिकित्सक या हॉस्पिटल से संपर्क करना चाहिए. उसे ऑक्सीजन सपोर्ट की जरूरत पड़ सकती है. स्पष्ट कर दें कि यह मानक सामान्य व्यक्ति के लिए है. अगर कोई किसी बीमारी से ग्रस्त है तो उसकी स्थिति इससे अलग हो सकती है.



**जांच के समय यह सावधानी जरूरी**

जिस अंगुली से रीडिंग ले रहे हैं, उस पर नेल पेंट या अन्य कोई रंग नहीं होना चाहिए. यह सलीके से कटा हो. व्यक्ति के हाथ अधिक ठंडे नहीं हों.

**जानिए कीमत**

यह 500 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक में नजदीकी दवा दुकानों में या मेडिकल इक्विपमेंट की दुकानों से लिया जा सकता है.

## रेस्पिरेटरी एक्सरसाइजर



एक्सरसाइज करने से लंग्स की ओवरऑल हेल्थ इम्प्रूव होती है. इससे ब्लड में हॉर्मोन की सर्कुलेशन भी तेज होती है. इससे हार्ट, ब्रेन और लंग्स में ब्लड फ्लो बढ़ता है. मार्केट में कई तरह के रेस्पिरेटरी एक्सरसाइजर डिवाइस आपको मिल जाएंगे.

# मारुति सुजुकी इग्निस का नया रेडिएंस एडिशन हुआ लॉन्च

## कम कीमत में धांसू फीचर्स

मारुति सुजुकी ने अपनी इग्निस कार का नया रेडिएंस एडिशन हाल ही लॉन्च किया है. अधिक स्टायलिश और एडवांस फीचर्स से लैस यह कीमत के मामले में भी पहले से लुभावनी हो गई है. इसकी कीमत पहले से तकरीबन 35,000 रुपये कम हो गई है. इसकी शुरुआती कीमत करीब 5.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तय की गई है. गौरतलब है कि मारुति इग्निस के रेगुलर मॉडल का सिग्मा वेरिएंट 5.84 लाख रुपए की शुरुआती कीमत में आता है.

एसयूवी से एंस्पायर्ड डिज़ाइन वाली मारुति इग्निस के रेगुलर मॉडल का सिग्मा वेरिएंट इस कार को पहली बार 2017 में लॉन्च किया गया था. इस मॉडल से नया रेडिएंस एडिशन में काफी कुछ बदलाव नजर आता है. कंपनी ने कुछ कॉस्मेटिक बदलाव किए हैं जो इसे रेगुलर मॉडल के मुकाबले थोड़ा और बेहतर बनाता है. इसमें बोल्ड एक्सटीरियर डिज़ाइन, प्रीमियम इंटीरियर और मॉर्डन टेक्नोलॉजी को शामिल किया गया है. इस कार को सुजुकी टोटल इफेक्टिव कंट्रोल टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म पर डेवलप किया गया है.

## पावर और परफॉर्मेंस

सच पूछिए तो पावर और परफॉर्मेंस के मामले में अधिक बदलाव नए मॉडल में नहीं नजर आता है. पूर्व के मॉडल की ही तरह 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन के साथ आती है. ये इंजन 83 पीएस की पावर और 113 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. इस इंजन को 5-स्पीड मैनुअल और ऑटोमेटिक गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है. कंपनी का दावा है कि ये कार 20.89 किमी/लीटर तक का माइलेज देती है.

## इन रंगों में उपलब्ध

नई रेडिएंस एडिशन कार 7 मोनोटोन और 3 डुअल-टोन पेंट स्कीम के साथ आती है. जिसमें नेक्सा ब्लू, ल्यूसेंट ऑरेंज, सिल्की सिल्वर, टर्क्वॉइज़ ब्लू, ग्लिस्टनिंग ग्रे, पर्ल आर्कटिक व्हाइट, पर्ल मिडनाइट ब्लैक, ब्लैक रूफ के साथ ल्यूसेंट ऑरेंज, सिल्वर रूफ के साथ नेक्सा ब्लू, और ब्लैक रूफ के साथ नेक्सा ब्लू शामिल है.

## ये फीचर्स हैं खास

एप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो के साथ 7 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, ऑटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल, ड्राइवर सीट के हाइट एडजेस्टर, स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल, पुश स्टार्ट/स्टॉप बटन, टीएफटी स्क्रीन के साथ मल्टी इंफॉर्मेशन डिस्प्ले जैसे फीचर्स नई रेडिएंस एडिशन कार को खास बनाते हैं. साथ ही सुरक्षा के लिए कार में डुअल फ्रंट एयरबैग, रियर पार्किंग कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम और रियर पार्किंग सेंसर मिलता है.






संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# खेलो इंडिया तंत्र की देन है मनु भाकर : खेल मंत्री

भाषा। नयी दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि ओलंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी मनु भाकर सरकार के खेलो इंडिया अभियान के तंत्र की देन हैं. भाकर ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीत कर भारत का खाता खोला था. मांडविया ने पीटीआई से कहा, जब वह (खेलों से पहले) प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी से मिलीं, तो उन्होंने उन्हें बताया कि खेलो इंडिया की पहल ने उनके जैसे कई खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में मदद की है. आज खेलो इंडिया के माध्यम से कई खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं. भाकर ने अपने करियर में विश्व चैंपियनशिप का



स्वर्ण पदक सहित कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं. उन्होंने खेलो इंडिया खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है. मांडविया ने कहा, खेलो इंडिया के दो महत्वपूर्ण हिस्से हैं, कीर्ति परियोजना के माध्यम से हम कॉलेजों में पढ़ रहे छात्रों के बीच प्रतिभा की पहचान कर रहे हैं और उन्हें उचित माहौल, प्रशिक्षण, छात्रावास सुविधाएं दे रहे हैं और उनके खर्चों का ख्याल रख रहे हैं.

मंत्री ने कहा कि एक बार पहचान हो जाने के बाद खिलाड़ियों को लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) में शामिल किया जाता है जिसके तहत उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के मौके और अच्छे कोच मुहैया कराए जाते हैं. मनु भाकर को टॉप्स योजना के तहत जर्मनी और स्विट्जरलैंड में अभ्यास के लिए भेजा गया जिससे कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें. मंत्री ने खिलाड़ियों के साथ निजी कोच भेजे जाने के फैसले का भी बचाव किया. पहले हमारे दल के सहयोगी स्टाफ और कोचों के पास खिलाड़ियों के साथ यात्रा करने के लिए सीमित सुविधाएं थीं. इस बार हमने खिलाड़ियों के साथ उनके निजी कोच भेजने का फैसला किया. जब हमारे खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो देश का मनोबल भी बढ़ता है और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी देश को गौरवान्वित करेंगे.



# दूसरे दिन भी पेरिस ओलंपिक ट्रायथलन तैराकी अभ्यास रद्द

एजेंसी। पेरिस

▸ सीन नदी के पानी का स्तर खराब हुआ

सीन नदी के पानी का स्तर खराब होने से ओलंपिक ट्रायथलन की तैराकी स्पर्धा के लिए तैयारी लगातार दूसरे दिन रद्द कर दी गई. आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि मंगलवार को स्पर्धा शुरू होने पर ट्रायथलीट इस नदी में तैराकी कर सकेंगे. विश्व ट्रायथलन, उसकी मेडिकल टीम और शहर प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि अगले 36 घंटों में धूप खिलने और तापमान बढ़ने से पानी की गुणवत्ता बेहतर होगी. विश्व ट्रायथलन ने पानी की गुणवत्ता की समीक्षा के लिए बैठक के बाद तैराकी का अभ्यास रद्द करने का फैसला किया. अधिकारियों ने कहा कि उद्घाटन समारोह के दिन आई बारिश के कारण पानी की गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ा है. सीन नदी का जल प्रदूषित होने के कारण पिछले सौ साल से यहां तैराकी पर प्रतिबंध है. ओलंपिक से पहले पानी को साफ करने के लिए आयोजकों ने 1.4 अरब यूरो खर्च किये हैं.

## पेरिस ओलंपिक 2024 पदक तालिका

| देश | गोल्ड | सिल्वर | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 5 | 2 | 2 | 9 |
| 2. जापान | 4 | 2 | 2 | 8 |
| 3. द. कोरिया | 4 | 2 | 1 | 7 |
| 4. ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2 | 0 | 6 |
| 23. भारत | 0 | 0 | 1 | 1 |

## पेरिस ओलंपिक में आज भारत

- **निशानेबाजी :** राजेश्वरी कुमारी और श्रेयसी सिंह का महिला ट्रैप क्वालीफाइंग राउंड दोपहर 12.30 बजे से.
- **तीरंदाजी :** अंकिता भकत व्यक्तिगत स्पर्धा के एलिमिनेशन राउंड में पोलैंड की वायलेटा मैसजोर से शाम 5:14 बजे से, भजन कौर इंडोनेशिया की साइफा नूराफिफा कमाल से शाम 5:27 बजे से भिड़ेंगी. धीरज बोम्मादेवरा पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा का मैच चेक गणराज्य के एडम ली से रात 10:46 बजे.
- **हॉकी :** पुरुष हॉकी टीम पूल-बी के खेल में आयरलैंड से मैच, शाम 4:45 बजे से.
- **बैडमिंटन :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ग्रुप स्टेज स्पर्धा में इंडोनेशिया की फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दियांतो का मैच, शाम 5:30 बजे. अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी का मैच ऑस्ट्रेलिया की सेतियाना मापासा और एंजेला यू से शाम 6:20 बजे से.
- **मुक्केबाजी :** अमित पंघाल पुरुषों के 51 किग्रा राउंड ऑफ 16 मैच में जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा को (शाम 7:16 बजे) चुनौती देंगे, जैस्मीन लेम्बोरिया महिलाओं की 57 किग्रा में राउंड ऑफ 32 गेम, मैच रात 9:24 बजे से. महिलाओं की 54 किग्रा वर्ग में प्रीति पवार राउंड ऑफ 16 इवेंट, मैच देर रात 1:22 बजे से.

### मनु और सरबजोत मिश्रित टीम कांस्य पदक के मुकाबले में

# एक और कांस्य के साथ मनु आज रच सकती है इतिहास

एजेंसी। शेटराउ


पेरिस ओलंपिक का सोमवार को तीसरा दिन था. इसमें मनु भाकर और सरबजोत की जोड़ी निशानेबाजी मुकाबले के कांस्य पदक की दौड़ के लिए क्वालिफाई कर ली. उनका मैच मंगलवार को खेला जाएगा. वहीं, सोमवार को शूटिंग में भारत को अर्जुन बबुता से मेडल की उम्मीद थी, जो मेंस 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में उतरे थे. अर्जुन 208.4 अंकों के साथ चौथे नंबर पर रहे. हालांकि अर्जुन ने कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया. एक समय अर्जुन मेडल जीतने की स्थिति में थे, लेकिन आखिरी शॉट उनका सटीक नहीं रहे. आखिरी शॉट में वह केवल 9.5 अंक जुटा पाए.अर्जुन 20 शॉट में से सिर्फ दो मौके पर 10 से कम का स्कोर बना पाए.

**रमिता बाहर :** भारत को पेरिस ओलंपिक में पहला पदक दिलाने वाली मनु भाकर ने सरबजोत सिंह के साथ सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले के लिये भी क्वालीफाई कर लिया. मनु ने रविवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था और ओलंपिक पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी. भारत को उन्होंने ओलंपिक की निशानेबाजी रेंज पर 12 साल बाद पदक दिलाया था. मनु और सरबजोत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक के दौर में प्रवेश किया जहां उनका सामना मंगलवार को कोरिया से होगा. वहीं भारत की रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रही. 20 वर्ष की रमिता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 145 . 3 स्कोर किया. वह दस शॉट के बाद सातवें स्थान पर थी जब एलिमिनेशन शुरू हुआ. इसके बाद उसने 10 . 5 का शॉट लगाकर छठा स्थान हासिल किया और नॉर्वे की हेग लीनेट डस्टाड बाहर हो गई. अगले शॉट पर रमिता बाहर हुई. रविवार को क्वालीफिकेशन में वह पांचवें स्थान पर रही थी. हांगझोउ एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता रमिता ने विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मेहुली घोष और तिलोत्तमा सेन को घरेलू ट्रायल में हराकर पेरिस का टिकट कटाया था.

**आज निशाना भेदते ही मिलेगा एक और पदक**



**पदक से चूके अर्जुन**



### अश्विनी और तनीषा की जोड़ी हारी



**पेरिस।** भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी पेरिस ओलंपिक बैडमिंटन महिला युगल में जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा से हार गई, जो उनकी लगातार दूसरी हार है. भारतीय जोड़ी को 48 मिनट तक चले मुकाबले में 21–11, 21–12 से पराजय का सामना करना पड़ा. इससे पहले कल भारत की यह जोड़ी ग्रुप सी में दक्षिण कोरियाई किम सो यियोंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 18–21, 10–21 से हार गई थी.

### बोपन्ना व बालाजी की हार के साथ टेनिस में भारतीय चुनौती समाप्त

**पेरिस।** सुमित नागल के एकल तथा रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी के पहले दौर में हारने के साथ ही भारत की पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में चुनौती समाप्त हो गई. बोपन्ना और बालाजी को एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोनफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5–7, 2–6 से हार का सामना करना पड़ा. मोनफिल्स ने अंतिम समय में घरेलू टीम में घायल फैबियन रेबौल की जगह ली थी. बोपन्ना का यह संभवत: आखिरी ओलंपिक था. यह 44 वर्षीय खिलाड़ी डेविस कप से पहले ही संन्यास ले चुका है.,

**पुरुष तीरंदाजी टीम ने भी किया निराश :** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम ओलंपिक क्वार्टर फाइनल में सोमवार को यहां तुर्किये से 2–6 से हार गयी. भारतीय टीम ने शुरूआती दो सेट गंवाने के बाद तीसरे सेट में वापसी की लेकिन तुर्किये के तीरंदाजों ने चौथा सेट जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली.

# आखिरी मिनटों में हरमनप्रीत के गोल से भारत ने अर्जेंटीना को ड्रॉ पर रोका

भाषा। पेरिस



आखिरी सीटी बजने से एक मिनट पहले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने पेरिस ओलंपिक पुरूष हॉकी स्पर्धा में पूल बी के मैच में रियो ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को 1-1 से ड्रॉ पर रोका. भारत को इस मैच में मिले दसवें पेनल्टी कॉर्नर पर यह पहला गोल आया जो सारी कहानी खुद कहता है. पिछले मैच में भी 59वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर हरमनप्रीत के गोल की बदौलत ही भारत ने न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया था. टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम पूरे मैच में रंगत में नहीं दिखी. पेनल्टी कॉर्नर बेहद कमजोर रहा और मनप्रीत सिंह तथा हार्दिक सिंह जैसे अनुभवी मिडफील्डर मैच में कहीं दिखे ही नहीं. इसके अलावा अहम मौकों पर फॉरवर्ड पंक्ति ने कई गलतियां की और मौके गंवाये. अर्जेंटीना ने 22वें मिनट में लुकास मार्तिनेज के गोल के दम पर बढ़त बना ली और उसके बाद भारतीय टीम बराबरी के गोल के लिए तरसती रही.

भारतीयों ने सर्कल के भीतर कई बार हमले बोले, लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर सैंतियागो तोमास ने जबर्दस्त मुस्तैदी से भारत का हर वार नाकाम कर दिया. ऐसा लग रहा था कि अर्जेंटीना टोक्यो ओलंपिक के पूल चरण में भारत से 1-3 से मिली हार का बदला चुकता कर लेगा, लेकिन भारत का किस्मत ने साथ दिया और 59वें मिनट में अहम पेनल्टी कॉर्नर मिला. भारतीय टीम पेनल्टी स्ट्रोक की मांग कर रही थी लेकिन रेफरल के बाद कार्नर दिया गया. हरमनप्रीत ने इस पर गोल करके स्टेडियम में मौजूद भारतीय दर्शकों को निराश लौटने से बचा लिया. अब भारत को मंगलवार को आयरलैंड से खेलना है, जिसके बाद बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीमों से सामना होगा. ऐसे में कोच क्रेग फुल्टोन को कमजोर कड़ियों को कसना होगा. पहले क्वार्टर में दोनों



टीमों को एक एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन गोल नहीं हो सका. अर्जेंटीना ने आक्रामक शुरूआत की लेकिन भारत ने दसवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिस समय कप्तान और स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत बेंच पर थे.अपना पहला ओलंपिक खेल रहे संजय ने शॉट लिया लेकिन गोल नहीं कर सके. भारत को लगातार दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला जो अर्जेंटीना के रेफरल पर खारिज कर दिया गया. भारतीय टीम 12वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंची लेकिन अभिषेक का शॉट गोलपोस्ट से टकराकर निकल गया. इसी मिनट में अर्जेंटीना ने जवाबी हमले पर पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन शॉट कमजोर था. दूसरे क्वार्टर में भारत को 19वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन हरमनप्रीत गोल खाता नहीं खोल सके. अर्जेंटीना ने 22वें मिनट में लुकास मार्तिनेज ने 'थ्रीडी' कौशल दिखाते हुए भारत के तीन डिफेंडरों और श्रीजेश को चकमा देकर गोल कर दिया. श्रीजेश ने दाहिनी ओर डाइव लगाकर गेंद को रोकने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे. अर्जेंटीना को 42वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दूसरा गोल नहीं आया. भारत को जवाबी हमले में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन हरमनप्रीत सिंह फिर नाकाम रहे. इसके बाद चौथे क्वार्टर में जब आखिरी पांच मिनट बचे थे, तब कोच ने गोलकीपर श्रीजेश को मैदान से हटा लिया. भारतीय टीम ने आक्रामक होकर हमले बोले व पेनल्टी कार्नर मिला व हरमनप्रीत ने बराबरी का गोल किया.

### खास बातें

- पूल के पहले मैच में भारत ने न्यूजीलैंड का हराया था
- मंगलवार को आयरलैंड के साथ होगा मुकाबला

## बैडमिंटनः लक्ष्य सेन ने कैरेगी को हराया

**पेरिस।** ओलंपिक में पदार्पण कर रहे भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने धीमी शुरुआत से उबरकर सोमवार को यहां पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के ग्रुप एल में बेल्जियम के जूलियन कैरेगी को सीधे गेम में हरा दिया. लक्ष्य ने ग्रुप के अपने पहले मैच में रविवार को केविन कोर्डन को हराया था लेकिन गुआटेमाला के खिलाड़ी के कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने के बाद उनके सभी नतीजों को 'डिलीट' कर दिया गया. इस तरह ग्रुप एल में अब सिर्फ तीन खिलाड़ियों के बीच चुनौती की है.

# अभ्यास सत्र में भाग लेंगे रोहित-कोहली

भाषा। कोलंबो

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ दो अगस्त से शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला से पहले यहां अभ्यास सत्र में भाग लेंगे. रोहित, कोहली और पहली बार टीम में शामिल किए गए हर्षित राणा सहित वनडे टीम मैं शामिल खिलाड़ी रविवार को यहां पहुंचे. सूर्यकुमार यादव की अगवाई में भारतीय टी20 टीम पालेकल में मंगलवार को अंतिम मैच खेलेगी.




इसके बाद वनडे टीम में शामिल खिलाडी रोहित के नेतृत्व वाली टीम से जुड़ेंगे. रोहित, कोहली और कुलदीप यादव टी20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद पहली बार मैदान पर उतरेंगे. श्रीलंका के खिलाफ वनडे श्रृंखला से श्रेयस अय्यर भी राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे. उन्होंने भारत की तरफ से सीमित ओवरों का अंतिम मैच पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था. वनडे टीम में शामिल यह सभी खिलाड़ी सहायक कोच अभिषेक नायर की देखरेख में कोलंबो में अभ्यास करेंगे. श्रीलंका के खिलाफ तीनों वनडे मैच यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे. पहला मैच दो अगस्त, दूसरा चार अगस्त और तीसरा मैच सात अगस्त को खेला जाएगा.

### साविक-चिराग का मैच रद्द

# लक्ष्य की कॉर्डन पर जीत परिणाम से हटाई गई

भाषा। पेरिस

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन की ओलंपिक खेलों में पुरुष एकल ग्रुप एल के शुरुआती मैच में केविन कॉर्डन पर जीत को नहीं गिना जाएगा, क्योंकि ग्वाटेमाला का उनका प्रतिद्वंद्वी बाईं कोहनी की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गया है. विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने एक अपडेट में कहा, ग्वाटेमाला के पुरुष एकल खिलाड़ी केविन कॉर्डन बाईं कोहनी



की चोट के कारण पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता से हट गए हैं. इसमें कहा गया है, इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और बेल्जियम के जूलियन कैराग्गी के खिलाफ उनके ग्रुप एल के शेष मैच नहीं खेले जाएंगे. इस ग्रुप के मैचों का कार्यक्रम फिर से निर्धारित किया गया है. बैडमिंटन की विश्व संस्था ने कहा, ग्रुप चरण के लिए बीडब्ल्यूएफ की प्रतियोगिता संबंधी नियमों के अनुसार ग्रुप एल में मैच कॉर्डन को शामिल करते हुए खेले गए थे. इसलिए ग्रुप एल में कॉर्डन से जुड़े सभी खेले गए या अभी खेले जाने वाले सभी मैचों के परिणाम अब हटाए गए माने जाते हैं. टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट कॉर्डन के हटने का मतलब है कि ग्रुप एल में अब केवल तीन खिलाड़ी होंगे, जिसमें सेन के अलावा क्रिस्टी और कैरागी शामिल हैं.

**श्रीलंका दौरा** — भारतीय टीम किसी भी तरह से ढिलाई नहीं बरतेगी

# तीसरे टी20 में श्रीलंका का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत

भाषा। पालेकल

नए कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम किसी भी तरह से ढिलाई नहीं बरतेगी और मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका की कमजोरियों का फायदा उठाकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के लिए मैदान पर उतरेगी. भारत पहले दोनों मैच जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर चुका है, लेकिन उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखना होगा. भारत ने रविवार को बारिश से प्रभावित दूसरा मैच सात विकेट से जीता था.



जिस दिन श्रीलंका की महिला टीम ने भारत को हराकर अपना पहला टी20 एशिया कप जीता, उस दिन भी उनकी पुरुष टीम का प्रदर्शन खराब रहा. श्रीलंका के लिए सबसे बड़ी चिंता उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन है. दूसरी तरफ भारत ने अभी तक विश्व चैंपियन की तरह ही प्रदर्शन किया है. भारत ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है. भारतीय खिलाड़ियों की रणनीति और कौशल में आत्मविश्वास साफ झलक रहा है तथा वह किसी भी समय दबाव में नहीं दिखे. कुछ अवसर ऐसे भी आए जबकि श्रीलंका की टीम मुकाबले में ही नहीं देखी. भारतीय गेंदबाजों ने अभी तक उसके बल्लेबाजों को खुलकर नहीं खेलने गया है. सूर्यकुमार ने गेंदबाजी में प्रभावशाली परिवर्तन करके श्रीलंका की परेशानियां बढ़ाई हैं. भारतीय कप्तान ने अभी तक 58 और 26 रन की पारियां खेल कर आगे बढ़कर नेतृत्व किया है.

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह। खलील अहमद, मोहम्मद सिराज.

**श्रीलंका :** दिनेश चंडीमल, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, चैरिथ असलांका (कप्तान), वानिंदु हसरंगा, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, चामिंडु विक्रमसिंघे, बिनुरा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना , महेश थीक्षाना, डुनिथ वेलालेज.

**मैच का समय : शाम 7:00 बजे से.**

# क्रिकेटर भी स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं, सपना पूरा होगा : द्रविड़

- द्रविड़ ने कहा, मैंने ड्रेसिंग रूम में ओलंपिक को लेकर गंभीर चर्चा सुनी थी

भाषा। पेरिस

क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने के धुर समर्थक रहे दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि क्रिकेटर इन खेलों का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ में प्रतिस्पर्धा करने को लेकर ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत सुनी है. क्रिकेट को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया



है. द्रविड़ इस संबंध में ओलंपिक में क्रिकेटः एक नए युग की शुरुआत विषय पर पैनल चर्चा में भाग लेने के लिए फ्रांस की राजधानी में हैं. पूर्व भारतीय कप्तान और कोच द्रविड़ ने कहा, मैंने इस संबंध में ड्रेसिंग रूम में गंभीर बातचीत सुनी है. लोग 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप और 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के साथ 2028 के ओलंपिक खेलों के बारे में भी चर्चा कर रहे हैं. क्रिकेटर भी स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं, पोडियम पर खड़े होना चाहते हैं, और खेल गांव, एक बड़े खेल आयोजन का हिस्सा बनना चाहते हैं.

द्रविड़ ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि जब अगला ओलंपिक करीब होगा तो क्रिकेटर इसके लिए तैयारी कर रहे होंगे. वे इसे गंभीरता से लेंगे और खिलाड़ी वहां पहुंचने के लिए जी-जान से मेहनत करेंगे. यहां इंडिया हाउस में चर्चा के दौरान इस महान बल्लेबाज के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सीईओ ज्योफ एलार्डिस भी मौजूद थे.



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** धन के आगमन से मन प्रसन्न होगा. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. भाग्य का साथ मिलेगा. पुराना रोग उभर सकता है. विवाद से क्लेश संभव है. कोई बड़ा कार्य संपन्न होगा.

**वृषभ** दिखावा या गलत जगह खर्च होगा. नेत्र संबंधी रोग से बचें. दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य में विलंब होगा. मौसमी बीमारियों से बचें, स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. पारिवारिक चिंता बनी रहेगी.

**मिथुन** समय सामान्य शुभ है. दिखावा में ज्यादा खर्च हो सकता है. विदेश से शुभ समाचार मिलेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. भाग्य का साथ रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. निवेश शुभ रहेगा. आपके कार्य प्रभाव से आय होगी.

**कर्क** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. नई योजना बनेगी. कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी.

**सिंह** पिता के कार्य से लाभ होगा. उनकी आज्ञा से कार्य करें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे. सूर्य को जल दें.

**कन्या** धर्म मे मन लगेगा. पर वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा.

**तुला** किसी से कहासुनी हो सकता है. समय सामान्य है. आपके कृत के कारण कोई अज्ञात भय सताएगा. पुराना रोग उभर सकता है. भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

**वृश्चिक** पार्टनर से कोई मतभेद हो सकता है. कोई अच्छा समाचार मिल सकता है. किसी व्यक्ति से बेवजह संबंधित बाधा से बचे. विरोधी सक्रिय रहेंगे. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा.

**धनु** अज्ञात शत्रु का भय सताएगा. कार्य में कुछ विलंब होगा पर कार्य को गति मिलेगा. जमानत या न्यायालय संबंधित कार्य को टालना चाहिए. स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है. मंदिर में झाड़ू का दान करें.

**मकर** शिक्षा में सफलता का योग है. संतान की देखभाल करें. भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**कुंभ** मानसिक उलझनवाला दिन है. कोई बड़ा कार्य या बोलने से पहले बिचार आवश्यक है. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा.

**मीन** समय उपयुक्त फल देगा. भाई-बहन से मतभेद हो सकता है. जवान पर कंट्रोल आवश्यक है. पराक्रम का गलत तरीके से प्रयोग नहीं करें. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे.

### पेज एक का शेष...

## राहुल गांधी का चक्रव्यूह

**नोंक-झोंक: रिजीजू और स्पीकर से बहस :** कांग्रेस नेता के भाषण के दौरान सदन में खूब हंगामा हुआ. राहुल गांधी ने सदन में अंबानी और अडानी का जिक्र किया. इस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने आपत्ति जताई. रिजीजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को नियमों की जानकारी नहीं है. राहुल गांधी ने सदन की गरिमा गिराई है. राहुल के अंबानी और अडानी का जिक्र करने पर स्पीकर ने भी राहुल को टोका. स्पीकर ने कहा कि सदन में सदन से बाहर के सदस्य का नाम जिक्र नहीं किया जा सकता है. इस पर राहुल गांधी ने कहा, ठीक है. अंबानी, अडानी का नाम नहीं लूंगा. मैं ए1 और ए2 कहूंगा. राहुल ने कहा, कि इन्हें ए1, ए-2 की रक्षा करनी है. वो ऊपर से आदेश आया है, मैं समझ सकता हूं. ये लोकतंत्र है सर, वो डिफेंड कर सकते हैं. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अगर मंत्री ए-1 और ए 2 को डिफेंड करते हैं, तो मुझे खुशी है सर. लेकिन क्या मैं आपसे एक सवाल पूछ सकता हूं? इस पर स्पीकर ने कहा- नहीं, कोई भी सदस्य मुझसे सवाल नहीं पूछ सकता.

## मॉनसून सत्र: हंगामे के बीच 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

**किस विभाग के लिए कितनी राशि का प्रावधान**

| विभाग | राशि (लाख में) | खान विभाग | 16.00 |
|---|---|---|---|
| कृषि विभाग | 7709.01 | अल्प. कल्याण | 3000.00 |
| पशुपालन विभाग | 732.00 | विधानसभा | 492.20 |
| भवन निर्माण | 10.00 | कार्मिक | 75.31 |
| मंत्रिमंडल सचि. | 660.00 | जेपीएससी | 20.00 |
| मंत्रिमंडल निर्वा. | 19336.82 | योजना विकास | 77.00 |
| नागर विमान | 2019.00 | पेयजल | 1476.09 |
| सहकारिता | 300.00 | आपदा प्रबंधन | 32022.00 |
| ऊर्जा विभाग | 26035.70 | भू राजस्व | 61.36 |
| उत्पाद विभाग | 710.18 | ग्रामीण विकास | 1400.01 |
| वित्त विभाग | 179.76 | स्कूली शिक्षा | 8.00 |
| वाणिज्यकर | 20.00 | सूचना प्रौद्योगिकी | 200.00 |
| खाद्य आपूर्ति | 11.75 | परिवहन | 3000.00 |
| वन पर्यावरण | 370.94 | नगर विकास | 7117.88 |
| स्वास्थ्य | 22150.76 | जल संसाधन | 2538.45 |
| उच्च शिक्षा | 86.01 | एसटी,एससी,ओबीसी | 42955.84 |
| गृह विभाग | 49466.93 | पर्यटन | 5.00 |
| उद्योग | 2201.19 | डेयरी | 2015.68 |
| श्रम विभाग | 7209.30 | पंचायती राज | 75650.31 |
| विधि विभाग | 1547.30 | आवास विभाग | 1.00 |
| झारखंड हाईकोर्ट | 288.00 | माध्यमिक शिक्षा | 57485.92 |

### चौकीदार-दफादार, पंचायत स्वयं सेवक और रसोईया संघ का प्रदर्शन

# मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव

**संवाददाता। रांची**





बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोका गया

अपनी मांगों को लेकर चौकीदार-दफादर, पंचायत स्वयं सेवक और विद्यालय रसोईया, संयोजिका अध्यक्ष संघ ने सोमवार को विधानसभा का घेराव किया. उससे पहले जगन्नाथ मंदिर के सामने बैरिकेडिंग लगायी गयी थी. वहां पर रैप और आईआरबी के जवानों ने सभी प्रदर्शनकारियों को बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जबतक मॉनसून सत्र चलेगा, तबतक यहां पर आंदोलन करते रहेंगे. इससे पहले राज्यभर के हजारों लोग पुरानी विधानसभा में एकजुट हुए. वहां से पैदल मार्च करते हुए विधानसभा पहुंचे, जहां पर पहले से सुरक्षा की दृष्टि से लगायी गयी बैरिकेडिंग से जुलूस रोका गया. प्रदर्शनकारियों ने फिर जगन्नाथ मंदिर के सामने सभा की.

चौकीदार-दफादार : संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ने कहा कि जबतक सरकार से वार्ता नहीं होगी, तबतक सड़क पर आंदोलन करते रहेंगे. हमारी मांगों में राज्य के विभिन्न जिलों में चौकीदार-दफादार के रिक्त पदों पर निकाले जा रहे विज्ञापन को तत्काल रद्द किया जाए. एक जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्त चौकीदार-दफादारो के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्त प्रक्रिया के अनुसार करने का आदेश सभी उपायुक्त को दिया जाए, प्रमुख रूप से हैं. मौके पर एतवा उराव, नेजावत अंसारी ,बाबू लाल लोहरा, अखिलेश साहू, सद्दाम अंसारी, बर्तु उरांव, तेजू पासवान, महेंद्र राम, महिपाल, अजीत कुमार,सिंहदेव गोप, विकास सिंह, नंदलाल माहली हारु माझी, प्रदीप गोप, तपन कुमार पासवान प्रदीप सोरेन रंजीत कुमार एतवा उरांव

**पंचायत स्वंय सेवक :** 12 मार्च 2024 को कैबिनेट की घोषणा को लागू कराने की मांग को लेकर राज्यभर के पंचायत स्वयं सेवक सोमवार को पुराना विधानसभा मैदान में एकजुट हुए. वे पैदल मार्च करते हुए नए विधानसभा भवन के पास पहुंचे. पुलिस ने विधानसभा के समक्ष लगायी गयी बैरिकेडिंग से पहले ही उन्हें रोक दिया. संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप ने कहा, 253 दिन आदोलन के बाद 12 मार्च 2024 को प्रत्येक पंचायत स्वंय सेवक को प्रतिमाह माह 2500 रुपये देने की घोषणा की थी. पंचायत स्वयं सेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया गया है, लेकिन अभी तक धरातल पर नहीं दिख रहा है. मौके पर विभा रानी, अनिल कुमार ठाकुर, दीपक कुमार सिंह, जयप्रकाश तिवारी, कुंदन कुमार, नागेश्वर कुमार महतो समेत अन्य शामिल थे.

**झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संघ :** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया, संयोजिका और अध्यक्ष ने हजारों महिलाओ ने सोमवार को विधानसभा का घेराव किया. इस दौरान प्रदर्शन कर रहे महिलाओं ने कहा कि 2005 से सरकार से पांच सूत्री मांग कर रहे है, लेकिन अभी तक मांगें पूरा नहीं की गयी है.

प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिता देवी केसरी ने कहा कि पूरे राज्य में दो लाख 47 हजार रसोईया है. मौके पर देवकी देवी, कमला देवी, जानकी पिंगुवा, सपना महतो, मुन्ना खान, प्रमिला देवी ,जयसा देवी,संध्या केरकेट्टा ,सुषमा केरकेट्टा समेत अन्य शामिल थे.

### जमीन अधिग्रहण एवं हस्तांतरण के खिलाफ उलगुलान का आह्वान

# तितिरबिला कांड के विरोध में आदिवासी संगठनों ने की कल कोल्हान बंद की घोषणा

**सुनील शर्मा। जमशेदपुर**

**जन संपर्क अभियान चलाकर बंद का समर्थन करने की अपील**



बंद के समर्थन में जन संपर्क अभियान चलाते हुए.

कोल्हान प्रमंडल के दर्जनभर आदिवासी संगठनों ने 31 जुलाई को कोल्हान बंद की घोषणा की है. इसके लिए संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता जगह-जगह बैठकें कर जन संपर्क अभियान चला रहे हैं. सोमवार को संगठन के लोगों ने करनडीह में लोगों से बंद का समर्थन करने का आह्वान किया. इस दौरान बंद के समर्थन में पंपलेट बांटे. संगठन के जोसाई मार्डी एवं इंद्र हेंब्रम ने बताया कि कोल्हान में प्रशासनिक अधिकारी असंवैधानिक तरीके से आदिवासियों की जमीन का अधिग्रहण करा रहे हैं तथा इसे नियम विरूद्ध जाकर हस्तांतरित कर रहे हैं. कहा कि यह परिक्षेत्र लगभग 11548 वर्गक्षेत्र में फैला है. एशिया का सबसे बड़ा सारंडा जंगल भी यहीं अवस्थित है. लगभग कोल्हान के आधे भू-भाग पर बड़े कारखाना, जैसे टाटा ग्रुप की कंपनी, यूसिल, सेल, डीवीसी, एसीसी सिमेंट, एचसीएल, आईसीसी, गाजिया वाराज, सीतारामपुर डेम, डिमना लेक, चांडिल डैम् कुजू डैम, बुरुडीह डेम, स्वर्णरखा बहुउद्देशीय परियोजना, ईचा खडकाई परियोजना, रुंगटा माइंस, आदित्यपुर औधोगिक क्षेत्र, डैम, नहर तथा भारत सरकार के उपक्रम, खदान इत्यादि के लिए सरकार ने जमीन अधिग्रहण किया है. दोनों ने कहा कि अगर इसी तरह जमीन का अधिग्रहण एवं हस्तांतरण होता रहा तो कोल्हान की जियोग्राफी एवं डेमोग्राफी बदल गई है.

**संगठन की मांगों**

भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित हो, अनुसूचित क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण के पूर्व हातुमुंड, मानकी, माझीबाबा के द्वारा ग्राम सभा से पारित होने के बाद ही भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आरंभभ की जाय, सरना धर्म कोड प्रदान किया जाय, कोल्हान क्षेत्रों में बोली जाने वाले हो, मुंडारी एवं भुमिज भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाय, कोल्हान विश्वविद्यालय में पिछले एक वर्ष से वीसी, प्रो वीसी, एफओ, रजिस्ट्रार एवं सीसीडीसी के खाली पद भरे जाएं, आदिवासी क्षेत्रों में संविधान की पांचवी अनुसूची के अनुछेद 244 (1) में वर्णित प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाए.

**लाठी चार्ज की घटना के विरोध में बुलाया बंद :** इंद्र हेंब्रम एवं जोसाई मार्डी ने बताया कि कोल्हान में रैयतों को उनकी भूमि से बेदखल कर भूमिहीन बनाया जा रहा है. अधिकारी खुलेआम भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का उल्लंघन कर रहे हैं. 7 जून को सरायकेला-खरसावां जिले के तितिरबिला में पुलिस व प्रशासन के द्वारा रैयती जमीन पर स्थित घरों को ध्वस्त कर दिया गया. यही नहीं सरना स्थल और शासनदिरी (श्मशान स्थल) को भी ध्वस्त कर दिया गया. प्रशासन वहां सड़क चौड़ीकरण करना चाहता है. जबरन इस तरह की गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी. दोनों ने बताया कि इस मामले को लेकर प्रशासन के साथ 26 जून को वार्ता हुई.

## खूंटकट्टी रैयत रक्षा समिति ने की कोल्हान बंद पर चर्चा

**संवाददाता। चाईबासा**

खूंटकट्टी रैयत रक्षा समिति, सदर अनुमंडल के अध्यक्ष भलबद्र सवैया की अध्यक्षता में ग्रीन होटल के पास सोमवार को एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आगामी 31 जुलाई को आहूत कोल्हान बंद पर चर्चा की गई. मालूम हो कि कोल्हान बंद का आयोजन मुख्य रूप से तितिरबिला गांव में सड़क विस्तारीकरण के खिलाफ की गई है. तितिरबिला गांव के ग्रामीणों का कहना है कि उनका उस जमीन पर सासनदिरी स्थापित है, जो आदिवासी हो उपजातियों का मूल संस्कृति है. सड़क के नाम पर उस स्थल का खुदाई होने से जिस परिवार का सासनदिरी है उन परिवार के सदस्यों में बीमारी सहित अन्य तरह की घटनाएं हो रही हैं.

बैठक में रैयत संघर्ष समन्वय समिति, जगन्नाथपुर अनुमंडल के अध्यक्ष सुमंत ज्योति सिंकु ने कहा कि भारत के संविधान में सभी जातियों की संस्कृति को बचाए रखने का प्रावधान है. जिन नौकरशाह को संविधान का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए, वही अगर मनमानी और ज्यादती पर उतर आए तो हमारे पास अपनी संस्कृति को बचाने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों के आलोक में विरोध करने का अधिकार है. इसलिए नौकरशाह के मनमानी के खिलाफ अगर कोल्हान बंद का आयोजन किया गया है तो रैयत संघर्ष समन्वय समिति और खूंटकट्टी रैयत रक्षा समिति कोल्हान बंद का नैतिक समर्थन करती है. बैठक में खूंटकट्टी रैयत रक्षा समिति के सचिव केदार कालुंडिया, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र सवैया, रैयत सत्येन सवैया,सन्नी सिंकु उपस्थित थे.

## पासवा के अध्यक्ष आलोक दुबे ने सीएम को ज्ञापन सौंपा

**संवाददाता। रांची**



पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. उनके साथ पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव भी थे. उन्होंने आरटीई कानून में संशोधन को निरस्त करने एवं पोशाक भत्ता निजी विद्यालयों के गरीब बच्चों को भी उपलब्ध कराने को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा. प्रोजेक्ट भवन रांची में यह मुलाकात हुई. मुख्यमंत्री ने बहुत ही गंभीरता से झारखंड के निजी विद्यालयों की समस्याओं को सुना और आरटीई से संबंधित कठिन शर्तों पर विस्तृत चर्चा की गई. जमीन की बाध्यता के अनुपालन में निजी विद्यालयों को हो रही कठिनाइयों को विस्तार से समझाया गया.

## गुणानंद महतो ने थामा जेबीकेएसएस का दामन

**रांची।** भाजपा के कार्यसमिति सदस्य गुणानंद महतो ने सोमवार को जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस का दामन थाम लिया. धनबाद के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जयराम महतो ने गुणानंद महतो को माला पहनाकर स्वागत किया. पार्टी में शामिल होने के बाद गुणानंद महतो ने कहा कि राज्य गठन के 24 साल बाद भी झारखंडियों को हक और अधिकार नहीं मिला. खतियानधारियों के अधिकार के लिए जेबीकेएसएस सही मंच है. इस मंच से झारखंडियों के अधिकार के लिए आवाज उठाएंगे. झारखंड मांगे जयराम अभियान को सफल बनाया जाएगा.

## पीटीआर में विश्व बाघ दिवस का आयोजन

- प्रभात फेरी व रैली निकाली गयी
- बाघों को बचाने का लिया गया संकल्प
- पेड़ों में बांधा गया रक्षा सूत

**संवाददाता। लातेहार**



प्रभातफेरी में शामिल लोग.

पलामू व्याघ्र परियोजना के दक्षिणी वन प्रमंडल अंतर्गत गारू पूर्वी, पश्चिमी एवम बारेसाढ़ वन क्षेत्र में विश्व बाघ दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर गारू पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे के नेतृत्व मे जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई. कार्यक्रम में वन कर्मियों के अलावा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं समेत ग्रामीण भी सामिल थे, रैली में बाघ बचाव, जीवन को बचाव, बाघ हमारा देश की शान है, उसे बचाना जरुरी है, बाघ है तो जंगल है, जंगल है तो जीवन है, उसे बचाना हमारा कर्तव्य है आदि के नारे लगाये. रैली गारू पूर्वी वन क्षेत्र कार्यालय से बाजार होते हुए हेसग गांव तक गई. समापन समारोह को पूर्वी के रेंजर उमेश कुमार दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व बाघ दिवस के अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना होगा कि जंगल के एक भी वृक्ष की कटाई नहीं करेंगे और जंगली जानवरों का संरक्षण करेंगे. जंगल है तो जानवर हैं, जंगल है तो जीवन है तभी हम सभी जीवित हैं. इधर बारेसाढ़ वन क्षेत्र में वनपाल प्रमजीत तिवारी के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई श्री. तिवारी के नेतृत्व में पेड़ो को रक्षा सूत्र बांध कर बचाने का संकल्प लिया गया, गारू पश्चिमी वन क्षेत्र के मारोमार सब बीट परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर वनपाल रंजय कुमार, वनरक्षी रूपेश कुमार, विवेक कुमार, रोहित कुमार, बिपीन कुमार, कौशल कुमार, चन्दन कुमार,रवि कुमार, नीरज कुमार अरुण कुमार सिंह समेत काफी संख्या में वन कर्मी टेकर गार्ड शामिल थे.

## योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : विनोद पांडेय

**विशेष संवाददाता। रांची**



विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झामुमो का जिलावार बैठक जारी है. सोमवार को हरमू सोहराई भवन में बोकारो और धनबाद जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. इसमें राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित कर योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया. केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बैठक में आए कार्यकर्ताओं के मन में राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं के संबध में उठ रहे जिज्ञासाओं को शांत किया तथा संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने की बात कही.बैठक में बोकारो व धनबाद जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव, नगर,महानगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड समिति के पदाधिकारी तथा पंचायत समिति के अध्यक्ष तथा सचिव शामिल हुए.

**खास बातें**

- विस चुनाव के मद्देनजर झामुमो का जिलावार बैठक जारी
- बोकारो-धनबाद जिला पंचायत स्तरीय हुई बैठक

### समस्या | मझिआंव रेफरल अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की टीम गांवों में कर रही कैंप

# कांडी प्रखंड के लोग डायरिया से ग्रसित, एक की मौत

**संवाददाता। कांडी(गढ़वा)**



चापाकल से पानी का नमूना लेते कर्मी.

प्रखंड के मोखापी गांव में डायरिया थमने का नाम नहीं ले रहा है बल्कि और तेजी से पांव पसारते जा रहा है. रविवार की रात में सदर अस्पताल गढ़वा में इलाजरत 67 वर्षीय कोदू महतो ने दम तोड़ दिया. जबकि अभी भी दर्जनों की संख्या में रेफरल अस्पताल मझिआंव में भर्ती हैं. कोदू मेहता की तबीयत अचानक 27 जुलाई को खराब हुआ. उसके बाद रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया. जहां दो घंटे के उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. वहीं 28 जुलाई की मध्य रात्रि में कोदू मेहता की मौत हो गई. मृतक के पुत्र अनुज कुमार जानकारी देते हुए बताया कि घर में और सदस्यों की तबीयत खराब है. जिसमें मां फुलमनी देवी उम्र 64 वर्ष, उषा देवी उम्र 30 वर्ष, सुनीता देवी उम्र 28 वर्ष पति सत्येंद्र मेहता, निक्की देवी उम्र 27 वर्ष अनुज मेहता, अभिज्ञान कुमार उम्र 10 वर्ष पिता वीरेंद्र मेहता, आयुष कुमार उम्र नव वर्ष, रानी कुमारी उम्र 5 वर्ष दोनों पिता सतेंद्र मेहता का नाम शामिल है. जिनका इलाज रेफरल अस्पताल मझिआंव और सदर अस्पताल गढ़वा में चल रहा है. इसी तरह सूर्यदेव राम पिता खेलावन राम, नागेंद्र यादव पिता गोविंद यादव, अयोध्या यादव पिता दुखी यादव के घर में कई सदस्यों की तबीयत खराब चल रही है. वही मझिआंव रेफरल अस्पताल स्वास्थ्य विभाग की टीम सोमवार को डॉ विशाल कुमार के नेतृत्व में मोखापी पहुंचा. जिसमें सीएचओ महिपाल, एमपीडब्ल्यू कृष्ण कुमार सिंह, एएनएम रिंचू कुमारी, पूनम कुमारी सहिया साथी आशा देवी के द्वारा लोगों का जांच किया गया. इसके साथ ही सुशीला देवी उम्र 55 वर्ष, फुलवा देवी उम्र 85 वर्ष को भी पानी चढ़ाया गया. इसके साथ लगभग 52 की संख्या में गांव के लोगों को जांच कर दवा वितरण किया गया. पीएचडी के एसडीओ शाहनवाज हुसैन के नेतृत्व में एक टीम ने मोखापी गांव के सभी चापाकल के पानी का नमूना संग्रह कर जांच के लिए लेकर गयी. मौके पर उपस्थित जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने मौके पर रहकर पानी का नमूना संग्रह कराया. मौके पर कनीय अभियंता धर्मेन्द्र कुमार, केमिष्ट संजीव कुमार, सेम्पल टेकर असर्फी राम, अशोक कुमार लाल, शशि श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे.

## धुरकी में हाथियों ने वृद्ध को कुचलकर मार डाला



**संवाददाता। धुरकी(गढ़वा)**

थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार पंचायत के कदवा (लिखनीधौरा) गांव के वृद्ध आदिम जनजाति को जंगली हाथियों ने कुचलकर मार डाला. मृतक की पहचान सकुराज कोरवा (65) वर्ष के रूप में की गई है. घटना की खबर सुनने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी. वहीं ग्रामीणों में दहशत का भी माहौल है. ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग और थाना प्रभारी को दिया. जिसके बाद वनपाल प्रमोद यादव व थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सब इंस्पेक्टर विक्कू कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली. वहीं वन विभाग की टीम ने मृतक के परिजन को तत्काल सहायता के रूप में दस हजार रुपए प्रदान किया. साथ ही चार लाख रूपए मुआवजा के रूप में देने की बात कही. जानकारी के अनुसार मृतक लकड़ी चुनने के लिए जंगल गया हुआ था. जहां एक जंगली हाथी ने उस पर हमला कर दिया. इस दौरान उसे कुचल-कुचल के मार डाला.

**In The Court of Sri Praveen Kumar Executive Magistrate Bermo at Tenughat**

**AFFIDAVIT**

I, **UNESHWARI DEVI,** Wife of Saryu Patwa, aged about- 81 years, Resident of village- Hazari, Patwa Tola, Post- Swang, P.S.- Gomia, District- Bokaro (Jharkhand) Aadhar No. 5950 1479 3887 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That, my actual and correct name is UNESHWARI DEVI which is mentioned in my Aadhar Card vide No. 5950 1479 3887.
3. That, in my Saving Bank Account of Bank of India Branch- Swang Colliery, vide A/c No. 489810110002539 my name has been mentioned as ATESHWAR DEVI.
4. That, both names as **UNESHWARI DEVI** and **ATESHWAR DEVI** are of one and same woman i.e. myself.
5. That, I am swearing this affidavit to rectify my name as **UNESHWARI DEVI** in place of **ATESHWAR DEVI** in my aforesaid Bank Account and to produce it before authority concern for needful purpose.
6. That, the contents made in this affidavit are true and correct, if same is found false then, I shall be liable to be punished in the eye of law.

Affidavit No. 934 Dt. 23.02,24

## शहीदों को श्रद्धांजलि : डेयरडेविल्स ने 10800 फीट की ऊंचाई पर मानव पिरामिड बना कायम किया विश्व रिकॉर्ड



सिग्नल कोर के डेयरडेविल्स ने कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए 7 मोटरसाइकिलों पर 10800 फीट की ऊंचाई पर पांच किमी की दूरी तय करके 31 योद्धाओं का मानव पिरामिड बनाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया. भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है. इस दिन भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 84 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ. प्रेट्र

### दिल्ली हाईकोर्ट में सीबीआई ने किया बड़ा दावा, अदालत ने जमानत पर अपना फैसला सुरक्षित रखा

# केजरीवाल के खिलाफ आप नेताओं ने ही दिए सबूत

एजेंसियां। नयी दिल्ली

कथित शराब घोटाला केस में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. सीबीआई केस में जमानत के लिए दायर केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को जोरदार बहस हुई. सीबीआई ने जहां केजरीवाल को घोटाले का मास्टमाइंड बताया, तो वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री के वकील ने कहा कि जांच एजेंसी के पास कोई सबूत नहीं है. सीबीआई ने यह भी कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पिछले एक महीने में उन्हें बहुत सबूत मिले हैं और इसे उपलब्ध करानेवालों में आम आदमी पार्टी के नेता भी शामिल हैं. जस्टिस नीना बसंल कृष्णा की अदालत में केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सीबीआई की इस दलील का विरोध किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को जमानत के लिए पहले ट्रायल कोर्ट जाना चाहिए.सीबीआई ने अदालत को बताया अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दायर की जा चुकी है. एजेंसी ने कहा कि सिर्फ चार्जशीट दायर हो जाने से उन्हें जमानत का अधिकार नहीं मिल जाता है.

### गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल के खिलाफ सामने आए सबूत



सीबीआई ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें नए सबूत मिले हैं. सीबीआई के वकील ने कहा, गिरफ्तारी के बाद हमें सबूत मिले हैं. उनकी पार्टी के कार्यकर्ता और उम्मीदवार ही जवाब देने सामने आ गए. ये पहले नहीं आ रहे थे. हमें पंजाब से सबूत मिले हैं, जो पहले सामने नहीं आए थे. उनकी गिरफ्तारी रेयर है, लेकिन हमारे पास पर्याप्त सबूत है. पिछले एक महीने में जिस तरह के सबूत मिले हैं... हमने जांच पूरी कर दी और चार्जशीट दायर कर दी. सीबीआई के वकील ने कहा, हमने इस केस में 44 करोड़ रुपए का पता लगाया है. यह पैसा गोवा गया. खुद केजरीवाल ने अपने उम्मीदवारों से कहा था कि पैसे की चिंता ना करें, चुनाव लड़ें.

### अरविंद केजरीवाल ही सूत्रधार : सीबीआई

सीबीआई ने कहा, वह (केजरीवाल) शराब घोटाले के सूत्रधार (मास्टरमाइंड) हैं. सभी मंत्रियों की नियुक्ति उन्होंने की है. उन्होंने अपने सचिवों की नियुक्ति की और विजय नायर इसका हिस्सा हैं. वह मीडिया कॉर्डिनेटर थे. वकील डीपी सिंह ने विजय नायर की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि वे अरविंद केजरीवाल के संपर्क में थे. सीबीआई के वकील ने कहा, केजरीवाल कैबिनेट के मुखिया हैं. उन्होंने इस पर हस्ताक्षर (आबकारी नीति पर) किए. उन्हें साथियों को दिया और सभी ने एक दिन में ही साइन कर दिया. यह कोविड के दौरान किया गया.

### फाइनल चार्जशीट दायर अब ट्रायल के लिए तैयार

सीबीआई ने सीधे हाईकोर्ट में जमानत पर सुनवाई का विरोध करते हुए कहा कि कुछ परिस्थितियों में ऐसा किया जा सकता है, लेकिन हाईकोर्ट जमानत के लिए पहली अदालत नहीं हो सकती है. सीबीआई ने कहा कि आखिरी चार्जशीट दायर की जा चुकी है और अब एजेंसी ट्रायल शुरू करने के लिए तैयार है.

### तो एलजी व अफसरों को भी बनाना चाहिए सह आरोपी

केजरीवाल के वकील सिंघवी ने एक बार फिर कहा कि यह इंश्योरेंस अरेस्ट है. ईडी केस में केजरीवाल को तीन बार जमानत मिली, एक या दूसरे रूप में. सेक्शन 160, सीआरपीसी का संबंध गवाह से है और उन्हें सीबीआई ने इसी के तहत बुलाया था. 2023 में गवाह के तौर पर बुलाया गया. फिर कोई समन नहीं, कुछ नहीं और 2024 में गिरफ्तार कर लिया. मेरे खिलाफ कोई सीधा सबूत नहीं है. वे विजय नायर का नाम लेते हैं, जिसे बहुत पहले जमानत मिल चुकी है. उन्होंने मुझे सूत्रधार कहा. लेकिन इस सूत्रधार पर एक भी चीज का खुलासा नहीं. यह संस्थागत फैसला था. सीबीआई ने कहा कि केजरीवाल ने इस पर हस्ताक्षर किए. हां, लेकिन 15 अन्य लोगों ने भी साइन किए.

## ब्रीफ खबरें

### बूढ़ा केदार में फंसे 21 कांवड़ियों को बचाया

**देहरादून।** भारी बारिश के बीच टिहरी जिले के बूढ़ा केदार क्षेत्र में भटक गए 21 कावड़ियों को राज्य आपदा प्रतिवादन बल ने सोमवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. जानकारी के अनुसार, रविवार रात नौ बजे के आसपास बूढ़ा केदार क्षेत्र में 21 कावड़ियों के एक समूह के गंगोत्री से लौटते समय रास्ता भटकने की सूचना मिली जिसके बाद तत्काल, उप निरीक्षक दीपक जोशी के नेतृत्व में एसडीआरएफ के एक दल को रवाना किया गया.

### कांवड़िये को थप्पड़ मारने पर कांस्टेबल निलंबित

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण के सांभर थाना क्षेत्र में एक कांवड़िये को थप्पड़ मारने के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कांवड़िये को थप्पड़ मारने के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है. कावड़िये रविवार रात एक नजदीकी गांव से गुजर रहे थे, तभी 'डीजे' पर तेज आवाज में संगीत बजाने की शिकायत पर पुलिस ने वाहन को रुकवाया और संगीत बंद करने को कहा था.

### ज़मीन हड़पने के आरोप में पत्रकार गिरफ्तार

**कानपुर ।** कानपुर पुलिस ने स्थानीय समाचार चैनल से जुड़े एक पत्रकार को सिविल लाइंस इलाके में सरकारी जमीन हड़पने के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस ने रविवार को बताया कि गिरफ्तारी शनिवार की रात की गयी. पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार पत्रकार और 13 अन्य लोगों के खिलाफ राजस्व लेखपाल और जमीन के कथित मालिक सैमुअल गुरुदेव सिंह ने कोतवाली पुलिस में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है.

### भाजपा नेता के स्वागत पर कांग्रेसी निलंबित

**इंदौर।** कांग्रेस कार्यालय में सूबे के काबीना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के स्वागत को "अनुशासनहीनता" करार देते हुए कांग्रेस संगठन ने पार्टी की शहर और जिला इकाई के अध्यक्षों को निलंबित कर दिया है. विजयवर्गीय, इंदौर में आयोजित पौधारोपण अभियान में शामिल होने का न्योता देने 12 जुलाई को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय गए थे और कांग्रेस नेताओं को उनकी जमकर आवभगत करते देखा गया था. चाय-नाश्ते के वक्त कांग्रेस नेताओं ने विजयवर्गीय के साथ खूब ठहाके भी लगाए थे.

### बैठक : स्वतंत्र व शांतिपूर्ण हिंद प्रशांत की दिशा में काम करने का संकल्प

# क्वाड के मंच से चीन को संदेश

एजेंसी। टोक्यो

भारत समेत 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के सदस्य देशों ने सोमवार को स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत को लेकर अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि किसी भी देश को दूसरे देश पर हावी नहीं होना चाहिए तथा प्रतिस्पर्धा का जिम्मेदारी से प्रबंधन किया जाना चाहिए. 'क्वाड' के इस बयान को चीन के लिए एक स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है.

बैठक में 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों ने स्वतंत्र एवं खुली नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने और राष्ट्रों की स्वतंत्रता, मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का सम्मान करने का भी आह्वान किया. इस बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने हिस्सा लिया. बयान में मंत्रियों ने कहा, 'क्षेत्रीय शांति, स्थिरता एवं समृद्धि में योगदान देने में सभी देशों की भूमिका है. हम एक ऐसा क्षेत्र चाहते हैं, जिसमें किसी देश का प्रभुत्व न हो और कोई देश किसी अन्य देश पर हावी न हो, प्रतिस्पर्धा का प्रबंधन जिम्मेदारी से किया जाए, हर देश सभी प्रकार के दबाव से मुक्त हो और अपने भविष्य को खुद निर्धारित कर सके.' क्वाड ने स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में काम करने का भी संकल्प लिया.

इस क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में चीन की सैन्य मौजूदगी में वृद्धि देखी गई है.



### एस जयशंकर ने कहा-नियम आधारित व्यवस्था के लिए काम कर रहा 'क्वाड'

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 'क्वाड' देशों के विदेश मंत्रियों के संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'क्वाड' केवल बातचीत करने का मंच नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है, जो व्यावहारिक परिणाम पैदा करता है. विदेश मंत्री ने कहा, 'उदाहरण के लिए, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत संबंधी हमारी बातचीत हमारी नौसेनाओं के बीच समझ और मानक संचालन प्रक्रियाओं में प्रतिबिंबित होती है. 'क्वाड' से शुरू हुई 'हिंद प्रशांत समुद्री क्षेत्र जागरूकता' पहल आज सूचना एकत्र करने वाले केंद्रों को जोड़ती है. 'ओपन-आरएएन' (रेडियो एक्सेस नेटवर्क), जिसके बारे में हमने बहुत बात की है, पलाऊ में तैनात किया जा रहा है. मॉरीशस में जल्द ही अंतरिक्ष आधारित जलवायु चेतावनी प्रणाली शुरू की जाएगी.

### जापानी प्रधानमंत्री व ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से सोमवार को मुलाकात कर उनसे 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) से संबंधित मामलों तथा भारत-जापान संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर विचार विमर्श किया. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'आज टोक्यो में 'क्वाड' के अन्य विदेश मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री किशिदा से मुलाकात करना सम्मान की बात है. जयशंकर ने सोमवार को टोक्यो में अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से भी मुलाकात की. इस दौरान, दोनों नेताओं ने सुरक्षा, व्यापार एवं शिक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और हिंद-प्रशांत में व्यावहारिक सहयोग को गहरा करने के कदमों पर चर्चा की.

मंत्रियों ने कहा, 'हम एक ऐसे स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए 'क्वाड' की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जो समावेशी और लचीला हो. हम स्वतंत्रता, मानवाधिकारों, कानून के शासन, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति अपने मजबूत समर्थन के साथ स्वतंत्र और खुली नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता को लेकर एकजुट हैं.' भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया ने नवंबर 2017 में 'क्वाड' की स्थापना की थी, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को किसी भी प्रभाव से मुक्त रखने के लिए एक नयी रणनीति विकसित की जा सके. दक्षिण चीन सागर हिंद और प्रशांत महासागरों के बीच स्थित है.

### दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया आदेश- कोविड की दवा का प्रचार तुरंत हटाएं

# कोर्ट से रामदेव को फिर झटका

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को योग गुरु रामदेव को कोविड-19 के इलाज के लिए 'कोरोनिल' के इस्तेमाल से संबंधित कुछ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट हटाने का निर्देश दिया. न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि वह रामदेव के खिलाफ चिकित्सकों के कई संघों द्वारा दायर याचिका को स्वीकार कर रहे हैं.

जज ने कहा, कुछ आपत्तिजनक पोस्ट और सामग्री को हटाने के निर्देश दिए जाते हैं. प्रतिवादी को तीन दिनों में उन ट्वीट को हटाने के निर्देश दिए जाते हैं. कोर्ट ने कहा कि अगर निर्देश का पालन नहीं किया जाता है, तो सोशल मीडिया मंच एक्स इस सामग्री को हटा देगा. यह याचिका रामदेव, उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ चिकित्सक संघों द्वारा दायर 2021 के मुकदमे का एक हिस्सा है. न्यायमूर्ति भंभानी ने पक्षकारों को सुनने के बाद 21 मई को इस मुद्दे पर आदेश सुरक्षित रख लिया था. मुकदमे के अनुसार, रामदेव ने 'कोरोनिल' के संबंध में अप्रमाणित दावे करते हुए इसे कोविड-19 की दवा बताया था, जबकि इसे केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की दवा के तौर पर लाइसेंस दिया गया था.

चिकित्सक संघों ने आरोप लगाया है कि रामदेव द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों की बिक्री को बढ़ाने के लिए गलत सूचना के आधार पर अभियान चलाया गया, जिसमें 'कोरोनिल' भी शामिल है. 'कोरोनिल' को कोविड-19 के लिए एक वैकल्पिक उपचार होने का दावा किया गया था.

### बंबई हाई कोर्ट का अंतरिम आदेश की अवहेलना पर फैसला

## पतंजलि पर ट्रेडमार्क उल्लंघन मामले में चार करोड़ रुपये का लगा जुर्माना



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने 2023 के एक अंतरिम आदेश की अवहेलना के लिए सोमवार को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड पर चार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. आदेश में मंगलम ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा दायर 'ट्रेडमार्क' उल्लंघन मामले के संबंध में पतंजलि के कपूर उत्पाद बेचने पर रोक लगाई गई थी. न्यायमूर्ति आरआई चागला की एकल पीठ ने कहा कि पतंजलि ने अदालत के आदेश का "जानबूझकर" उल्लंघन किया. पीठ ने कहा कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पतंजलि का इरादा अदालत के आदेश का उल्लंघन करने का था.

पीठ ने मंगलम ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा दायर याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें अदालत की रोक के बावजूद कपूर उत्पाद बेचने के लिए पतंजलि के खिलाफ अवमानना कार्रवाई का अनुरोध किया गया था. न्यायमूर्ति चागला ने पतंजलि को दो सप्ताह में चार करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया. इससे पहले, इस महीने की शुरुआत में अदालत ने कंपनी को 50 लाख रुपये जमा करने का निर्देश दिया था. मंगलम ऑर्गेनिक्स ने अपने कपूर उत्पादों के 'कॉपीराइट' के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए पतंजलि के खिलाफ मुकदमा दायर किया था. मंगलम ऑर्गेनिक्स ने बाद में एक आवेदन दायर कर दावा किया था कि पतंजलि अंतरिम आदेश का उल्लंघन करते हुए कपूर उत्पाद बेच रही है.

### कबाड़ी की दुकान में हुई विस्फोट में चार लोगों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के सोपोर इलाके में सोमवार को कबाड़ी की एक दुकान में विस्फोट हो गया जिसमें चार लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. विस्फोट की यह घटना बारामूला जिले के सोपोर कस्बे के शेर कॉलोनी में एक कबाड़ी की दुकान के अंदर हुई. अधिकारियों ने बताया घटना के दौरान कुछ लोग ट्रक से कबाड़ उतार रहे थे. उन्होंने बताया कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने बाद में दम तोड़ दिया. मृतकों की पहचान नजीर अहमद नादरू (40), आजीम अशरफ मीर (20), आदिल राशिद भट (23) और मोहम्मद अजहर (25) के रूप में हुई है. सभी पीड़ित शेर कॉलोनी के निवासी थे.

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष ने लगाया अनियमितता का आरोप

# निकोलस मादुरो विजेता घोषित

एजेंसी। काराकस

वेनेजुएला में रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में निकोलस मादुरो को विजेता घोषित किया गया. हालांकि, विपक्षी नेता नतीजों का विरोध करने की तैयारी कर रहे हैं. मध्यरात्रि के बाद राष्ट्रीय चुनाव परिषद ने बताया कि मादुरो को 51 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि मुख्य विपक्षी उम्मीदवार एडमुंडो गोंजालेज के खाते में 44 फीसदी वोट गए हैं. मादुरो के वफादारों द्वारा नियंत्रित चुनाव प्राधिकरण ने अभी तक 30,000 मतदान केंद्रों के आधिकारिक मतदान आंकड़े जारी नहीं किए हैं, जिससे विपक्ष नतीजों की पुष्टि नहीं



कर पा रहा है. विदेशी नेताओं ने अभी परिणामों को मान्यता नहीं दी है क्योंकि चुनाव परिषद ने 'आगामी घंटों' में आधिकारिक आंकड़ें जारी करने का वादा किया है. चिली के वामपंथी नेता गैब्रियल बोरिक ने कहा, 'मादुरो सरकार को यह समझना चाहिए कि जो नतीजे उसने प्रकाशित किए हैं, उन पर विश्वास कर पाना मुश्किल है.' अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने टोक्यो में कहा कि उनके देश को 'गंभीर चिंता है कि घोषित किए गए नतीजे वेनेजुएला के लोगों की इच्छा या वोटों को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं.' जब मादुरो अंततः नतीजों का जश्न मनाने के लिए बाहर आए, तो उन्होंने अज्ञात विदेशी दुश्मनों पर मतदान प्रणाली को हैक करने की कोशिश करने का आरोप लगाया. उन्होंने राष्ट्रपति आवास में मौजूद कुछ सैकड़ों समर्थकों से कहा, 'यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने इस देश की शांति भंग करने की कोशिश की है.'

### पंचायत के आदेश पर महिला के बाल काटे व मुंह पर कालिख पोती

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां थाना क्षेत्र में कथित रूप से पंचायत के फरमान पर एक महिला को पेड़ से बांधकर उसके बाल काट दिए गए और मुंह पर कालिख पोत दी गई. पुलिस ने इस मामले में 20 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है. अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) संजय राय ने सोमवार को बताया कि हथिगवां थाना क्षेत्र के छोटकी इब्राहिमपुर गांव में एक विवाहिता का अपने ही गांव के एक विवाहित व्यक्ति से कथित तौर पर प्रेम प्रसंग था. राय के अनुसार, 'प्रेम प्रसंग का पता लगने पर महिला का पति मुंबई से लौटा. रविवार को महिला के मायके के लोगों की मौजूदगी में पंचायत बुलाई गई. पंचायत में महिला और उसका प्रेमी भी मौजूद था.'

### सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक कदम , 3 अगस्त तक हर दिन आयोजित होगी

# शुरू हुई विशेष लोक अदालत

शुभम संदेश न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या कम करने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली विशेष लोक अदालत शुरू की है. लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगेगी. लोक अदालत हर दिन दोपहर 2 बजे के बाद आयोजित की जाएगी और मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीश, एक वरिष्ठ वकील और एक एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड होंगे. इस मौके पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस पूरे हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की 7 बेंचों द्वारा लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है. आज हमारा अनुभव यह था



कि यह एक ज़बरदस्त सफलता थी. लोक अदालत जिसमें बार, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का सहयोग है और उच्च न्यायालयों, राज्य सरकारों और बीमा कंपनियों द्वारा व्यापक जमीनी काम किया गया है. सीजेआई ने आगे कहा कि विचार यह है कि छोटे-छोटे मामले निपटाए जाएं. लोगों को पता ही नहीं चलता कि सुप्रीम कोर्ट में छोटे-छोटे मामले कैसे आते हैं.

### वरिष्ठ वकील सिब्बल ने बताया ऐतिहासिक दिन

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि मुझे लगता है कि यह ऐतिहासिक दिन है. इस न्यायालय के इतिहास में पहले कभी नहीं, न्यायालय छोटे-छोटे मामलों के लिए उन लोगों तक पहुंचा है जो वर्षों तक लंबित रहते हैं. यह न्यायालय की मानसिकता को दर्शाता है कि वे कैसे सबसे गरीब लोगों तक पहुंचना चाहते हैं जो वर्षों तक इस मुकदमे से निपटने में सक्षम नहीं हैं, जिला-स्तरीय कानूनी सेवा प्राधिकरण तक पहुंचें, प्रयास करें और उन्हें हल करें, और फिर उन मामलों के अंतिम समाधान के लिए इसे यहां भेजें.

### आम चुनाव : मुंबई में जन्मे लेखक सलमान रुश्दी ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार का किया समर्थन

# हैरिस को सफल बनाना होगा, क्योंकि हम ट्रंप को जीतने नहीं दे सकते

एजेंसी। न्यूयॉर्क

मुंबई में जन्मे लेखक सलमान रुश्दी ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस का समर्थन करते हुए कहा है कि उपराष्ट्रपति हैरिस ही वह व्यक्ति हैं जो पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को देश को सत्तावाद की ओर ले जाने से रोक सकती हैं. रुश्दी ने रविवार को एक डिजिटल कार्यक्रम 'साउथ एशियन मेन फॉर हैरिस' के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैरिस के प्रति अपना समर्थन जताया. इसमें सांसदों, लेखकों, नीति विशेषज्ञों, उद्यमियों और प्रवासी संगठनों सहित भारतीय-अमेरिकी समुदाय की कई प्रमुख





हस्तियां शामिल हुईं. रुश्दी ने कहा, 'यह एक महत्वपूर्ण क्षण है. मैं बंबई का लड़का हूं और एक भारतीय महिला को 'व्हाइट हाउस' के लिए चुनाव लड़ते देखकर बहुत अच्छा लग रहा है. मेरी पत्नी अफ्रीकी-अमेरिकी है, इसलिए हमें यह बात पसंद है कि एक अश्वेत और भारतीय महिला 'व्हाइट हाउस' के लिए चुनाव लड़ रही है.' हैरिस अमेरिका में नवंबर में प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार हैं. उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के इस दौड़ से हटने के बाद पिछले सप्ताह राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की थी.

### डोनाल्ड ट्रंप में एक भी अच्छा गुण नहीं, वह देश को सत्तावाद की ओर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं

रुश्दी ने कहा कि उनके समर्थन का आधार केवल जातीयता नहीं है. उन्होंने उपराष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार जेडी वेंस की भारतीय-अमेरिकी पत्नी और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व भारतीय-अमेरिकी गवर्नर का जिक्र करते हुए कहा, 'हम ऊषा वेंस या निक्की हेली के लिए इस तरह एकत्र नहीं होते.' रुश्दी ने कहा कि यह जोश इसलिए है क्योंकि एक सप्ताह के भीतर ही अमेरिकी राजनीति में कुछ 'असाधारण, परिवर्तनकारी' घटित हुआ है. उन्होंने कहा, 'उम्मीदवार के तौर पर कमला हैरिस के आने से बातचीत का रुख पूरी तरह से बदल गया है और यह आशावाद और सकारात्मक, दूरगामी सोच के साथ बदला है.' रुश्दी ने जोर दिया कि समुदाय को हैरिस को सफल बनाना होगा क्योंकि 'हम विकल्प को जीतने नहीं दे सकते.' उन्होंने रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा, 'वह एक ऐसे खोखले आदमी हैं जिनमें एक भी अच्छा गुण नहीं है और वह इस देश को सत्तावाद की ओर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं. ऐसा नहीं हो सकता.' रुश्दी ने कहा कि हैरिस ही वह व्यक्ति हैं जो ट्रंप को रोक सकती हैं.'

### पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर ने राष्ट्रपति पद के लिए हैरिस का समर्थन किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर ने मध्यम वर्ग और जलवायु संबंधी मुद्दों के पक्ष में तेल और गैस अधिकारियों के खिलाफ खड़े होने के कमला हैरिस के लंबे रिकॉर्ड का हवाला देते हुए नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के रूप में उनका समर्थन किया है. अल गोर ने रविवार को एक बयान में कहा, 'इस वर्ष के चुनाव में अमेरिका तथा विदेशों में लोकतंत्र को मजबूत करने से लेकर अमेरिकी लोगों के लिए अवसरों का विस्तार करने, जलवायु परिवर्तन से निपटने में तेजी लाने तक बहुत कुछ दांव पर लगा है - मुझे राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस का समर्थन करने पर गर्व है.'

# अफजाल अंसारी को हाई कोर्ट से मिली राहत, सांसद बने रहेंगे

- बीजेपी विधायक कृष्ण नंद राय की हत्या के मामले में निचली अदालत का फैसला किया रद

एजेंसी। प्रयागराज



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गाजीपुर की एक अदालत द्वारा गैंगस्टर कानून के एक मामले में सांसद अफजाल अंसारी की दोषसिद्धि और उन्हें सुनाई गई चार साल की सजा को सोमवार को रद्द कर दिया है. इस निर्णय के बाद अफजाल अंसारी की सांसदी पर खतरा समाप्त हो गया और वह सांसद बने रहेंगे. वर्ष 2005 में भारतीय जनता पार्टी विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के बाद अफजाल पर यह मामला दर्ज किया गया था. इसके साथ ही अदालत ने इसी मामले में अफजाल की सजा बढ़ाने की उत्तर प्रदेश सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष कुमार राय की अपील भी खारिज कर दी है. न्यायमूर्ति एसके सिंह ने गाजीपुर की अदालत के निर्णय को रद्द करने का आदेश पारित किया. सांसद-विधायक अदालत ने 29 अप्रैल 2023 को अफजाल को गैंगस्टर कानून के मामले में दोषी करार दिया था और उन्हें चार साल की जेल की सजा सुनाई थी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)